CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

नई दिल्ली, मंगलवार 17 फरवरी 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 317 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



फॉर्म-7 के जरिये पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश यादव पेज 2



टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान खेल टाइम्स



गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे! सम्पादकीय



यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार ! पेज 12

# एआई इम्पैक्ट समिट का प्रधानमंत्री मोदी ने किया इनॉगरेशन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में सोमवार 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा।

समिट के साथ-साथ इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगी। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में एआई से खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है। इंफो एज के फाउंडर और एग्जीक्यूटिव वॉइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने कहा कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम करने की क्षमता (प्रोडक्टिविटी) को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे एआई टूल्स को अपनाएं, वरना वे पीछे छूट सकते हैं। सिस्को सिस्टम्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर हरीश कृष्णन ने कहा कि एआई आने वाली पीढ़ियों के लिए समाज में सुधार कर रहा है और इंसानी क्षमताओं को बेहतर बनाने में मदद कर रहा है। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के पूर्व सीईओ विनीत नायर बोले कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के मौके भी पैदा करेगा।

- दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में शुरू
- 300 से ज्यादा कंपनियां दिखा रहीं एडवांस गैजेट्स, खेती, पढ़ाई और सेहत पर फोकस रहेगा

## स्टार्टअप्स लीडर्स से मुलाकात

देश-विदेश के स्टार्टअप्स अपने अनोखे प्रोडक्ट्स पेश करेंगे। आम लोग इन इनोवेटर्स से सीधे बात कर सकेंगे और समझ सकेंगे कि भविष्य की तकनीक कैसी होगी। एक्सपीरिएंस जोन- समिट में कई थीमैटिक पवेलियन बनाए गए हैं।

यहां लोग खुद एआई पॉवर्ड मशीनों और सॉफ्टवेयर का अनुभव ले सकेंगे, जैसे स्मार्ट हेल्थ मॉनिटरिंग और एआई ट्यूटर।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को अब मजबूत करने का समय : सर्जियो गोर

**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि अमेरिकी हिंद-प्रशांत कमांड के एडमिरल सैमुअल पापारो की भारत यात्रा से अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है। राजदूत गोर ने कमांडर पापारो का भारत में स्वागत किया और दोनों देशों के बीच रक्षा साझेदारी को और गहरा करने के महत्व पर प्रकाश डाला। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री गोर ने कहा कि अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी का विस्तार करने के लिए एडमिरल पापारो के भारत आगमन पर मुझे बहुत खुशी है। अब हमारे दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को मजबूत करने का समय है।

### 'हैमर' हथियार प्रणाली स्थापित करेंगी बीईएल और फ्रांस की एसईडी

**नई दिल्ली।** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांस की सफरान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (एसईडी) ने 'हैमर' हथियार प्रणाली के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने का समझौता किया है। यह करार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

### उप्र में जेंडर व विषय कोड की त्रुटियों का होगा सुधार

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उप्र ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व परीक्षार्थियों के जेंडर कोड और विषय विवरण में पाई गई त्रुटियों को गंभीरता से लेते हुए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षा 18 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रही है और कई जनपदों से परीक्षार्थियों के जेंडर कोड तथा विषयों में त्रुटियों की शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

### थोक मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** सब्जियों, फलों और धातुओं के दाम बढ़ने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर जनवरी में बढ़कर 1.81 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो मार्च 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। दिसम्बर 2025 में थोक महंगाई दर 0.83 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी एक साल पहले की तुलना में सब्जियों के दाम 6.78 प्रतिशत और फलों के 1.78 प्रतिशत बढ़ गए। दूध की कीमत में 2.51 फीसदी और अंडों, मांस तथा मछलियों के दामों में 3.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

## गुजरात के 32 स्कूलों को बमों से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिये बम की धमकी दी गई है। इसमें वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।

# हिमंता शूटिंग मामला: सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इन्कार

## कहा: चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया, इसे प्लेग्राउंड मत बनाइए

- असम के सीएम पर कार्रवाई की मांग
- याचिकाओं पर कोर्ट ने पूछा: पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के वायरल वीडियो मामले में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूछा कि पहले गुवाहाटी हाईकोर्ट क्यों नहीं गए। कोर्ट ने हाईकोर्ट की अधिकारिता को कमतर न आंकने की सलाह दी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि हर चुनावी विवाद सीधे सुप्रीम कोर्ट में लाना एक चिंताजनक प्रवृत्ति बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि असम में आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर कई राजनीतिक मुद्दे अदालत तक पहुंच रहे हैं, जो उचित नहीं है। अदालत ने पक्षकारों से संवैधानिक मर्यादा और संयम बनाए रखने की नसीहत दी। अब इस मामले में -शेष पृष्ठ दो पर

### सबरीमाला में महिलाओं के साथ भेदभाव मामले में नौ जजों की पीठ गठित, सात अप्रैल से होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की 9 न्यायाधीशों की बेंच 7 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के भेदभाव के मामलों पर सुनवाई शुरू करेगी। इस मामले में प्रमुख रूप से केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी पक्ष अपनी लिखित दलीलें 14 मार्च तक जमा करें। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करते हैं। बेंच में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील परमेश्वर और शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया है, ताकि न्यायालय को आवश्यक मार्गदर्शन और पक्षों की दलीलों का विश्लेषण प्रदान किया जा सके।



### सुप्रीम कोर्ट में अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज

### कहा: आपने कोई नेकी नहीं की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इन्कार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको टीएडीए के तहत दोषी ठहराया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट ने केवल अंतरिम राहत देने से इन्कार किया है। ऐसे में सलेम को हाईकोर्ट में ही अंतिम बहस करनी चाहिए। अबू सलेम ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अच्छे आचरण के आधार पर मिलने वाली रिमिशन (सजा में छूट) को जोड़कर देखा जाए, तो वह 25 साल की सजा पूरी कर चुका है और 10 महीने से अधिक समय से अवैध कस्टडी में है।

# उप्र आक्रांताओं का महिमामंडन स्वीकार नहीं करेगा: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कहा: 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा, विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का लगाया आरोप**

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए राज्य सरकार की उपलब्धियों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी माघ मेला केवल कल्पवासियों तक सीमित रहता था, जहां कुछ लाख श्रद्धालु ही आते थे। लेकिन आज 21 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता यह दर्शाती है कि लोगों को व्यवस्था और सुरक्षा पर पूरा विश्वास है। उन्होंने इसे सरकार की सुशासन नीति का प्रमाण बताया। योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ। न कर्फ्यू, न दंगा-यूपी में सब चंगा कहते हुए उन्होंने विपक्ष पर कानून-व्यवस्था को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि 2017 में प्रदेश पुलिस में केवल 10 हजार महिला कार्मिक थीं, जबकि आज यह संख्या बढ़कर 44 हजार से अधिक हो गई है। पहले पुलिस प्रशिक्षण की समुचित व्यवस्था नहीं थी, लेकिन अब 60 हजार से अधिक कार्मिक एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले प्रदेश में केवल दो फॉरेंसिक लैब थीं, जबकि अब 12 लैब संचालित हैं और छह अन्य निर्माणाधीन हैं। सभी 75 जिलों में दो-दो फॉरेंसिक वैन उपलब्ध -शेष पृष्ठ दो पर



# शादी से पहले फिजिकल होना समझ से बाहर: सुप्रीम कोर्ट

**कहा: लड़का-लड़की अजनबी होते हैं, हम पुराने ख्यालों वाले, लेकिन भरोसा करने से पहले सावधान रहें**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को रेप के आरोपों से जुड़े एक मामले में शादी से पहले फिजिकल रिलेशनशिप को लेकर हैरानी जताई। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि हम यह नहीं समझ पाते कि एक लड़का और लड़की शादी से पहले शारीरिक संबंध कैसे बना सकते हैं।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हो सकता है हम पुराने ख्यालों के हों, लेकिन शादी से पहले लड़का और लड़की अजनबी होते हैं। आपको बहुत सावधान रहना चाहिए। शादी से पहले किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना के साथ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच एक व्यक्ति की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिस पर एक महिला से शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। आरोप है कि व्यक्ति पहले से शादीशुदा था और बाद में उसने दूसरी महिला से शादी कर ली। सरकारी वकील के मुताबिक, लगभग 30 साल की युवती की 2022 में एक मैट्रिमोनियल साइट पर शख्स से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि शख्स ने युवती से शादी का वादा करके दिल्ली और बाद में दुबई में कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने दावा किया है कि शख्स के कहने पर वह दुबई गई थी। वहां उसकी सहमति के बिना आरोपी ने अश्लील वीडियो रिकॉर्ड किए, और विरोध करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। शिकायतकर्ता को बाद में पता चला कि शख्स ने 19 जनवरी, 2024 को पंजाब में दूसरी शादी कर ली थी। इस मामले में निचली अदालत और दिल्ली हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि आरोपी की तरफ से किया गया शादी का वादा शुरू से ही झूठा था, क्योंकि वह पहले से ही शादीशुदा था। हाईकोर्ट के आदेश से असंतुष्ट होकर आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# चुनाव आयोग ने प. बंगाल के 7 अफसर किए सस्पेंड

- SIR में लापरवाही: पावर के गलत उपयोग के आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में ड्यूटी में गंभीर लापरवाही बरतने पर पश्चिम बंगाल के सात अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

आयोग ने सोमवार को कहा कि यह कार्रवाई तुरंत प्रभाव से लागू मानी जाएगी। आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13सीसी के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इन अधिकारियों को निलंबित कर दिया और पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया। आयोग ने सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह कार्रवाई मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ी कानूनी जिम्मेदारियों को निभाने में देखी गई गंभीर कमियों को देखते हुए की गई है। इस तरह का गलत काम चुनावी प्रक्रिया की ईमानदारी को कमजोर करता है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आयोग ने आगे निर्देश दिया कि निलंबित किए गए अधिकारियों के खिलाफ संबंधित कैडर-नियंत्रण अधिकारियों द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए और इसकी जानकारी आयोग को दी जाए। इस मामले से संबंधित एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आयोग ने यह साफ कर दिया है कि चुनाव से जुड़े कामों में जवाबदेही सबसे जरूरी है।

## देश का व्यापार घाटा जनवरी में 10 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली।** वस्तुओं के आयात में तेज वृद्धि से इस साल जनवरी में देश का कुल व्यापार घाटा लगभग दोगुना होकर 10.38 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल जनवरी में वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर कुल व्यापार घाटा 5.39 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि जनवरी में वस्तुओं का निर्यात साल-दर-साल 0.6 प्रतिशत बढ़कर 36.56 अरब डॉलर और सेवाओं का निर्यात 26.33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 43.90 अरब डॉलर रहा। वस्तुओं का आयात 19.19 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 71.24 अरब डॉलर हो गया। जनवरी 2025 में यह 59.77 अरब डॉलर था। सेवाओं का आयात 17.30 प्रतिशत बढ़कर 19.60 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार कुल निर्यात 80.45 अरब डॉलर और कुल आयात 90.83 अरब डॉलर दर्ज किया गया। पिछले साल जनवरी में कुल आयात 71.90 अरब डॉलर और कुल निर्यात 76.48 अरब डॉलर पर था।

# जम्मू-कश्मीर के 14 टूरिस्ट स्पॉट में लौट रही रौनक

श्रीनगर, वार्ता

- लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का किया ऐलान

**जम्मू-कश्मीर** के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने केंद्र शासित प्रदेश में बंद 14 टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोलने का ऐलान किया। लेफ्टिनेंट गवर्नर ने कहा कि पूरी सिक्योरिटी रिव्यू और चर्चा के बाद मैंने कश्मीर और जम्मू डिवीजन में और टूरिस्ट स्पॉट फिर से खोलने का ऑर्डर दिया है।

कश्मीर डिवीजन में 11 टूरिस्ट स्पॉट - यूसमर्ग, बड़गाम में दूधपथरी, कोकरनाग में दांडीपोरा पार्क, पीर की गली, शोपियां में दुबजान और पड़पावन, श्रीनगर में अस्तनपोरा, ट्यूलिप गार्डन, थजवास ग्लेशियर, गंदेरबल में हंग पार्क और बारामूला में वुलर/वतलाब को फिर से खोला जाएगा। वहीं जम्मू डिवीजन में 3 टूरिस्ट स्पॉट- रियासी में देवी पिंडी, रामबन में माहू मंगत और किश्तवाड़ में मुगल मैदान आम पब्लिक के लिए ओपन होंगे। घूमने वाली इन जगहों को पिछले साल अप्रैल में हुए पहलगाम अटैक के बाद से बंद कर दिया गया था। इस आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिसमें से 25 टूरिस्ट थे। पिछले साल सितम्बर में कश्मीर संभाग में सात टूरिस्ट स्पॉट को फिर से खोला गया था। उनमें अरु घाटी, राफ्टिंग प्वॉइंट यान्नर, अक्कड़ पार्क, पादशाही पार्क और कमान पोस्ट शामिल हैं। वहीं जून में पहलगाम के कुछ हिस्सों सहित 16 पर्यटन स्थलों को फिर से खोल दिया गया था।

## 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका पर केंद्र को फिर मोहलत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कश्मीर से संबंधित 25 पुस्तकों पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र को और एक महीने का अतिरिक्त समय दिया है। इससे पहले 11 फरवरी के एक आदेश में न्यायालय ने कहा था कि प्रतिवादियों में से एक ने अभी तक अपनी आपत्तियां दर्ज नहीं की हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका गांधी 18-19 फरवरी को असम दौरे पर रहेंगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा 18 और 19 फरवरी को असम के दो दिवसीय दौरे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं और पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगी। पार्टी के सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी 18 फरवरी को गुवाहाटी स्थित राजीव भवन पहुंचेंगी, जहां स्क्रीनिंग कमेटी, राजनीतिक मामलों की समिति और विभिन्न जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगी। इसके अलावा वह विधायकों, पूर्वोत्तर कांग्रेस समन्वय से जुड़े नेताओं और सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगी। श्रीमती वाड्रा के इस दौरे का मुख्य आकर्षण नेताओं के साथ उनकी वन-टू-वन मीटिंग होगी, जिसमें वह संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और जमीनी मुद्दों पर विस्तार से बातचीत करने वाली हैं। इस दौरान 19 फरवरी को वह कार्यकारी अध्यक्षों, सांसदों और विभिन्न प्रकोष्ठों व विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

### जंगली हाथी के हमले में पुजारी की मौत

**बहराइच।** उप्र के जनपद बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। रविवार रात एक जंगली हाथी ने कटियारा बाबा कुटिया में घुसकर एक पुजारी को पटक-पटककर मार डाला। घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग के अनुसार घटना कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के अंतर्गत कटियारा बाबा कुटिया की है। मृतक की पहचान सुरेश दास (100) निवासी हजारीपुरवा गांव, कारीकोट क्षेत्र के रूप में हुई है। वह पिछले 15 वर्षों से कुटिया में रहकर पूजा-पाठ करते थे और बाल ब्रह्मचारी थे।

# डा. नितिन गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज की फैलोशिप से सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** हर्ष मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल निकट महावीर चौक मुजफ्फरनगर के डा. नितिन गुप्ता एमडी को 12 एवं13 फरवरी 2026 को हैदराबाद के हाईटेक कन्वेनशनल सेंटर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में डायबिटिज फैलोशिप पुरस्कार से नवाजा गया।

इस सम्मेलन में देश-विदेश के डायबिटिज विशेषज्ञ आए हुए थे, मुख्यत: ऑस्ट्रेलिया, चीन, अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और इंग्लैंड के चिकित्सक थे। इन्हीं में उत्तर प्रदेश के कुल दो डाक्टर आमंत्रित थे। डा. नितिन गुप्ता ने शुगर की बीमारी पर कई शोध भी




किए हैं। इसमें रमजान महीने में शुगर के मरीजों पर विशेष प्रभाव है। यह शोध विदेश में भी लोकप्रिय रहा। डा. गुप्ता मरीजों में शुगर का इलाज आधुनिक तकनीकों से कर रहे हैं। डा. गुप्ता पश्चिमी यूपी के मुख्य डायबिटिज विशेषज्ञों में से एक हैं। डा. गुप्ता ने डायबिटिज के साथ दिल के रोगों के इलाज में भी कुशलता हासिल की है। आजकल डायबिटिज के मरीजों में हार्ट अटैक का इलाज विशेष तकनीकों से किया जाना विशेष है। डा. गुप्ता का फैलोशिप अवार्ड जनपद मुजफ्फरनगर का गौरव है। इस सम्मेलन के आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डा. बीएम मक्कर थे एवं सचिव डा. वन्शी साहू थे। ज्ञात हो कि डा. गुप्ता एम्स, जीबी पंत दिल्ली एवं अपोला अस्पताल से भी ट्रेंड हैं।

# उप्र के नवनिर्माण की आधारशिला रखेगा ये बजट: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'योगी की पाती' शीर्षक से प्रदेशवासियों के नाम संदेश जारी कर राज्य के बजट को नवाचार और तकनीक आधारित विकास की ऐतिहासिक पहल बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र का यह बजट नव निर्माण की उस यात्रा का अगला चरण है, जिसकी मजबूत आधारशिला पिछले वर्षों में रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का व्यापक उपयोग किया जाएगा। इसके तहत स्टेट डेटा अथॉरिटी का गठन किया जाएगा तथा यूपी एआई मिशन, एआई डेटा लैब, एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और डेटा सेंटर क्लस्टर की स्थापना की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पहलों से उप्र वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा। 'टेक युवा-समर्थ युवा' योजना के अंतर्गत 25



**सीएम ने 'योगी की पाती' शीर्षक से दिया संदेश**

लाख युवाओं को नई तकनीकों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेंगे। एमएसएमई, स्टार्टअप और उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में बिना कोई नया कर लगाए विकास की गति बनाए रखना सरकार के कुशल वित्तीय प्रबंधन का परिणाम है। 9.12 लाख करोड़ के इस बजट को उन्होंने युवा, महिला, किसान और गरीब वर्ग की आकांक्षाओं को साकार करने वाला बताया। संदेश के अंत में मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हुए नवाचार और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें और विकसित उप्र के लक्ष्य को हासिल करने में सहभागी बनें।

### यूपी ने नौ वर्षों में तय की आत्मविश्वास की यात्रा

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रदेश में हुए बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि उप्र ने 'कर्फ्यू से कानून, उपद्रव से उत्सव, समस्या से समाधान और अविश्वास से आत्मविश्वास' की यात्रा तय की है। सभी पक्षों को मिलाकर लगभग 51 सदस्यों ने अपने सुझावों से चर्चा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। राज्यपाल का अभिभाषण शासन की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का दस्तावेज होता है, जो सरकार की नीतियों और दिशा को स्पष्ट करता है। योगी ने मुख्य प्रतिपक्ष के व्यवहार को अशोभनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि राज्यपाल प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होती हैं और उनके प्रति असम्मानजनक आचरण लोकतंत्र को कमजोर करता है।

## सीएचसी पर भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध हो: सपा

# सेहत और पानी पर सरकार-विपक्ष में तीखी बहस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में सोमवार को स्वास्थ्य सेवाओं और जल जीवन मिशन में कथित अनियमितताओं को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए।

उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने सदन को बताया कि प्रदेश के प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर हार्ट अटैक से जुड़े मामलों के लिए लगभग 40 हजार रुपये कीमत का जीवनरक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि मैसिव हार्ट अटैक या उससे संबंधित लक्षणों के साथ आने वाले मरीज को यह इंजेक्शन तत्काल लगाया जाता है, जिससे अगले 24 घंटे तक उसे दोबारा अटैक का खतरा कम रहता है। इस अवधि में मरीज को निकटतम मेडिकल कॉलेज में रेफर कर



**हमने सीएचसी पर 40 हजार रुपये कीमत का जीवन रक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराया, जो हार्टअटैक के मरीजों को तत्काल लगाया जाता है: पाठक**

आगे का इलाज सुनिश्चित किया जाता है। पाठक ने बताया कि प्रदेश के 50 से अधिक मेडिकल कॉलेज इस प्रकार के इलाज के लिए अधिकृत किए गए हैं।

साथ ही एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सीएचसी पर मरीज के पहुंचते ही उसकी रिपोर्ट साझा की जाती है, ताकि मेडिकल कॉलेज स्तर पर तत्काल उपचार की तैयारी की जा सके। इस दौरान सपा विधायक समरपाल सिंह ने किडनी प्रत्यारोपण की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि किडनी ट्रांसप्लांट में अत्यधिक समय लगता है और पूरी प्रक्रिया सात दिन के भीतर पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी किडनी प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। जवाब में बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि किडनी ट्रांसप्लांट कम से कम समय में हो और सात दिन से भी कम समय में प्रक्रिया पूरी करने का प्रयास किया जाएगा।

### विधानसभा में गूंजा निजी अस्पतालों की मनमानी और आशा बहुओं का मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान सोमवार को निजी अस्पतालों की कथित मनमानी व आशाओं का मुद्दा जोर-शोर से उठा। समाजवादी पार्टी के सदस्य अतुल प्रधान ने सरकार से सवाल किया कि निजी अस्पतालों पर नियंत्रण के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं और मरीजों से मनमाने शुल्क वसूलने की शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है। इस पर जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के सदस्य अब भी अपना चश्मा नहीं बदल पा रहे हैं और पूर्ववर्ती सरकार के नजरिए से ही वर्तमान व्यवस्था को देख रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार निजी अस्पतालों की अनियमितताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और किसी को भी मनमानी की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### मॉडीफाइड साइलेंसर पर प्रभावी कार्रवाई की मांग विधान परिषद में नियम 115 के तहत उठा मुद्दा

**लखनऊ।** उप्र विधान परिषद के सदस्य विजय बहादुर पाठक ने सोमवार को नियम 115 के अंतर्गत मॉडीफाइड साइलेंसर से हो रहे ध्वनि और वायु प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट किया और इस पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। विजय बहादुर पाठक ने प्रमुख सचिव, विधान परिषद को भेजे गए अपने पत्र में कहा कि राज्य में योगी सरकार ने यातायात को सुलभ और व्यवस्थित बनाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सराहनीय प्रयास किए हैं।

# आरक्षण और आउटसोर्सिंग पर विधानसभा में घमासान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा में आरक्षण और आउटसोर्सिंग के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

समाजवादी पार्टी के विधायक संग्राम यादव द्वारा आउटसोर्सिंग और आरक्षण का मुद्दा उठाए जाने के बाद सरकार की ओर से मंत्री अनिल राजभर ने सपा पर जोरदार हमला बोला। मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात तो करती है, लेकिन अपने शासनकाल में उसने केवल एक वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार में ओबीसी आरक्षण के तहत लगभग 82 प्रतिशत लाभ एक ही वर्ग को दिया गया, जबकि राजभर, केवट, मल्लाह, चौहान सहित कई जातियों को उनका वाजिब हिस्सा नहीं मिला। राजभर ने कहा कि सपा बाबा साहब के संविधान की बात करती है, लेकिन उसके कार्यकाल में सामाजिक न्याय की अनदेखी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी सदन चलता है, सपा आरक्षण का मुद्दा उठाकर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करती है। सरकार की ओर से जवाब देते हुए राजभर ने सदन को बताया कि सपा सरकार के दौरान रोजगार मेलों के जरिए कितने युवाओं को रोजगार मिला और 2017 में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक कितने युवाओं को निजी संस्थानों में नौकरी मिली है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि वर्तमान सरकार मातृशक्ति के लिए अलग से रोजगार मेलों का आयोजन कर रही है, ताकि महिलाओं को अधिक अवसर मिल सकें।

**अनिल राजभर का सपा पर तीखा हमला**

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83277.15
निफ्टी 25682.75



सोना 154098
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 240947
प्रति किलो



# गिरावट से उबरे शेयर बाजार सेंसेक्स 650 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौट आई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 650.39 अंक (0.79 प्रतिशत) की बढ़त में 83,277.15 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 211.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,682.75 अंक पर बंद हुआ। दूसरे एशियाई बाजारों से मिले नकारात्मक संकेत से शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में गिरावट थी, लेकिन यूरोपीय बाजारों में तेजी रहने से बाद में निवेश धारणा मजबूत हुई। इससे आज सेंसेक्स में 1,057 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। यह नीचे 82,277 अंक और ऊपर 83,333 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली को जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.48 प्रतिशत की बढ़त में रहा। बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, तेल एवं



गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में तेजी रही। ऑटो और मीडिया समूहों के सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड का शेयर करीब साढ़े चार प्रतिशत चढ़ा। एचडीएफसी बैंक में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, आईटीसी, आईटीसी, एशियन पेंट्स, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत ऊपर बंद हुए। भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बीईएल, टीसीएस और हिंदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, ट्रेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा में गिरावट रही।

## चांदी सस्ती हुई, सोने की कीमत में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** चांदी के दाम में सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 1,486 रुपए गिरकर 2,40,947 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,42,433 रुपए किलो थी। आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,333 रुपए बढ़कर 1,54,098 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। हालांकि पिछले तीन कारोबारी दिनों में चांदी 25,502 और सोना 3,224 रुपए सस्ता हुआ है। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई है।

इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था। अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एक मुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बेंगलुरु में में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 157740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 144590 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

# डील से हम जरूरत का 52 प्रतिशत तेल नहीं खरीद सकेंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि हाल ही में अमेरिका के साथ हुए व्यापारिक समझौते के तहत जो शर्त रखी गई है कि उसके तहत भारत, रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और इस शर्त के बाद भारत अपनी जरूरत का 52 प्रतिशत कच्चा तेल अब नहीं खरीद सकेगा जिससे देश को भारी आर्थिक नुकसान होगा। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के राज्यसभा सदस्य रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने छह फरवरी को एक आदेश में कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से कच्चा तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदता है, तो अमेरिका इस पर निगरानी रखेगा। निगरानी में यदि पाया जाता है कि भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष से रूस से तेल खरीदा है तो भारत पर सारी टैरिफ पैनल्टी लागू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी को अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी यही बात दोहराई है। उन्होंने एक अंतर्राष्ट्रीय मंच पर कहा है कि भारत ने वादा किया है कि वह रूस से तेल नहीं खरीदेगा। इस शर्त के अनुसार भारत अब अमेरिका के कहने पर रूस से भी कच्चा तेल नहीं खरीद सकेगा। इससे पहले अमेरिका के कहने पर भारत ने ईरान से कच्चे तेल की खरीद बंद कर दी थी।

### कपास किसानों को होगा बड़ा नुकसान : सुरजेवाला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापार समझौते पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों को नजरअंदाज कर यह समझौता किया है और इससे खासकर कपास किसानों को बड़ा नुकसान होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस समझौते से देश के कपड़ा उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**हिमंता शूटिंग...** आगे की कार्रवाई गुवाहाटी हाईकोर्ट में होगी, जहां याचिकाकर्ता अपनी शिकायतें रख सकेंगे। वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम. पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाईकोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया है, कोर्ट को प्लेग्राउंड मत बनाइए। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है। जोकि ठीक नहीं है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट हिमंता के खिलाफ लगाई गई तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। दो याचिकाएं सीपीआई (एम) और सीपीआई ने लगाई थीं। तीसरी याचिका असम के चार लोगों ने मिलकर दायर की थीं। दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी एक्स हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया, जिसमें असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड प्वाइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के एक्स हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन प्वॉइंट-ब्लैंक शॉट था। श्रीनेत के शेयर किए गए वीडियो में असम की भारतीय जनता पार्टी का एक्स अकाउंट नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा कि यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं।

**उप्र आक्रांताओं...** कराई गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेतृत्व में 'विकसित भारत' के संकल्प का उल्लेख किया और आजादी के अमृत महोत्सव की भावना को आगे बढ़ाने की बात कही। योगी ने कहा कि बहराइच में महाराज सुहेलदेव का भव्य स्मारक बनाया गया है और उनके नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दल राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, कांवड़ यात्रा, दीपोत्सव और रंगोत्सव जैसे आयोजनों का विरोध करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए थे और समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। योगी ने कहा कि हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत गाने में दिक्कत होना संविधान और बाबा साहेब का अपमान है। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा उप्र में बसती है और प्रदेश की सेवा करना उनके लिए गौरव की बात है। सरकार ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का मार्ग अपनाया है और सभी तीर्थस्थलों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए हैं। अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उप्र नए भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और सरकार विकास, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के एजेंडे पर प्रतिबद्ध है।

## फॉर्म-7 के जरिए पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि डेटा में साफ दिख रहा है कि पीडीए के वोटों की टार्गेटेड डकैती हो रही है।

फॉर्म-7 के जरिए सुनियोजित तरीके से लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी हस्ताक्षर कर बड़ी संख्या में मतदाताओं, खासकर मुस्लिम समुदाय के लोगों के नाम काटे गए हैं। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि कई मामलों में अज्ञात व्यक्तियों के नाम से आवेदन देकर मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि गोविद राय के फर्जी हस्ताक्षर का इस्तेमाल कर 16 मतदाताओं के नाम हटाए गए, जबकि बाबागंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी हस्ताक्षर के जरिए फॉर्म-7 भरकर करीब 100 वोट काट दिए गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भुरीपुरा विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी से जुड़े अतीक अहमद का भी वोट इसी प्रक्रिया के तहत कटवा दिया गया।

# यूपी में 10 अप्रैल को जारी होगी अंतिम मतदाता सूची: नवदीप रिणवा

वाराणसी, वार्ता

उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा सोमवार को काशी पहुंचे। चौका घाट स्थित सांस्कृतिक संकुल में उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उप्र में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। कुछ लोगों में इस बात को लेकर स्पष्टता नहीं है कि एसआईआर अभी हुआ नहीं है।

कई लोग कह रहे हैं कि एसआईआर हो गया, जबकि अभी दावा-आपत्ति, नोटिस जारी करने और सुनवाई का चरण ही चल रहा है। रिणवा ने कहा कि ड्राफ्ट सूची प्रकाशित होने से पारदर्शिता आई है। फॉर्म-7 कोई भी भर दे और किसी का नाम कट जाए, ऐसा नहीं होता। पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से चल रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक हुई, जिसमें सभी के सुझाव सुने गए। ब्लॉक-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) के अनुभव भी लिए जा रहे हैं, ताकि फील्ड में आने वाली दिक्कतों और कठिनाइयों का समाधान किया जा सके। कुछ दिनों पूर्व भारतीय जनता पार्टी के मंत्री रविंद्र जायसवाल ने नौ हजार से अधिक डुप्लीकेट वोटर अपने उत्तर विधानसभा क्षेत्र में होने का आरोप लगाते हुए इसे 'वोट जिहाद' का नाम दिया था। इस संबंध में पूछे जाने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मुझे इसकी विस्तृत जानकारी नहीं है, जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार इससे बेहतर बता सकते हैं। इस पर जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि पहले चरण में प्राप्त 4,300 लोगों की सूची में से केवल 8 वोटर डुप्लीकेट पाए गए हैं। शेष दूसरी सूची का सत्यापन कराया जा रहा है। रिणवा ने आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने 27 अक्टूबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने की घोषणा की थी। 4 नवम्बर से इसका पहला चरण शुरू हुआ। उप्र के सभी मतदाताओं को 27 अक्टूबर 2025 तक की मतदाता सूची के आधार पर गणना फॉर्म छपवाकर बीएलओ के माध्यम से घर-घर पहुंचाया गया। मतदाताओं ने फॉर्म भरकर हस्ताक्षर किए। यह चरण 26 दिसम्बर तक चला। छह जनवरी 2026 को उप्र की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की गई, जिसमें लगभग 12 करोड़ 55 लाख 56 हजार नाम शामिल हुए। गणना शुरू होने पर कुल 15 करोड़ 44 लाख के करीब नाम थे। इस प्रकार ड्राफ्ट सूची से करीब 2 करोड़ 88 लाख नाम हटाए गए। ये नाम विभिन्न कारणों से हटाए गए, जैसे मृत्यु हो जाना, एक से अधिक स्थान पर नाम दर्ज होना, घर बदलकर कहीं और चले जाना या संपर्क न होने पर 'लापता' श्रेणी में रखा जाना।

**राज्य में एसआईआर प्रक्रिया अभी जारी, कुछ नोटिसों का हो चुका समाधान**

# पूर्वी दिल्ली को 1075 करोड़ की मिली सौगात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित रामलीला मैदान में लगभग 1075 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। ये परियोजनाएं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग से जुड़ी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के संतुलित विकास के लिए मजबूत बुनियादी ढांचा जरूरी है। इन परियोजनाओं से ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होगी और जलभराव जैसी समस्याओं से भी स्थायी राहत मिलेगी।इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, यमुना पार विकास बोर्ड के अध्यक्ष और गांधी नगर के विधायक अरविंदर सिंह लवली, लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा, विश्वास नगर के विधायक ओम प्रकाश शर्मा, शाहदरा के विधायक संजय गोयल, कृष्णा नगर के विधायक अनिल गोयल, पटपड़गंज के विधायक श्री रविन्द्र सिंह नेगी, त्रिलोकपुरी के विधायक रवि कांत सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना पार क्षेत्र के नागरिक वर्षों से अपनी गलियों, नालियों और सड़कों के समुचित विकास की प्रतीक्षा कर रहे थे। आज लगभग 1075 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास उस लंबे इंतजार को समाप्त करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। सरकार का लक्ष्य दिल्ली के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास करना और नागरिकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 'यमुना के इस पार और उस पार' का भेद समाप्त कर पूरी दिल्ली को समान रूप से विकसित करना सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में जब क्षेत्र की सड़कों का निर्माण, नालों का ढकना और अन्य बुनियादी सुविधाएं धरातल पर दिखाई देंगी, तब जनता को अपने निर्णय और सरकार पर विश्वास का वास्तविक प्रतिफल महसूस होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछले एक वर्ष में दिल्ली सरकार ने विकास कार्यों को गति देने के लिए नई कार्यसंस्कृति स्थापित की है।

## जीजा ने कटर ब्लेड से काटा साली का गला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुध विहार इलाके में पारिवारिक कलह में एक आरोपी ने अपनी ही साली का गला काट दिया,जिसकी अस्पताल में हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने हत्या की कोशिश का मामला दर्ज करके आरोपी जीजा जय प्रकाश यादव को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल कटर ब्लेड भी बरामद किया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजकर 21 मिनट बुध विहार पुलिस को पॉकेट-17, वेस्ट मेगा मॉल, सेक्टर-24 रोहिणी में महिला का गला काटने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि उसके खून ज्यादा निकल रहा है,अभी वह होश में है। पुलिस मौके पर पहुंची। वारदात वाली जगह पर काफी खून पड़ा था। क्रॉइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पता चला कि महिला को उसके जानकार पहले की बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल ले जा चुके हैं। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर बताई। वह बयान देने लायक नहीं थी। पुलिस टीम को पता चला कि हमलावर वारदात वाली बिल्डिंग में ही मौजूद हैं। पुलिस टीम ने बिल्डिंग को खंगाला। जनता विहार,नजफगढ़ इलाके में रहने वाला आरोपी जयप्रकाश यादव को बिल्डिंग की छत से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से खून से सना कटर ब्लेड भी जब्त कर लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी जयप्रकाश यादव महिला का जीजा लगता है। वह कोचिंग सेंटर में टीचर है। पिछले साल अप्रैल से उसका अपनी पत्नी, जो एक टीचर है, और उसके परिवार के साथ झगड़ा चल रहा था। पीडिघ्त एक थेरेपी सेंटर में काम करती है।

# सामाजिक सद्भाव को लेकर डीयू कुलपति ने किया शिक्षकों व विद्यार्थियों से संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षक की कोई जाति नहीं होती। शिक्षक की जाति पढ़ाना है। उसका सामाजिक कर्तव्य ज्ञान और शिक्षा प्रदान करना है। अगर कोई शिक्षक आपस में या विद्यार्थियों के साथ भेदभाव करता है तो वह ठीक नहीं। प्रो. योगेश सिंह दिल्ली विवि के शिक्षकों से संवाद के दौरान बोल रहे थे। कुलपति ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में कोई भी ऐसी अप्रिय घटना न हो जिससे सामा. जिक सद्भाव को नुकसान पहुंचे। विद्यार्थियों को भी समझाएं और स्वयं भी इस विषय इस पर गंभीरता से ध्यान दें। इस दौरान कुलपति ने कॉलेजों व विभागों के विभिन्न वर्गों के शिक्षकों और विद्यार्थियों से अलग-अलग संवाद किया। कुल. पति ने कहा कि यूजीसी के जो नए नियम आए हैं वह अभी माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उन्हें लेकर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं की जानी चाहिए।

इस अवसर पर दिल्ली यूनिवर्सिटी वुमेन्स एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो. गीता सहारे ने कहा कि समाज में शांति बनाए रखने के लिए शिक्षकों की अहम भूमिका है। हमारा फर्ज है कि हम बच्चों को समझाएं, कि यह देश हमारा है। गांधी भवन के निदेशक प्रो. केपी सिंह ने कहा कि समाज में संवाद जरूरी है। शिक्षकों को विद्यार्थियों के साथ संवाद बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि डीयू कुलपति गत दिनों विश्वविद्यालय में हुई अप्रिय घटना को लेकर बहुत संजीदा हैं; वह अपना निजी नुकसान देख सकते हैं, लेकिन देश का नहीं; और यह मुद्दा देश का है।

इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, चीफ विजिलेंस ऑफिसर गजेन्द्र सिंह, चेयरमैन इंटरनेशनल रिलेशन प्रो. नीरा अग्निमित्रा, प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार और डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. रंजन त्रिपाठी सहित अनेकों शिक्षकों ने भी विश्वविद्यालय व कॉलेज में सामाजिक सद्भाव मजबूत करने पर अपने-अपने सकारात्मक विचार रखे।

## संगठन को सुदृढ़ कर रही कांग्रेस: देवेन्द्र यादव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा है कि संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक ब्लॉक में कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े वकीलों को लीगल व मानव अधिकार विभाग के साथ जोड़कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया गया है। राजीव भवन स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में लीगल व मानव अधिकार विभाग के चेयरमैन एडवोकेट सुनील कुमार द्वारा वकीलों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान देवेन्द्र यादव ने कहा कि पार्टी का लीगल व मानव अधिकार विभाग केवल संगठनात्मक गति. विधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए संवैधानिक अधिकारों तथा मानव अधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ निरंतर संघर्ष करता है

# आशीष सूद ने ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने भलस्वा स्थित ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार झुग्गी-झोपड़ी एवं स्लम बस्तियों में रहने वाले निवासियों को सम्मानपूर्वक और सुविधाजनक जीवन उपलब्ध कराने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है।मंत्री ने बताया की यहां पर 7400 ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स बनाये गए है जिनका समय पर आबंटन न होने के कारण अब यह जर्जर हालत में है और इसके पुनर्निर्माण और मरम्मत आदि के कार्य करवाने के लिए आज यह विजिट रखी गयी है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता निरंतर इस विषय को लेकर संवेदनशील और चिंतित रही हैं कि झुग्गी बस्तियों में रहने वाले परिवारों एवं उनके बच्चों को बेहतर और सम्मानजनक जीवन कैसे उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि इन फ्लैट्स का निर्माण करदाताओं के पैसे से हुआ है, इसलिए सरकार इनका समुचित विकास कर पात्र एवं योग्य लाभार्थियों को पारदर्शी तरीके से आवंटित करने पर विचार कर रही है। फिलहाल यह पूरी प्रक्रिया प्रारंभिक चरण में है और पुराने फ्लैट्स की तकनीकी जांच की जा रही है।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा के साथ पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार स्थित रामलीला मैदान में विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए।

## एक नजर

### बप्पी लाहिड़ी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेशनल मीडिया नेटवर्क फिल्म एंड टीवी अवाड्र्स फाउंडेशन नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् डॉ.दयानंद वत्स भारतीय ने संघ के मुख्यालय बरवाला में बहुमुखी प्रतिभा के धनी मशहूर संगीतकार और गायक बप्पी लाहिडी को आज उनकी चौथी पुण्यतिथि पर उनके करोडों प्रशंसकों की और से अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि बप्पी दा ने बॉलीवुड में डिस्को म्युजिक की शुरुआत की। श्आईएमए डिस्को डांसरश गीत ने मिथुन चक्रवर्ती को सफलता की नई उंचाईयों पर पहुंचाया। डर्टी पिक्चर का विद्या बालनपर फिल्माया बप्पी दा की आवाज में गाए गीत ऊ लाला ऊ लाला ने फिल्म को सुपर हिट बना दिया। 1975 में उनकी संगीतबद्ध फिल्म जख्मी के सारे गीत सुपर डुपर हिट थे।

### तीन दिवसीय डेयरी इंडस्ट्री कांफ्रेंस सम्पन्न

**नई दिल्ली।** तीन दिवसीय 52वां डेयरी इंडस्ट्री कॉन्फ्रेंस एक सशक्त विजन और रोडमैप के साथ सम्पन्न हुआ, जिसका उद्देश्य भारतीय डेयरी क्षेत्र को सतत डेयरी पारिस्थितिकी तंत्र एवं उद्यमों के माध्यम से वैश्विक बाजार में उच्च स्थान दिलाना है।

डॉ. राजन शर्मा, संरक्षक, आईडीए एवं संयुक्त निदेशक (अनुसंधान), आईसीएआर-एनडीआरआई, करनाल, ने अपने सुझावों में डेयरी मूल्य श्रृंखला को नवाचार, गुणवत्ता उन्नयन और सतत प्रथाओं के माध्यम से सुदृढ़ करने पर बल दिया, ताकि वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की स्थिति और मजबूत हो सके। उन्होंने "डेयरी उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण भारत का सशक्तिकरण" विषय के अनुरूप भारत को वैश्विक डेयरी उद्योग का अग्रणी राष्ट्र बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। सुधीर कुमार सिंह, अध्यक्ष, आईडीए, ने सभी विशिष्ट वक्ताओं, प्रतिनिधियों, सहयोगी संगठनों एवं आयोजन टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समृद्ध तकनीकी सत्रों और गहन विचार-विमर्श ने डेयरी क्षेत्र को सशक्त बनाने हेतु सार्थक दिशा प्रदान की है

### मरीन व ट्रांजिट इंश्योरेंस को बनाया आसान

**नई दिल्ली।** पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस ने एनरुट पेश किया है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जिसे मरीन और ट्रांजिट इंश्योरेंस ऑपरेशन्स को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। सर्टिफिकेट और डिक्लेरेशन जारी करने का प्रोसेस, जो पहले बहुत समय लेने वाला था, अब कुछ ही क्लिक में पूरा किया जा सकता है।

यह प्लेटफॉर्म बिजनेस को अपनी घरेलू और इंटरनेशनल ट्रेड जरूरतों को अच्छे से संभालने में मदद करता है। पॉलिसीबाजार फॉर बिजनेस के हेड, सज्जा प्रवीण चौधरी कहते हैं, "मरीन और ट्रांजिट इंश्योरेंस कस्टमर को अक्सर अलग-अलग प्लेटफॉर्म और डिक्लेरेशन के मुश्किल तरीकों की वजह से ऑपरेशनल दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नया प्लेटफॉर्म पूरे प्रोसेस को आसान बनाकर कस्टमर को फायदा पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है।

### एफडी आधारित हैलो कैशबैक क्रेडिट कार्ड लांच किया

**नई दिल्ली।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने हैलो कैशबैक क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है। यह कार्ड फिक्स्ड डिपॉजिट पर आधारित है और खासतौर पर डिजिटल तरीके से खर्च करने वाले ग्राहकों के लिए बनाया गया है। यह 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के युवाओं के लिए उपयोगी है, जो ऑनलाइन और यूपीएआई के जरिए अधिक लेन-देन करते हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के क्रेडिट काड्र्स, फास्टैग और लॉयल्टी हेड शिरीष भंडारी ने कहा, ष्हैलो कैशबैक एक एफडी-आधारित क्रेडिट कार्ड है, जो ऑनलाइन खर्च पर 5% तक कैशबैक देता है। इसे खास तौर पर डिजिटल समझ रखने वाले ग्राहकों के लिए बनाया गया है, खासकर 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के युवाओं के लिए, जो अपनी क्रेडिट यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं और जिनकी खर्च करने की आदतें ऑनलाइन और यूपीआई आधारित हैं।

### 'फिल्डस ऑफ चम्बा' श्रृंखला प्रस्तुत की

**नई दिल्ली।** भारतीय पारंपरिक शिल्प के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में ब्रिज भारत ने श्फिल्डस ऑफ चम्बाश नामक शोध-आधारित चंबा रूमाल श्रृंखला प्रस्तुत की है। यह परियोजना एक वर्ष तक चले अभिलेखीय अध्ययन, वनस्पति अनुसंधान और रचनात्मक विकास पर आधारित है, जिसे पद्मश्री सम्मानित शिल्प पुनरुद्धारक ललिता वकिल और हिमाचल प्रदेश के चंबा क्षेत्र की महिला कारीगरों के सहयोग से साकार किया गया। ब्रिज भारत की संस्थापक आकांक्षा सिंह ने कहा कि श्रृंखला का विषय चम्बा वैली की स्थानीय वनस्पतियाँ हैं। देशी फूलदार झाड़ियाँ, पूजनीय वृक्ष, जंगली लताएँ और मौसमी पौधेख्रजो क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैंख्रउन्हें पारंपरिक दो-तरफा चंबा कढ़ाई तकनीक में रूपांतरित किया गया है।ब्रिज भारत की रचना टीम ने ऐतिहासिक चंबा रूमालों की संरचना और टाँकों का अध्ययन कर नए चित्र प्रारूप विकसित किए।

## इंद्रलोक इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक फैक्टरी में लगी आग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंद्रलोक इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार दोपहर एक प्लास्टिक फैक्टरी में भीषण आग लग गई। दमकल विभाग ने तेजी से कार्रवाई करते हुए मौके पर बड़ी संख्या में गाड़ियां रवाना कीं। आग को "मीडियम" श्रेणी का बताया गया। दमकल विभाग के अनुसार, दोपहर करीब 1:50 बजे आग लगने की सूचना मिली। मौके पर कुल 23 दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। इनमें 9 वाटर टेंडर, 8 वाटर बाउजर, 2 मोटर पंप, एक हाइड्रोलिक टर्नटेबल, एक रेस्क्यू टेंडर, एक ब्रेथिंग फायर टेंडर और एक फोम कंट्रोल कैरियर शामिल थे।

# मुफ्तियों व ईमामों को खिदमत अवॉर्ड 2026 से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** दिल्ली की रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी ने सामाजिक संस्था जम जम फाउन्डेशन के सहयोग से मल्का गंज क्षेत्र में एक इस्तकबाल माहे रमजान मुबारक कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें विभिन्न मस्जिदों और मदरसों के मुफ्तियों और ईमामों को खिदमत अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया

इस मौके पर ऑल इण्डिया ईमाम ऑर्गनाइजेशन के चीफ काजी मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन ने रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के चेयरमैन हाजी मौहम्मद ऐहसान कुरैशी डिप्टी चेयरमैन डॉ. अब्दुल रहीम मदीना मस्जिद (कबीर बस्ती) से हाजी कमालुद्दीन व मौहम्मद हम्माद कुरैशी का शॉल पहनाकर जोरदार स्वागत भी किया इस अवसर पर मौलाना मौहम्मद इमरान, कारी मसूद आलम, मौलाना मौहम्मद शमीम, मुफ्ती मौहम्मद हसन, मुफ्ती नदीम, मुफ्ती मौहम्मद इशक, मौलाना जाकिर, मौलाना इसराइल, मौलाना गुलफाम, मुफ्ती अब्दुल राफे कासमी, कारी अनीश अहमद, आदि को खिदमत अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। इस अवसर रामजन-उल-मुबा. रक इन्तेजामिया कमेटी के चेयरमैन हाजी मौहम्मद ऐहसान कुरैशी डिप्टी चेयरमैन डॉ. अब्दुल रहीम अध्यक्ष शमीम अहमद खान उपाध्यक्ष डॉ. फाजिल कुरैशी व मौहम्मद अजहरुद्दीन महासचिव हाजी मौहम्मद अनवार सचिव मौहम्मद कमीरुद्दीन कोषाध्यक्ष जहीर आलम सहित, मो. कामिल, मौहम्मद, कादिर मो. फारूक, मो. सत्तार अन्सारी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

# 'विश्व यूनानी चिकित्सा दिवस' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस (उत्तर प्रदेश) की ओर से विश्व यूनानी चिकित्सा दिवस का भव्य कार्यक्रम रवीन्द्रालय ऑडिटोरियम, लखनऊ में प्रोफेसर मुश्ताक अहमद की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर देशभर से यूनानी चिकित्सकों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की कि यूनानी चिकित्सा के समुचित विकास के लिए दिल्ली, गुजरात, पश्चिम बंगाल, बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और असम के आयुष विभाग में डिप्टी डायरेक्टर (यूनानी) की नियुक्ति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। साथ ही मसीह-उल-मुल्क हकीम अजमल खां को भारत रत्न प्रदान करने तथा उनके नाम पर राष्ट्रीय यूनानी विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने की भी मांग की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, नई दिल्ली के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में प्रसन्नता व्यक्त की कि केंद्र सरकार ने देश में प्रचलित पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के विकास के लिए अलग आयुष मंत्रालय की स्थापना की तथा आयुष के अंतर्गत आने वाली सभी चिकित्सा पद्धतियों के समान विकास के लिए नीति बनाई। उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी मसीह-उल -मुल्क हकीम अजमल खां के जन्मदिवस को भारत सरकार ने यूनानी चिकित्सा दिवस के रूप में मान्यता दी है।

# 'जल वाणी' अभियान का किया समर्थन



**नई दिल्ली।** भारत में पानी की कमी, नदियों का प्रदूषण और अनियमित जल आपूर्ति अब कई लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई है। इस समस्या से निपटने के लिए मिर्ची ने राष्ट्रीय जल मिशन और जल शक्ति मंत्रालय के साथ मिलकर देशव्यापी 'जल वाणी' अभियान शुरू किया है। गायक मोहित चौहान, अभिनेत्री तापसी पन्नू और फिल्म निर्माता अनुभव सिन्हा इस पहल का समर्थन कर रहे हैं और लोगों से पानी बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने की अपील कर रहे हैंमोहित चौहान ने कहा, "हम अक्सर पानी को तब तक हल्के में लेते हैं, जब तक उसकी कमी महसूस नहीं होती। तापसी पन्नू ने कहा, "पानी बचाना सिर्फ सरकारी नीति का विषय नहीं है, यह हम सभी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। आज बचाई गई हर बूंद आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारा वादा है। मिर्ची 'जल वाणी' से जुड़े वॉटर वॉरियर्स ने भी एकमत होकर कहा, "भारत में पानी की स्थिति वर्षों से हो रहे अत्यधिक उपयोग, प्रदूषण और प्राकृतिक सीमाओं की अनदेखी का परिणाम है।

## हिंदू सम्मेलन आयोजित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यात्रा संगठन में सेवा के 100 वर्ष पूरे करने पर पूरे भारतवर्ष में यह प्रोग्राम किया जा रहे हैं भजनपुरा मेंन मार्केट में हिंदू सम्मेलन सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित किया गया इस प्रोग्राम के अध्यक्ष भानु भास्कर, कार्तिक शर्मा, सुलकशना शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष शिव नारायण, वनवासी रजिया संघ के अध्यक्ष संजय शुक्ला, भजनपुरा मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष और मुख्य अतिथि के रूप में भजनपुरा वार्ड से निगम पार्षद रेखा रानी वह सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता महिलाएं व बच्चे शामिल रहे। रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने में यह प्रोग्राम पूरे देश में किया जा रहे हैं। आज जो भजनपुरा मार्केट में कार्यक्रम किया गया है इसके लिए मैं इस प्रोग्राम के अध्यक्ष भानु भास्कर व उनकी पूरी टीम का बहुत धन्यवाद करती हूँ।

# स्कूल के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बदरपुर क्षेत्र के मोलड़बंद विस्तार स्थित ब्राइट-वे पब्लिक स्कूल का 29 वाँ स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने लोकनृत्य, योग विद मैजिक, आलू कचालू डांस, स्वच्छता अभियान, जल संचय, यादों की बारात, उम्मीदों की उड़ान, ऑपरेशन सिंदूर और ग्रामीण भारतीय संस्कृति पर आधारित मनोहारी कार्यक्रमों के जरिए उपस्थित गणमान्य अतिथियों और अभिभावकों को भावविभोर कर दिया।

सर्वप्रथम सरस्वती वंदना और वेलकम गीत से कार्यक्रमों के श्रृंखला की शुरुआत हुई। छोटे छोटे बच्चों के नृत्य - लघु नाटक खूब आकर्षक रहे। परंतु ष्ऑपरेशन सिंदूर, यादों की बारात और उम्मीद की उड़ानष जैसे प्रेरणादायक और मनमोहक कार्यक्रमों ने लोगों की सबसे ज्यादा तालियां बटोरी।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित गंगाविष्णु शर्मा सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक ( राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मच्छगर - फरीदाबाद ) ने सभी मेधावी बच्चों को पारितोषिक वितरण किया। उन्होंने विद्यालय की प्रगतिशीलता और तकनीकी शिक्षण व्यवस्था के लिए चेयरमैन जीपी शर्मा के प्रयासों की जमकर प्रशंसा की। विद्यालय की मुख्याध्यापिका श्रीमती ज्योति शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि सहित सभी गणमान्य लोगों के प्रति तहेदिल से आभार जताया। इस अवसर पर कवि व पर्यावरणविद डंबर सिंह तनवर, मा. डी पी शर्मा, मा. लाखन सिंह, भरत त्यागी, पं राम निवास शर्मा, बीआर तिवारी, मनोज शर्मा, दिनेश शर्मा, एस पी सिंह, सुरेश सेंगर, सैय्यद रूस्तम, रेखा गौड़, ममता पाठक, निधि शर्मा, संध्या शर्मा, पूजा शर्मा व पिंटू कुमार भी प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय के संकल्प को मूर्त रूप देते हुए श्एक भारत-श्रेष्ठ भारतश समारोह का आयोजन माता वैष्णो देवी विश्व. विद्यालय (एसएमवीडीयू) कटरा के प्रांगण में भव्य रूप से संपन्न हुआ।



भारत भारती संगठन के तत्वावधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं नवचेतना स्वाभिमान चौरिटेबल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम की सबसे प्रमुख चर्चा रही भारत भारती के उत्तर भारत प्रभारी मोहम्मद इरफान अहमद का संबोधन और उनके द्वारा दिलाई गई राष्ट्र-नागरिकता की शपथ। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में इरफान अहमद ने अपने संबोधन में सीधे जन-जन की भावना को छुआ।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों का विलय करके भारत को एक सूत्र में पिरोया था, आज हम सबका दायित्व है कि हम उस एकता को मजबूत करें, न कि उसे संकीर्णताओं में बांटें। उनका संबोधन देशभक्ति की ऐसी लहर लेकर आया कि पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा।

## महर्षि दयानंद बोधोत्सव पर प्रेरक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि पर्व पर आर्य समाज ग्रेटर कैलाश पार्ट-I में महान समाज सुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती बोधोत्सव पर्व आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान जोगिंदर खट्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें दिल्ली की समस्त आर्य समाजों के मुख्य कार्यकर्ता, वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक शिखा राय, पार्षद अंजू मंडल ने सामा. जिक कुरीतियां उन्मूलन, दलितोद्धार, महिला सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने के लिए महर्षि दयानंद का स्मरण किया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के डॉ. सुधीर कुमार ने वैदिक शोध कार्यों पर प्रकाश डाला। दिल्ली आर्य प्रति. निधि सभा के प्रधान धर्मपाल आर्य ने सबको आशीर्वाद दिया। मंच संचालन सभा के महामंत्री मुकेश आर्य ने किया। बोथोत्सव कार्यक्रम में सर्व मंगल यज्ञ वैदिक विद्वान वीरेंद्र विक्रम की देखरेख में हुआ। ग्रेटर कैलाश I के प्रधान राजेंद्र वर्मा ने आर्य समाज के रचनात्मक कार्यों पर प्रकाश डाला।

# आईआईएफएल ने बांड जारी किए




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आई आईएफएल फाईनेंस ने रिडीमेबल नॉन- कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के पब्लिक इश्यू जारी किए हैं, जो आज मंगलवार, 17 फरवरी, 2026 से मिलना शुरू होंगे। इनका इश्यू साईज 500 करोड़ रुपये है, और 1,500 करोड़ रुपये तक का ओवरसब्सक्रिप्शन बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू विकल्प है। इस प्रकार कुल इश्यू साईज 2,000 करोड़ रुपये का होगा। इस फंड का उद्देश्य कंपनी के व्यवसाय में वृद्धि करना और पूंजी बढ़ाना है। निर्मल जैन, फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, आईआईएफएल फाईनेंस ने कहा कि, "आईआईएफएल फाईनेंस भारत के प्रमुख एनबीएफसी में से एक है। यह पूरे देश में मजबूत स्थिति रखता है। इसका डाईवर्सिफाईड रिटेल पोर्टफोलियो 4. 6 मिलियन से अधिक वंचित ग्राहकों को क्रेडिट प्रदान करता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में विजुअल डेटा एनालिटिक्स पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुन्दरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में बी.टेक और बीसीए के विद्यार्थियों के लिए विजुअल डेटा एनालिटिक्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को यह सिखाना था कि डेटा का सही विश्लेषण और प्रस्तुति कैसे की जाती है, ताकि बेहतर निर्णय लिए जा सकें। कार्यक्रम में उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया और विद्यार्थियों को नई तकनीकों की जानकारी दी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता DU-CAT School of AI के विशेषज्ञ श्री रमन तिवारी थे। उन्होंने Power BI और Tableau जैसे आधुनिक टूल्स के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही इंटरएक्टिव डैशबोर्ड बनाना, डेटा स्टोरीटेलिंग, ऋच्प मॉनिटरिंग और बिजनेस इंटेलिजेंस जैसे विषयों को सरल तरीके से समझाया।



सत्र के दौरान विद्यार्थियों को रियल-टाइम डेटा पर काम करने का मौका मिला। उन्होंने डेटा का विश्लेषण करना, ट्रेंड पहचानना और रिपोर्ट तैयार करना सीखा। विद्यार्थियों ने कई प्रश्न भी पूछे, जिनका समाधान व्यावहारिक उदाहरणों के साथ किया गया। लाइव डेमो और हँड्स-ऑन प्रैक्टिस से उनकी तकनीकी समझ और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यशाला कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष वंदना शर्मा और कंप्यूटर एप्लिकेशन विभागाध्यक्ष योगिता कौशिक के नेतृत्व में आयोजित की गई। कॉलेज के शिक्षकों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुन्दरदीप एजुकेशनल सोसायटी के चेयरमैन एवं एसजीयू के कुलाधिपति महेंद्र अग्रवाल, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के उपकुलाधिपति नितिन अग्रवाल, उपाध्यक्ष अखिल अग्रवाल, प्रो-चांसलर विमल कुमार शर्मा, प्रो-चांसलर (प्रशासन) पियूष श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने इस पहल की सराहना की और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कॉलेज भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए ऐसे उद्योग-संबद्ध और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## रुद्राभिषेक कर प्रसाद किया वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गौरी शंकर मंदिर सीकरी फाटक पर रुद्राभिषेक कर 151 किलो दूध का जिला अभिषेक कर पूरी रात यज्ञ किया गया उसके बाद खीर का प्रसाद बनाकर वितरण किया गया।

इस अवसर पर सैकड़ो शिवभक्तों की संख्या रही मुख्य रूप से देवदत्त वत्स, ज्ञानी वत्स, डॉक्टर नरेंद्र त्यागी, ब्रह्मसिंह, मोहन सिंह, निखिल वत्स, चंद्रदत्त वत्स, मुकुल शर्मा, बिजेंद्र गोस्वामी, बृजमोहन महेश्वरी, राजकुमार मास्टर आदि उपस्थित रहे।



मोदीनगर। माताजी की तृतीय पुण्यतिथि पर सरस्वती शिशु मंदिर में कक्ष का निर्माण कराकर छात्रों को शिक्षा सामग्री वितरित करते मोदीनगर चेयरमैन विनोद वैशाली उनकी पत्नी सुधा देवी व अन्य परिजन,मंदिर समिति की ओर से अजय गुप्ता व अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

## अधिवक्ता के घर चोरी के विरोध में वकीलों ने की हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** बार एसोसिएशन मोदीनगर के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार गुप्ता के निर्माणाधीन आवास में हुई लाखों रुपए के सामान की चोरी के खिलाफ नाराजगी जताते हुए बार एसोसिएशन ने सोमवार को तहसील में हड़ताल की।

## गाजियाबाद के प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत: हंगामा

**लोनी।** बॉर्डर क्षेत्र की इंद्रापुरी कॉलोनी दिल्ली सहारनपुर मार्ग पर एक निजी अस्पताल में आपरेशन से बच्चे को जन्म देने के बाद प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया।

### जीडीए ने अवैध श्रीराम कुंज कॉलोनी को किया ध्वस्त

# लगातार मिल रही शिकायतों पर की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर के हापुड़ रोड पर दयावती स्कूल वाली सड़क पर मंगल विहार के समीप बिना जीडीए की अनुमति के श्रीराम कुंज के नाम से काटी जा रही कालोनी को अवैध बताते हुए ध्वस्त कर दिया गया है।कॉलोनाइजर ने विरोध किया लेकिन जीडीए अधिकारियों ने एक ना सुनते हुए निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

गौरतलब है कि यह कॉलोनी पिछले काफी समय से काटी जा रही है जिसकी शिकायत पूर्व सभासद स्व लोकेश ढोढ़ी ने भी अनेको बार जीडीए से की थी जिस पर उन्हें जान से मारने की धमकी भी स्वयं को कालोनी का पार्टनर बताने वाले एक व्यक्ति ने दी थी जिसमें लोकेश ढोढ़ी की शिकायत पर उसके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था, लोकेश ढोढ़ी की कुछ समय पूर्व एक सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है।



अब से पूर्व भी जीडीए ने कालोनी को अवैध मानते हुए तोड़फोड़ की थी लेकिन कॉलोनाइजर ने निर्माण कार्य जारी रखा था लेकिन सोमवार को जीडीए ने 3 जेसीबी लगाकर कालोनी को पूरा ध्वस्त कर दिया है। देखना यह है कि क्या कॉलोनाइजर कॉलोनी में निर्माण जारी रखते हैं या सरकारी तंत्र का कुछ भय बकाया है।

### महिलाओं के सशक्तिकरण परियोजना के माध्यम से

# राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में 100 साईकिल छात्राओं को वितरित की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ग्रेटर नेस्ट द्वारा रोटरी फाउडेशन ब्ैग्रांट स० 2600772 के अन्तर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण परियोजना के माध्यम से विभिन्न स्कूलों की छात्राओं को 900 साईकिल वितरण कार्यक्रम के प्रथम चरण में विजय नगर स्थित राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज में 100 साईकिल छात्राओं को वितरित कर कार्यक्रम कर शुभारंभ किया गया।



इस अवसर पर रोटरी गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट के द्वारा किये गये इस भव्य कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि DGE रो० अमित गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि DGN रो० रवि बाली, AG रो० अभिषेक जिंदल रहे। मुख्य अतिथि रो० अमित गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि रोटरी इन्टरनेशनल हमेशा समाज के बीच रहकर अध्ययन करता है कि आज के समय में छात्र- छात्राओं के लिए किया आवश्यक संसाधन उनके चहमुखी विकास के लिए आवश्यक होते है, उसी का आंकलन कर रोटरी इन्टरनेशनल के द्वारा अपनी परियोजनाओं में उनके वैज्ञानिक ज्ञान, शैक्षिक ज्ञान, एवं स्वास्थ्य से संम्बन्धित संशाधनों को सम्मिलित करता है, जिससे उन्हे अपने अध्ययन एवं स्कूल में उनके आवागमन में कोई असुविधा न हो इसी परिपेक्ष्य में महिला सशक्तिकरण के अर्न्तगत उन्हें साईकिल वितरण किया जा रहा है, यह उन बालिकाओं को दी जा रही है, जोकि कमजोर अर्थिक स्थिति के अर्न्तगत आती है।

विशिष्ट अतिथि DGN रो० रवि बाली ने अपने सम्बोधन में कहा कि रोटरी प्रत्येक वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा स्कूलों को सहयोग करती हैं, यह कार्यक्रम भी उसी का परिणाम है कि बालिकाऐ आत्म निर्भर बने जिससे वह समाज में प्रतिष्ठित मुकाम हासिल कर सके, यही रोटरी का प्रयास है।

मंच संचालन PDG रो० अशोक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर PDG रो० जे०के० गौड, रो० जोगिन्दर सिंह, रो० वीना श्रीवास्तव, रो० अजय गर्ग, रो० एम. सी गौड, रो० सुरेन्द्र शर्मा, रो० वरूण गौड़ रो ऊषा गौड़, रो० अरूणा अग्रवाल, प्रधानाचार्य डा विभा चौहान एवं राजकीय स्कूल की अध्यापिकाओं, आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रहीं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रधानाचार्या विभा चौहान ने इस कार्यक्रम के आयोजन में छात्राओं को साईकिले उपलब्ध कराने पर सभी रोटेरियन एवम् रोटरी इन्टरनेशनल फाउडेशन का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## सत्यापन प्रक्रिया को लेकर जीपीए ने उठाए सवाल, सौंपा सुझाव पत्र

**गाजियाबाद।** जीपीए पदाधिकारियों ने आरटीई प्रभारी धर्मेंद्र कुमार यादव ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को एक सुझाव पत्र सौंपकर प्रथम चरण के बाद रिक्त बची सीटों के डेटा को तत्काल सार्वजनिक करने की मांग की है। संगठन का आरोप है कि अक्सर स्कूल प्रशासन पोर्टल पर सीटें भरी हुई दिखाता है, लेकिन वास्तविकता कुछ और होती है अक्सर बहुत से बच्चे दस्तावेजों की कमी या अन्य कारणों से दाखिला नहीं ले पाते। इन खाली सीटों को बाद में गुपचुप तरीके से श्मैनेजश कर लिया जाता है, जिससे पात्र और गरीब बच्चे शिक्षा के हक से वंचित रह जाते हैं। जिस पर संगठन के पदाधिकारियो ने 10 सूत्रीय मांगे रखी हैं। जीपीए सचिव अनिल सिंह ने कहा कि शिक्षा का अधिकार कोई खैरात नहीं, बल्कि हर गरीब बच्चे का संवैधानिक हक है। हमें सूचना मिली है कि कुछ विद्यालय पोर्टल पर गलत जानकारी देकर सीटें छिपा रहे हैं। हम स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि यदि किसी भी स्कूल ने आरटीई रिक्त सीटों का डेटा शिक्षा विभाग को समय रहते सांझा नहीं किया,सार्वजनिक नहीं किया या पात्र बच्चों को प्रवेश देने से मना किया, ऐसे स्कूलों के विरुद्ध कठोर व अनुशासनात्मक, दंडात्मक कार्रवाई करवाने के लिए शासन प्रशासन को मजबूर किया जाएगा। विद्यालय की मान्यता रद्द करने की सिफारिश भी की जा सकती है। पारदर्शिता ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। इसी कड़ी में जीपीए प्रवक्ता नरेश कुमार कीर व उपाध्यक्ष साधना सिंह ने स्पष्ट किया कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे प्रत्येक बच्चे को सुलभ शिक्षा दिलाना जीपीए का संकल्प है।

# ग्लोबल स्कूल में हुआ क्यूटेस्ट बेबी कॉन्टेस्ट का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डॉ.के.एन.मोदी ग्लोबल स्कूल टेक्सटाइल शाखा में 16फरवरीसोमवार 2026 को 'Cutest Baby Contest Season-2' का भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। मंच संचालन का कार्यभार विद्यालय की अध्यापिका सोनिया शर्मा व पल्लवी पुंडीर ने संभाला। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ.के.एन. मोदी फाउंडेशन के प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा, फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दीपांकर शर्मा, डॉ.के.एन. मोदी ग्लोबल स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा शर्मा प्रीटीपेंग्विंस शाखा की हेडमिस्ट्रेस प्रेरणा वर्मा, टेक्सटाइल शाखा की हेडमिस्ट्रेस सपना खुराना उपस्थित रहे।



कार्यक्रम की शुरुआत दीपप्रज्ज्वलन एवं अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर की गई। इसके उपरांत माँ सरस्वती की वंदना ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। टेक्सटाइल शाखा की हेडमिस्ट्रेस सपना खुराना ने अपने संबोधन में बच्चों के समग्र विकास में अभिभावकों और विद्यालय की संयुक्त भूमिका पर प्रकाश डाला।

नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किंडरगार्टन डांस ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया। Bond of Love (Mom - Me) श्रेणी में विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिसमें माँ और बच्चे के स्नेहिल रिश्ते की सुंदर झलक देखने को मिली। देशभक्ति से ओतप्रोत आर्मी परफॉर्मेंस ने दर्शकों में उत्साह भर दिया। इसके पश्चात

फिल्मी क्रू डांस ने कार्यक्रम में मनोरंजन और ऊर्जा का रंग भर दिया। काव्य प्रेमियों के लिए काव्य सम्मेलन का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र कृष्ण कुमार शर्मा, आदित्य तिवारी, अनुकृति शर्मा और गौरांशी शर्मा व यथार्थ पल्लवी मैं ला की प्रस्तुतियों ने खूब तालियाँ बटोरीं। अंत में विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## गोल्डन आवर्स में करें साइबर अपराध की 1930 नंबर पर शिकायत

**गाजियाबाद।** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस ने तीन दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू किया है। अभियान 16 फरवरी से 18 फरवरी तक चलाया जाएगा जिसके तहत लोगों को साइबर अपराधों से बचने के तरीकों से अवगत कराया जाएगा। सोमवार को राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी के कम्युनिटी हॉल में नासिरपुर चौकी इंचार्ज राजीव कुमार ने एस आई राहुल कुमार के साथ साइबर अवेयरनेस कैंपेन चलाया गया। इस दौरान चौकी प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि साइबर अपराध की घटना होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें।

# डा. मोहन भागवत के सानिध्य मे गोष्ठी में हिस्सा लेंगे डॉ. अरुण त्यागी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की श्रृंखला में क्रीड़ा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय खेल प्रशिक्षक लेखक खिलाड़ी संवाद गोष्टी का आयोजन संघ संचालक डॉ मोहन जी भागवत के सानिध्य में 20 फरवरी को मेरठ में आयोजित किया जायेगा इस कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल प्रशिक्षक, खिलाड़ी, लेखकों, विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है संघ परिवार द्वारा मोदीनगर के खेल व शारीरिक शिक्षा के प्रसिद्ध लेखक छाया पब्लिक स्कूल के निर्देशक प्रधानाचार्य शिक्षाविद डॉक्टर



अरुण त्यागी को आमंत्रित किया गया है संघ परिवार की तरफ से अतुल जी, राजन जी, मोनू जी, डॉक्टर अमित जी, अश्वनी जी ने कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र देकर उन्हें कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया डॉ अरुण त्यागी द्वारा लिखित दर्जनों पुस्तकें विभिन्न विश्वविद्यालय, बोर्ड के पाठ्यक्रम में सम्मिलित हैं उनकी उपलब्धि पर शहर के गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## लोनी के मीरपुर हिंदू गांव में किसानों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र के मीरपुर हिंदू गांव में किसानों पर हुए लाठीचार्ज की घटना ने राजनीतिक सरगर्मियां तेज कर दी हैं। घटना की जानकारी मिलते ही गाजियाबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा किसानों के बीच पहुंचे और पुलिस प्रशासन की कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की। किसानों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल में पीसीसी सदस्य राजाराम भारती, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष उमेश त्यागी, जिला महामंत्री रिजवान मलिक, महफूज अली, विनोद धामा, बीडी दुबे और जिला सचिव सत्य प्रकाश त्यागी सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। कांग्रेस नेताओं ने इसे किसानों की आवाज दबाने की सुनियोजित कोशिश बताया। उन्होंने कहा, 'किसान देश की रीढ़ हैं। यदि उनकी आवाज को दबाया जाएगा तो कांग्रेस का हर एक सिपाही उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। हम सरकार की मंशा को सफल नहीं होने देंगे।' कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने प्रभावित किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर स्तर पर संघर्ष का भरोसा दिलाया। नेताओं ने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध हर नागरिक का अधिकार है और किसानों पर बल प्रयोग अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसानों के साथ अन्याय बंद नहीं हुआ तो पार्टी व्यापक आंदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेगी। इस घटनाक्रम के बाद क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और किसान संगठनों के साथ विपक्षी दलों की सक्रियता बढ़ती नजर आ रही है।

# सपा कार्यालय पर किया गया मासिक बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जिला एवं महानगर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। मासिक बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन ने की। महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट उपस्थित रहे। बैठक का संचालन राजन कश्यप महानगर महासचिव ने किया। बैठक का मुख्य एजेंडा गहन पुनरीक्षण अभियान SIR की समीक्षा, निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतदाता सूची (ड्राफ्ट रोल) का गहनता से निरीक्षण करना। जिन वैध मतदाताओं का नाम मतदाता सूची ड्राफ्ट रोल में नहीं आ पाया है। विलोपित हो गया है। उनका नाम कैसे मतदाता सूची में शामिल हो। इसके लिए



निर्वाचन आयोग द्वारा दिये दिशा निर्देशों को कार्यकर्ताओं को अवगत कराया गया। आप निर्धारित तिथि में दावे, आपत्ति लिखित रूप में करके आपने जो SIR गणना प्रपत्र भरा हैं। आप मतदाता सूची में अपना नाम शामिल करा सकते हैं और जिन वैध मतदातओं का नाम ड्राफ्ट रोल में नहीं आ पाया है। वह फॉर्म 6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

कार्यकर्ताओं ने एस.आई.आर में मेहनत कर सभी मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरवाया है, लेकिन निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित ड्राफ्ट रोल में जनपद की मतदाता सूची से लगभग 160000 लोगों की अभी मैपिंग नहीं हो पाई है। ऐसे मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा नोटिस जाएंगे। ऐसे मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 13 दस्तावेजों को अपने बी.एल.ओ को जमा कराकर अपने मत को सुरक्षित कर सकते हैं।

कार्यकर्ताओं से कहा गया कि पार्टी के BLA के माध्यम से ऐसे लोगों को जागरूक करें और सजग रहें।सही और उचित दस्तावेज संबंधित क्षेत्र के BLO, ERO के पास जमा कराकर अपना वोट सुरक्षित रख सकते हैं और ऐसे मतदाता जिनका नाम ड्राफ्ट रोल में नहीं आया हैऔर मतदाता सूची में शामिल नहीं है और ऐसे नए मतदाता जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं वह भी फॉर्म 6 भरकर अपने ठ स्ह्व के माध्यम से ऑफलाइन या ऑनलाइन फॉर्म भरकर मार्च में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करा सकते हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया अत्याधुनिक मल्टी लेवल कार पार्किंग का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नेहरू प्लेस स्थित छह मंजिला मल्टी-लेवल पार्किंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल का मार्गदर्शन दिल्ली के लिए सदैव प्रेरणादायी रहा है।

उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने केंद्र और उपराज्यपाल के साथ समन्वय स्थापित करने का अपेक्षित प्रयास नहीं किया, जिस कारण अनेक जनहित से जुड़े कार्य वर्षों तक लंबित रहे। इसके विपरीत, उपराज्यपाल ने विभिन्न स्थलों का स्वयं निरीक्षण कर नालों की सफाई, सड़कों के निर्माण व बुनियादी ढांचे से संबंधित परियोजनाओं की लगातार निगरानी की। वह उस समय भी दिल्लीवासियों की सेवा में सक्रिय रहे, जब व्यवस्थाएं ठहराव का सामना कर रही थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उपराज्यपाल के नेतृत्व और केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली सरकार मिलकर काम कर रही है और अच्छे नतीजे दे रही है। इसी संयुक्त प्रयास से दिल्ली को साफ, सुव्यवस्थित और विकसित बनाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। मल्टी-लेवल पार्किंग की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि यह नई छह मंजिला आधुनिक पार्किंग एक समय में 650 चार पहिया और 352 दोपहिया वाहन खड़े करने की क्षमता रखती है।

रोटेशन के आधार पर यहां प्रतिदिन करीब 2,000 वाहनों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी। उन्होंने इसे दिल्ली की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए अहम कदम बताया। उन्होंने कहा कि राजधानी के जिन इलाकों में पार्किंग की कमी है, वहां डीडीए की उपलब्ध जमीन पर पार्क या पार्किंग बनाने की व्यापक योजना तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि इससे पूर्व पंजाबी बाग में ऑटोमेटिक मल्टी-लेवल पजल पार्किंग और ग्रेटर कैलाश में आधुनिक ऑटोमेटिक शटल पार्किंग का उद्घाटन किया जा चुका है।

## करवट ले सकता है मौसम, पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मौसम बदल सकता है। मौसम विभाग ने आज रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने का अनुमान जताया है। इसके प्रभाव से हिमालयी क्षेत्रों और उत्तर पश्चिमी भारत के कुछ मैदानी इलाकों में बारिश देखी जाएगी। मौसम विभाग ने 18 फरवरी के लिए हल्की बारिश का अनुमान जताया है। इस पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में हल्की बारिश देखी जाएगी। मौसम विभाग ने इस पूरे हफ्ते दिल्ली एनसीआर में दिन के वक्त 5 से 10 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने की संभावना जताई है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दिल्ली में दोपहर से शाम तक आसमान में हल्के बादल नजर आने लगेंगे।

दिल्ली एनसीआर में 17 फरवरी से तापमान में भी बढ़ोतरी देखी जाएगी। दिल्ली में 17, 18 और 19 फरवरी को न्यूनतम तापमान 13 से 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हो सकता है । पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 18 फरवरी को दिल्ली एनसीआर में बादल छाए रहेंगे। इसी दिन दिल्ली के साथ ही एनसीआर के कुछ इलाकों दोपहर या शाम के वक्त बहुत हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखी जाएगी। इसके बाद 19 फरवरी से आसमान साफ हो जाएगा।

मौसम विभाग के अनुसार, 20 फरवरी को न्यूनतम तापमान 12 से 14 डिग्री जबकि 21 फरवरी को 12 से 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किए जाने का अनुमान है। अधिकतम तापमान की बात करें, तो दिल्ली में 16 और 17 फरवरी को इसके 27 से 29 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किए जाने का अनुमान है। दिल्ली में 18 से 21 फरवरी को अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया जाएगा। कुल मिलाकर तापमान में किसी बड़े उलटफेर का अनुमान नहीं है।

# दर्जन से अधिक मामलों में शामिल चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के बुद्ध विहार थाने के टीम ने एक चोर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से चार लाख रुपये का चोरी का सामान बरामद किया है। आरोपी पहले भी उन्नीस मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी और सेंधमारी के पांच मामलो को सुलझा लिया है।

दिल्ली के रोहिणी जिला अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजीव रंजन ने बताया कि 05 फरवरी को बुद्ध विहार थाने में दिन के समय चोरी की एक घटना की सूचना मिली थी। इसके बाद बुद्ध विहार थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी प्रशांत विहार अतुल सूद की देखरेख में, एसएचओ बुद्ध विहार मदन लाल मीणा के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अनित, विकास, मंदीप और कांस्टेबल अजय की टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने 14. फरवरी को ह्यूमन इंटेलिजेंस और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से सुल्तानपुरी से आरोपी मोहित उर्फ घ्घ्खपिटर (25) को उसके किराए के घर से पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ करने पर उसने ऊपर बताई गई चोरी में अपना हाथ होने का खुलासा किया।

पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक सोने का मंगला सूत्र, 500 ग्राम चांदी का सामान, 5510/- रुपये कैश और दो चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए है।पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी से चोरी और सेंधमारी के पांच मामलो को सुलझा लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहित उर्फ खपिटर, पहले भी इसी तरह के उन्नीस मामलों में शामिल रहा है।

## शिक्षक की जाति है पढ़ाना: प्रो. योगेश सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि शिक्षक की कोई जाति नहीं होती। शिक्षक की जाति पढ़ाना है। उसका सामाजिक कर्तव्य ज्ञान और शिक्षा प्रदान करना है। अगर कोई शिक्षक आपस में या विद्यार्थियों के साथ भेदभाव करता है तो वह ठीक नहीं। प्रो. योगेश सिंह दिल्ली विवि के शिक्षकों से संवाद के दौरान बोल रहे थे। कुलपति ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ध्यान रखें कि विश्वविद्यालय में कोई भी ऐसी अप्रिय घटना न हो जिससे सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचे। विद्यार्थियों को भी समझाएं और स्वयं भी इस विषय इस पर गंभीरता से ध्यान दें। इस दौरान कुलपति ने कॉलेजों व विभागों के विभिन्न वर्गों के शिक्षकों और विद्यार्थियों से अलग-अलग संवाद किया। कुलपति ने कहा कि यूजीसी के जो नए नियम आए हैं वह अभी माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उन्हें लेकर फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं की जानी चाहिए।

# दो स्नेचर्स को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस की एएसबी सेल ने ऑपरेशन स्ट्रीट शील्ड के तहत दो स्नैचर्स को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से स्नैच मोबाइल और क्राइम में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है।

दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि 11 फरवरी को एमएस पार्क थाने में तीन अनजान बाइक सवारों द्वारा एक मोबा. इल स्नैच करने के बारे में एक पीसीआर कॉल मिली थी। शिकायत करने वाले के बयान पर, एमएस पार्क थाने के तहत मामला दर्ज कर एसीपी ऑपरेशन मोहिंदर सिंह की देखरेख में एसआई अजय तोमर के नेतृत्व में टीम ने स्ट्रीट शील्ड" कोडनेम वाला एक ऑपरेशन शुरू किया और मौके और आस-पास के इलाकों से सीसीटीवी फुटेज हासिल करके उसे एनालाइज किया।

इसके बाद,टीम ने बाइक के मालिक से पूछताछ की गई, जिसमें उसने बताया कि उसने बाइक हर्ष विहार,के रहने वाले प्को बेची थी। इसके बाद उक्त बाइक के मालिक से पूछताछ की गई। शुरू में, उसने गोलमोल जवाब दिए, लेकिन लगातार पूछताछ करने और सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर, उसने बताया कि उसका एक जान-पहचान वाला, विमल उर्फ घ्अभि (19)11 फरवरी की सुबह बाइक ले गया था। इसके बाद,टीम ने विमल उर्फ अभि को पकड़ लिया।



**दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने पुलिस हेडक्वार्टर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के पोर्ट्रेट का अनावरण किया।**

# पुलिस आयुक्त ने किया पटेल के पोर्ट्रेट का अनावरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के 79 वें स्थापना दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने पुलिस हेडक्वार्टर,पर सरदार वल्लभभाई पटेल के एक बड़े पोर्ट्रेट का अनावरण किया। हेडक्वार्टर बिल्डिंग के सामने कांच की ऊंचाई पर लगा यह पोर्ट्रेट, बाहरी हिस्से पर एक शानदार 32-फीट ऊंचा 3क इंस्टॉलेशन है।

अनावरण समारोह दिल्ली पुलिस के सीनियर अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में हुआ।, इस मौके पर, पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा ने दिल्ली पुलिस हेडक्वार्टर के रिसेप्शन एरिया में एक मॉडल ट्रॉफी विट्रीन का भी अनावरण किया। टेक्नोलॉजिकल पहलों को और मजबूत करते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त ने पीएचक्यू में पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट (पीसीसी) और कैरेक्टर वेरिफिकेशन रिपोर्ट (सीवीआर) के लिए एक नया वेब/टैबलेट एप्लिकेशन लॉन्च किया। इसके अलावा दिल्ली पुलिस आयुक्त ने एनपीएल के परेड ग्राउंड में शॉर्ट फायरिंग रेंज में जे जे प्रीमियर लीग (T-10 क्रिकेट टूर्नामेंट) का भी उद्घाटन किया। इससे पहले न्यू पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउंड में आयोजित दिल्ली पुलिस स्थापना दिवस परेड में दिल्ली पुलिस आयुक्त ने अपने भाषण में पूरे दिल्ली पुलिस परिवार की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत किया और आगे कहा कि दिल्ली की सुरक्षा सुनिश्चित करना राष्ट्रीय महत्व की जिम्मेदारी है और इस कर्तव्य को निभाने में, दिल्ली पुलिस को गृह मंत्रालय के स्पष्ट मार्गदर्शन और लगातार समर्थन से बहुत ताकत मिलती है। साल 2025 में "ड्रग-फ्री इंडिया" के अपने वादे को पक्का करते हुए, दिल्ली पुलिस ने 6,144 किलोग्राम नारकोटिक ड्रग्स जब्त किए। नारकोटिक्स नेटवर्क की आर्थिक रीढ़ को खत्म करने के लिए, 2025 में ड्रग ट्रैफिकिंग से जुड़ी 44 प्रॉपर्टीज जब्त की गईं।

## जाह्नवी कपूर ने 'मिरेकल रेस्क्यू बांड रिपेयर' से परिचित कराया

**नई दिल्ली।** पैंटीन ने मिरेकल रेस्क्यू बॉन्ड रिपेयर कंडीशनर लॉन्च किया है। यह फॉर्मूला बालों को हुए तीन साल तक के नुकसान को ठीक करने और टूटे हुए हेयर बॉन्ड्स को फिर से जोड़ने में मदद करता है। लॉन्च के अवसर पर जान्हवी कपूर ने अपनी ब्यूटी जर्नी का उल्लेख करते हुए कहा, "मुझे अपने बालों के साथ प्रयोग करना बहुत पसंद है। जब मैं स्क्रीन पर अलग-अलग किरदार निभाती हूं, तो मेरे बाल उन्हें जीवंत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए प्रॉक्टर एंड गैंबल इंडिया के सीनियर डायरेक्टर एवं कैटेगरी लीडर ख्र ब्यूटी, विक्रमजीत सिंह ने कहा विज्ञान पर आधारित यह नवाचार पैंटीन की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# मुख्यमंत्री के निगम को विशेष वित्तीय सहयोग का स्वागत : सत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा दिल्ली नगर निगम को सड़क निर्माण, सफाई व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, शिक्षा सुधार एवं साम. ुदायिक भवनों के विकास हेतु प्रदान किए गए विशेष वित्तीय सहयोग का हार्दिक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राजधानी के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है।

सत्या शर्मा ने कहा कि लगभग 1330 करोड़ रुपये की लागत से 60 फुट से कम चौड़ी सड़कों के निर्माण, मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण की योजना से दिल्ली की आधारभूत संरचना को नई मजबूती मिलेगी। लगभग 1000



किलोमीटर सड़कों के उन्नयन से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

उन्होंने सफाई व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए स्वीकृत 2300 करोड़ रुपये की दीर्घकालिक योजना का भी स्वागत करते हुए कहा कि मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों एवं इलेक्ट्रिक लिटर पिकर की तैनाती से सफाई व्यवस्था अधिक प्रभावी, पारदर्शी और पर्यावरण अनुकूल बनेगी। यह कदम प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में स्थायी समाधान सिद्ध होगा।

स्थायी समिति अध्यक्ष ने नगर निगम के प्राथमिक विद्यालयों के सुधार हेतु अतिरिक्त 50 करोड़ रुपये तथा सामुदायिक भवनों की मरम्मत एवं उन्नयन के लिए 50 करोड़ रुपये के बजट आवंटन को अत्यंत सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि इससे निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा और छोटे क्षेत्रों में स्थित साम. ुदायिक भवनों का उपयोग करने वाले नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी।

## यूजीसी गाइडलाइन के खिलाफ जेएनयूएसयू ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विवि छात्रसंघ ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के परामर्श को लागू करने और छात्रों के निष्कासन आदेशों को रद्द करने जैसे मुद्दों पर विश्वविद्यालय परिसर में रविवार रात छात्रों ने चेतावनी रैली निकाल के विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहें छात्रों ने अपने हाथों में बड़ा पोस्टर पकड़ रखा था, जिसमें चेतावनी रैली लिखा था। इसके साथ ही छात्रों ने नारेबाजी भी की। उल्लेखनीय है कि, विश्वविद्यालय प्रशासन ने हाल के वर्षों की सबसे सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए जेएनयूएसयू अध्यक्ष अदिति मिश्रा, उपाध्यक्ष गोपिका के. बाबू, महासचिव सुनील यादव और संयुक्त सचिव दानिश अली को दो सेमेस्टर के लिए निष्कासित कर दिया था।

# 9वीं शिव रथ यात्रा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर इन्द्रप्रस्थ संजीवनी ने दिल्ली में शिव रथ यात्रा का भव्य आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्री सनातन धर्म मंदिर नारायणा विहार से की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना, एनडीएमसी के सदस्य अनिल बाल्मीकि, जगद्गुरु प्रपन्नाचार्य जी, कथा वाचक स्वामी मधुर जी, गुरु माँ पूजा गिरी महाराज, डॉ दयालु जी महाराज उपस्थित रहे।



संस्था के अध्यक्ष डॉ. संजीव अरोड़ा गंगापुत्र ने सभी अतिथियों का स्वागत महादेव जी का त्रिशूल देकर किया। इस अवसर पर संस्था के अन्य सदस्यों ने मां गंगा की प्रतिमा भी अतिथियों को भेंट की। सनातन धर्म मंदिर नारायण विहार के अध्यक्ष विनय भूषण सिंह, महामंत्री अशोक बत्रा, कोषाध्यक्ष संजय वीर ने अंग वस्त्र पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया।

डॉ. अरोड़ा ने इस अवसर पर बताया कि इस वर्ष यह संस्था की नवम शिव रथ यात्रा है। गत 8 वर्षों से लगातार यह शिव रथ यात्रा नारायणा से प्रारंभ होकर पश्चिमी दिल्ली में घूमती हुई नारायणा वापस आकर समाप्त होती है।

## रमजान मुबारक के महीने का एहतराम करें: मुफ्ती गुफरान

**नजीबाबाद।** मस्जिद मकबरा नवाब नजीबुद्दौला कमेटी की रमजान के मुबारक महीने की तैयारी को लेकर एक मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें रमजान माह में नमाजियों को किसी भी तरह की कोई असुविधा ना हो। इस पर भी विचार किया गया। मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौहम्मद गुफरान ने बताया कि पहले की तरह इस बार भी बार. हवीं शब में कुरान करीम खत्म होगी। मुफ्ती ने सभी मुसलमानों से अपील की है कि वह रमजान का एहतराम करें, रोजों व तरावीह का एहतिमाम करें, अपने आस पड़ोस में रहने वाले गरीबों व कमजोरों का खास ख्याल रखें। इस मौके पर मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# देश में नफरत का माहौल ज्यादा दिन नहीं टिकेगा: प्रो. अख्तरुल वासे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समाज, स्वास्थ्य, शिक्षा, कला, व्यवसाय और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से फेस ग्रुप द्वारा "फेस भारत रत्न अवॉर्ड 2026" का आयोजन ले एलिगेंट होटल में किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मान समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों से आए समाजसेवियों, शिक्षाविदों, कलाकारों और पेशेवरों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व समाज राष्ट्रीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ताहिर सिद्दीकी ने की, जबकि पद्मश्री प्रोफेसर अख्तरुल वासे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर दरगाह हजरत निजामुद्दीन औलिया के चीफ इंचार्ज सैयद काशिफ अली निजामी, विवेकानंद योगाश्रम के प्रमुख डॉ. आचार्य विक्रमादित्य, ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रितु चौधरी, पूर्व विधायक नितिन त्यागी, हाशमी ग्रुप ऑफ कंपनीज के निदेशक एडवोकेट डॉ. अयाजुद्दीन हाशमी, फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गुरचरन सिंह राजू, संजय मलिक, बसपा के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी मोहम्मद वकार चौधरी, दिल्ली नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष मौ. अहसान कुरैशी, ऑल इंडिया इमाम फाउंडेशन के अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद आरिफ कासमी, डॉल्फिन फुटवेयर के निदेशक सैयद



फरहत अली, पूर्व एसीपी शेख सैफुद्दीन, सैयद शाकिर हसन और नियामपाल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंच का संचालन दानिश अय्यूबी और उजमा अंसारी ने किया। समारोह में मनोरंजन जगत से विश्व प्रसिद्ध शायर डॉ. ऐजाजुद्दीन शाह 'पॉपुलर मेरठी', बॉलीवुड अभिनेता राज शर्मा और हरियाणवी गायक सुल्तान वीवीआईपी को सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर अख्तरुल वासे ने कहा कि इस तरह के आयोजन आपसी सौहार्द को मजबूत करते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

उन्होंने कहा कि देश में नफरत का माहौल ज्यादा समय तक नहीं टिकेगा और जल्द ही अमन-चौन और भाईचारे का वातावरण मजबूत होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ताहिर सिद्दीकी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को जोड़ने वाले लोगों का सम्मान आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में और अधिक ऊर्जा के साथ राष्ट्रहित में कार्य कर सकें।

आयोजन की सफलता में डॉ. बिलाल अंसारी, शबाना अजीम, जैनब अंसारी, खुशी अंसारी, नरेंद्र सिंह, शहनाज अख्तर, रफीक अहमद, सानिया परवीन, मुमताज अली चिश्ती और मोहम्मद जावेद की विशेष भूमिका रही।

# नांगलोई में इक्कीस साल पहले की थी हत्या, पति-पत्नी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नांगलोई में हुए इक्कीस साल पुराने हत्या के मामले को सुलझा कर

आरोपी पति पत्नी को बांका बिहार से गिरफ्तार किया है।आरोपियों को तीस हजारी कोर्ट ने पीओ घोषित किया था। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) विक्रम सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल 2004 को सुबह 4:30 बजे, शिकायतकर्ता (मृतक का भाई) शादी से वापस आया, तो उसने घर बंद पाया। उसे पीछे से घर में घुसना पड़ा और अपनी बहन को बिस्तर पर मरा हुआ पाया। उसका गला कटा हुआ था और उसके गले से खून बह रहा था। शिकायत पर नांगलोई थाने के तहत मामला दर्ज किया था।हत्या करने के बाद आरोपी फरार ही गये थे और उन्हें पीओ घोषित किया गया था।

इस दौरान अपराध शाखा की टीम ने नांगलोई थाने के एक 21 साल पुराने हत्या के मामले में शामिल आरोपियों को ट्रेस करने के लिए काम करना शुरू किया।इसी बीच10 फरवरी को एसीपी अशोक शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर पुखराज सिंह के नेतृत्व में टीम ने खास जानकारी और टेक्निकल सर्विलांस के आधार पर,ने बिहार के बांका जिले के एक गांव से आरोपी सिकंदर / सुकवा (60)और उसकी पत्नी (55) को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी सिकंदर ने बताया कि वह मृतका के पिता का बहुत अच्छा दोस्त था और उसके वॉटर-प्रूफिंग प्रोजेक्ट्स पर उसके साथ मजदूर के तौर पर काम करता था। मृतक के पिता एक कॉन्ट्रैक्टर थे और उन्होंने कई सालों से उसकी मजदूरी नहीं दी थी। यह भी पता चला कि मृतक के पिता ने अपनी कमाई से सिकंदर के नाम पर एक प्लॉट खरीदने का वादा किया था, लेकिन ऐसा भी नहीं किया। इन पैसे की दिक्कतों की वजह से सिकंदर और उसकी पत्नी ने बदला लेने के इरादे से लड़की की हत्या की साजिश रची। आरोपियों ने एक मासूम नाबालिग लड़की का चाकू से गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी और भाग गए।

## एसजीटी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्री गुरु गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी विश्व. विद्यालय, गुरुग्राम ने अपने परिसर में एक विशेष दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह समारोह उन विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया, जिनके उल्लेखनीय कार्यों और आजीवन योगदान ने सार्वजनिक जीवन, सेवा और नेतृत्व के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। विश्वविद्यालय ने हरियाणा सरकार की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं आईविश मंत्री श्रीमती आरती सिंह राव तथा पद्मश्री सम्मानित श्री बिमल कुमार जैन संस्थापक महासचिव, भारत विकास विकलांग न्यास एवं दधीचि देह दान समिति, पटना, बिहार को प्रतिष्ठित मानद साहित्य विद्या वारिधि उपाधि प्रदान की।

समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के नेतृत्व की उपस्थिति रही। इनमें एसजीटी विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति पद्म भूषण श्री राम बहादुर राय सहित शासी निकाय के सदस्य, संकाय सदस्य, शोधार्थी, मीडिया प्रतिनिधि तथा सम्मानित व्यक्तियों के परिवार. जन शामिल थे।

# केंद्रीय गृह मंत्री ने दिल्ली पुलिस के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहका. रिता मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में दिल्ली पुलिस के 79वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि अंग्रेजों द्वारा 150 साल पहले बनाए गए कानूनों को निरस्त कर अब न्याय-केन्द्रित न्याय प्रणाली हमने स्थापित की है। गृह मंत्री ने कहा कि अगले दो साल में इन कानूनों पर पूर्ण अमल होने के बाद देशभर में किसी भी एफआईआर पर सुप्रीम कोर्ट तक तीन साल में फैसला हो जाएगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नई न्याय संहिताओं में बच्चों और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर एक अल्ग अध्याय जोड़ा गया है और ई- एफआईआर और जीरो एफआईआर को कानूनी संबल दिया गया



है। प्ब्श्रै के तहत पुलिस, न्यायपालिका, फॉरेंसिक साइंस, अभियोजन और कारागार को जोड़कर उनकी सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि छोटे अपराधों में दंड के रूप में साम. ुदायिक सेवा को पहली बार कानूनी जामा पहनाया गया है। शाह ने कहा कि 7 साल से अधिक सजा के प्रावधान वाले अपराधों में फॉरेंसिक विजिट को अनिवार्य किया गया है। देश के कानूनों मे पहली बार आतंकवाद को परिभाषित किया गया है और देश छोड़कर भागे अपराधियों के लिए Trial inAbsenti की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि घोषित अपराधियों की भारत के बाहर संपत्तियों को कुर्क करने का प्रावधान किया गया है। साथ ही नए कानूनों में डायरेक्टर ऑफ प्रॉसीक्यूशन को नए प्रकार से महत्व दिया गया है। दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड्स को कानूनी मान्यता देने का काम भी किया गया है।अमित शाह ने कहा कि नई न्याय सं. हताओं पर पूर्ण अमल के बाद हमारी न्याय प्रणाली दुनियाभर में सबसे आधुनिक होगी।

उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के सिंडिकेट, जाली नोटों के गिरोह, जटिल साइबर अपराध हों या संगठित अपराध, दिल्ली पुलिस ने शांति व सुरक्षा के हर क्षेत्र में सफलतापूर्वक कार्य किया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से 2026 तक के 12 वर्ष, देश की आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में स्वर्णिम काल के रूप में अंकित किए जाएंगे।तीन नए कानूनों के पूर्ण इम्प्लीमेंटेशन के बाद देशभर में दोष सिद्धि दर बहुत अधिक बढ़ जाएगी।

# लूट के दो मामलों में भगोड़ा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो अलग-अलग लूट मामलों में भगोड़े को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान बुराड़ी निवासी मंगलू उर्फ मंगू (35) के रूप में हुई है। आरोपित को दोनों मामलों में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया गया था।

क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने सोमवार को बताया कि वर्ष 2015 और 2024 में संबंधित अदालतों ने मंगलू को भगोड़ा करार दिया था। पुलिस के मुताबिक, 4 जुलाई 2011 को आरोपित ने अपने दो साथियों के साथ बुराड़ी इलाके में एक मकान में जबरन घुसकर परिवार को डराया-धमकाया और नकदी व जेवरात लूट लिए थे। इसके बाद 3 दिसंबर 2011 को उसने एक अन्य वारदात में चाकू की नोक पर मोबाइल फोन लूट लिया था। दोनों घटनाओं के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार क्राइम ब्रांच भगोड़े बदमाशों को पकड़ने का अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी की। इस दौरान एसआई कुलदीप को सूचना मिली कि आरो. पित संत नगर बुराड़ी में देखा गया है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस ने जाल बिछाकर आरोपित को गिरफ्तार किया।

# महापंचायत में गूंजे किसानों के मुद्दे

## किसान मजदूर संगठन ने भरी हुंकार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव भैंसानी इस्लामपुर में भारतीय किसान मजदूर संगठन की महाप. चायत युवा जिला अध्यक्ष शहजाद पुंडीर के आ]वान पर आयोजित की गई। महापंचायत में सैकड़ों की संख्या में संगठन पदाधिकारी, किसान, मजदूर एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

महापंचायत में किसानों और मजदूरों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने किसानों की आर्थिक स्थिति, फसल के उचित दाम, बढ़ती खेती लागत, बिजली-पानी की समस्या और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि किसान बढ़ती महंगाई और लागत के दबाव में परेशान है, लेकिन उसकी उपज का उसे वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा।

मजदूर वर्ग की समस्याओं पर भी चिंता जताई गई। कहा गया कि ग्रामीण मजदूरों को पर्याप्त रोजगार और सामाजिक सुरक्षा नहीं मिल रही, जिससे परिवारों की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

### डॉ. आसिफ ने जनप्रति. निधियों पर साधा निशाना

महापंचायत में उस समय माहौल गरमा गया जब युवा जनसेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ। आसिफ ने क्षेत्रीय विधायक और सांसद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने गांव में कथित पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि बेगुनाह ग्रामीणों को परेशान किया गया और घरों में घुसकर लाठियां बरसाई गईं।

उन्होंने कहा, जब गांव ने 97 प्रतिशत मतदान कर अपने जनप्रति. निधियों को भारी बहुमत से जिताया, तो क्या उसी गांव के लोगों पर हो रहे अत्याचार पर चुप्पी साध लेना उचित है?

### 20 हजार की आबादी, फिर भी अस्पताल नहीं

डॉ। आसिफ ने गांव की स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए बताया कि लगभग 20 हजार की आबादी वाले गांव में कोई सरकारी अस्पताल नहीं है। गंभीर बीमारी की स्थिति में ग्रामीणों को अन्य शहरों में जाना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि संगठन इस मुद्दे को भी मजबूती से उठाए और गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना कराई जाए। महापंचायत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह ने ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि संगठन किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगा। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी किसानों के साथ अन्याय होगा, संगठन उनके साथ खड़ा रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि फसल का उचित मूल्य, मजदूरों को रोजगार, और गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए संगठन निरंतर संघर्ष करता रहेगा। यदि प्रशासन स्तर पर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।

सभा में इमरान शहजाद पुंडीर (युवा जिला अध्यक्ष शामली), ठाकुर लाखन सिंह (जिला अध्यक्ष शामली), मनव्वर, मास्टर मोहब्बत, अदनान, आसिफ इरफान, गुलबहार, रकीब, आजाद राणा, मास्टर इकराम, राव आजाद, राव कामिल प्रधान सहित बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और ग्रामीण मौजूद रहे।

# शामली में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर समीक्षा बैठक, अधिकतम वाद निस्तारण पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैरानाध्शामली में आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशध्पॉक्सो कोर्ट सीमा वर्मा ने की। बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अधिका. रियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित मामलों को चिन्हित कर उनका अंतिम रूप से निस्तारण सुनिश्चित कराएं, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस दौरान प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिभा, पुलिस क्षेत्राधिकारी थानाभवन जित. ेंद्र सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रोहित राजपूत, राजस्व विभाग से कुलदीप कुमार, अमर देशवाल, एलडीएम अनिल कुमार तथा कैराना कोतवाली से एसआई विनोद राघव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभी विभागों से समन्वय बनाकर अधिकतम वादों के निस्तारण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

### दो अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध चाकू व भैंस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना थानाभवन पुलिस ने पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 45/26 के तहत कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक दीपचन्द ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए फैजान पुत्र इमरान, निवासी ग्राम बघरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर, हाल निवासी मोहल्ला न्याजूपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर तथा फिरोज पुत्र मुस्तकीम, निवासी मोहल्ला न्याजूपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। एक भैंस और भैंस का बच्चा भी बरामद हुआ है।

## नाले किनारे दोबारा रास्ता खोलने पर एसडीएम से शिकायत

**चौसाना।** लव्वा दाउदपुर में बंद कराए गए रास्ते को दोबारा खोलकर निर्माण कराने का मामला सामने आया है। ग्रामीण ने उपजिलाधिकारी ऊन को प्रार्थना पत्र देकर नाले के किनारे बनाए जा रहे गेट व दीवार को अवैध बताते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की है। चौसाना क्षेत्र के लाव्वादाउदपुर में धर्मेन्द्र पुत्र धर्मपाल ने तहसील ऊन दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में एक मकान के पास पूर्व दिशा की ओर रास्ता निकालने का प्रयास पहले भी किया गया था। शिकायत पर अधिकारियों ने जांच की थी, जिसमें मकान नाले के ऊपर होने के कारण रास्ता व गेट खुलवाने की अनुमति नहीं दी गई थी। पूर्व में नाले में गिरकर एक बच्चे की मौत भी हो चुकी है, जिस कारण सुरक्षा को देखते हुए पश्चिम दिशा की ओर का रास्ता बंद करा दिया गया था। आरोप है कि अब दोबारा उसी स्थान पर गेट लगाकर दीवार का निर्माण किया जा रहा है। इससे फिर किसी हादसे की आशंका बनी हुई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि दबंगता के बल पर लगातार निर्माण कार्य जारी है, जिससे ग्रामीणों में रोष है। उपजिलाधिकारी से मामले की अन्य अधिकारी से जांच कराकर अवैध निर्माण रुकवाने व लगाए गए गेट को तुरंत बंद कराने की मांग की है।

## एक नजर

### कोर्डिनेटर ओम प्रकाश शर्मा हाउस अरेस्ट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लखनऊ में कल मंगलवार 17 फरवरी को प्रस्तावित उत्तर प्रदेश कांग्रेस के विधानसभा घेराव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य और कोर्डिनेटर सहारनपुर ओम प्रकाश शर्मा को हिरासत में लेकर पुलिस ने उन्हें उनके शामली स्थित आवास पर हाऊस अरेस्ट किया । कांग्रेस नेता ने इस कार्रवाई को मजदूरों, गरीबों और आमजन के अधिकारों की आवाज दबाने का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ भाजपा सरकार कांग्रेस नेताओं को हिरासत में लेकर नजरबंद कर रही है। लेकिन कांग्रेस के लोग अपने प्रिय नेता राहुल गांधी और अजय राय के आह्वान पर देश प्रदेश में किसान मजदूर की आवाज को लगातार बुलंद करते रहेंगे । ओम प्रकाश शर्मा ने इस कार्रवाई को पूरी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनहित की लड़ाई से पीछे नहीं हटेगी और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

### नौकरी के बहाने ले जाकर युवक को जिंदा जलाने का आरोप, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कैराना।** कोतवाली कैराना क्षेत्र के मोहल्ला छड़ियान निवासी एक युवक को नौकरी दिलाने के बहाने ले जाकर जिंदा जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित गंभीर रूप से झुलसा हुआ है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। परिजनों ने दो आरोपियों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। मोहल्ला छड़ियान निवासी इनाम पुत्र रफीक ने कोतवाली कैराना में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पुत्र सुफियान को ग्राम गंगेरू निवासी वली पुत्र शमीम व अफसर पुत्र रहीस विगत 11 फरवरी को कपड़े के काम पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गए थे। आरोप है कि दोनों युवक को किसी अज्ञात स्थान पर ले गए, जहां जान से मारने की नीयत से उसके शरीर पर आग लगा दी। परिजनों के अनुसार, सुफियान गंभीर रूप से झुलस गया। आरोप है कि रविवार को शाम करीब 5रू30 बजे दोनों आरोपी उसे जली हुई हालत में सड़क पर छोड़कर फरार हो गए। मौके पर मौजूद महताब, सलमान और असलम ने आरोपियों को जाते हुए देखा और घायल युवक को उठाकर उसके घर पहुंचाया। परिवार के लोगों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। पीड़ित की हालत अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। पीड़ित के पिता ने आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### बीएलओ व पुत्र से मारपीट करने वाला पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एस आई आर नोटिस तामील कराने गई बीएलओ ओर बेटे के साथ मारपीट करने वाले आरोपी गुलाब को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। रविवार को क्षेत्र के गांव जैनपुर में बीएलओ बबीता अपने पुत्र के साथ गांव में ही गुलाब से एस आई आर नोटिस को तामिल कराने उसके घर पहुंची थी। जहां पर बबीता के साथ गुलाब ने अभद्रता करते हुए गाली-गलौच करने लगा।जब बबीता के पुत्र ने इसका विरोध किया तो गुलाब ने बीएलओ के पुत्र पर हमला कर दिया था। जिसमें वह घायल हो गया था। मामले में बीएलओ बबीता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसके बाद पुलिस ने रविवार की देर रात आरोपी गुलाब को गिरफ्तार किया है। सोमवार को गुलाब सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया बीएलओ के साथ मारपीट करने के मामले में आरोपी गुलाब को गिरफ्तार कर चालानी कार्रवाई की गई है।

### महाकालेश्वर संकीर्तन का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि शहर के मंदिर हनुमान धाम हनुमान टीला पर महा. शिरात्रि पर्व के अवसर पर चतुर्थ महाकालेश्वर संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आए कलाकारों द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी को झूमने पर विवश कर दिया गया। गत रविवार देर रात्रि शहर के मंदिर हनुमान धाम परिसर में महाशिरात्रि पर्व के अवसर पर चतुर्थ महाकालेश्वर संकीर्तन का शुभारंभ चेयरमैन अरविन्द संगल, नितिन जिंदल, दुर्गेश वर्मा, विवेक प्रेमी ने किया। इस दौरान 151 किलो फूलों से बाबा का श्रृंगार किया गया था। संकीर्तन में शिव पार्वती विवाद की मनमोहक झांकिया प्रस्तुत की गई। ढोल नगाडों द्वारा भव्य दिव्य एवं आलौकिक आरती हुई। इसा दौरान बाहर से आए कलाकारों द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए गए। भगवान शिव की भजनों को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए थे। बाद में प्रसाद भी वितरित किया गया। इस अवसर पर रामकुमार वर्मा, देवानंद गौड, गौरव वर्मा, अरविन्द .ष्टा महाराज आदि मौजूद रहे।

# ब्रिटिश कोलंबिया इंटरनेशनल स्कूल का भव्य शुभारंभ, 50 विद्यार्थियों को मिलेगा निःशुल्क प्रवेश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना पानीपत बाईपास स्थित ब्रिटिश कोलंबिया इंटरनेशनल स्कूल का रविवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह के बीच विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में हरी ग्रुप के प्रबंधक सुभाष चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उन्होंने फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर विद्यालय का उद्घाटन किया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, अभिभावक, समाजसेवी और शिक्षाविद शामिल हुए, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उल्लास से सराबोर रहा। विद्यालय के चेयरमैन सुफियान चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि कैराना क्षेत्र के विद्यार्थियों को महानगरों जैसी आधु. निक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनका लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में नवीन शिक्षण पद्धति, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग संसाधन, अनुभवी शिक्षकों की नियुक्ति तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यालय में सह-पाठड्क्रम गति. विधियों, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों को समान प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्य अतिथि सुभाष चौधरी ने विद्यालय प्रबंधन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की प्रगति की आधारशिला होती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह विद्यालय क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा स्थापित करेगा और अपनी विशिष्ट पहचान बनाएगा। उद्घाटन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रवेश देने की घोषणा की।

इस निर्णय से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को विशेष लाभ मिलेगा। घोषणा के बाद अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को विद्यालय परिसर का निरीक्षण कराया गया, जहां आधुनिक सुविधाओं और सुसज्जित कक्षाओं की सभी ने सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

### अलग-अलग मामलों में चार दोषियों को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** अदालत ने अलग-अलग मामलों में चार दोषियों को सजा सुनाई है। शामली पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते जानलेवा हमला, मादक पदार्थ तस्करी, चोरी और कूटरचना के मामलों में यह निर्णय आया।

थाना झिंझाना में वर्ष 2015 में दर्ज मुकदमा संख्या 224ध15 में आरोपी साजिद उर्फ पाव पुत्र रशीद निवासी नौकुआ रोड घेर बुखारी, थाना कोतवाली शामली को धारा 307 भादवि में सात वर्ष के कारावास और 5000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। साथ ही धारा 25 शस्त्र अधिनियम में तीन वर्ष के कारावास व एक हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

वर्ष 2020 में थाना झिंझाना में दर्ज मुकदमा संख्या 480ध्2020 द्धधारा 18ध्20 एनडीपीएस एक्टद्ध में आरोपी संजय उर्फ संजू पुत्र विक्रम बावरिया निवासी खानपुर कला को 5 वर्ष 4 माह 15 दिन के कारावास और पांच हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया है।

थाना कांधला में वर्ष 2006 में दर्ज मुकदमा संख्या 345ध्2006 द्धधारा 379, 411 भादविद्ध में आरा. ेपी शहनवाज पुत्र अब्बास निवासी ग्राम गंगेरू को जेल में बिताई गई अवधि द्धपांच माहद्ध की सजा से दंडित किया गया।

2017 में थाना कांधला में दर्ज मुकदमा संख्या आरोपी अनीस पुत्र उमरदीन निवासी मौहल्ला खेल को न्यायालय उठने तक की सजा व एक हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध सशक्त पैरवी आगे भी जारी रहेगी, ताकि दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके।



# सालाना इजलास-ए-आम सम्पन्न, दो छात्रों की हुई दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना के मोहल्ला आल खुर्द स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया दारे अरकम में सालाना इजलास-ए-आम (वार्षिक जलसा) का आयोजन धार्मिक उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए उलेमा-ए-इकराम ने दीनी तालीम की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए समाज को शिक्षा और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आगाज तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। मदरसा मोहतमिम कारी मोहम्मद याकूब साहब ने आए हुए सभी उलेमा और मेहमानों का स्वागत करते हुए मदरसे की शैक्षिक प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दीनी और दुनियावी तालीम का संगम ही बेहतर समाज की नींव है। इस अवसर पर दो छात्रों अब्दुल समद कासमी और रिहान अमजद की दस्तारबंदी की गई। दस्तारबंदी के दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ छात्रों का उत्साहवर्धन किया। दोनों छात्रों के अभिभावकों ने मदरसा प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मुस्कान, बिलाल, रिहान, उवैस सहित अन्य बच्चों ने नात, तकरीर और हम्द पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसकी सभी ने सराहना की। समारोह के अंत में हजरत मौलाना कारी आस मोहम्मद ने सामूहिक दुआ कराई। कार्यक्रम में मौलाना मोहम्मद नाजिम, मौलाना वासिल अल हुसैन, मौलाना वसीम, मौलाना नफीस, मौलाना आफताब, मौलाना नसीम, मौलाना अल्ताफ और मुफ्ती साजिद सहित कई गणमान्य उलेमा मौजूद रहे। मदरसा कमेटी के सदस्य हाजी मोहम्मद उमर, तस्लीम, कल्लन, कासिम, हामिद, जाहिद, नौशाद समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# एसडीएम ने ग्रामीण मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, एसआईआर कार्य की समीक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** तहसील क्षेत्र में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत एसडीएम निधि भारद्वाज ने ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों द्धबीएलओद्ध को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम ने इस्सोपुर खुरगान, मंडावर, मवी तथा नगला राई गांवों में स्थापित मतदान बूथों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन, विलोपन और त्रुटि सुधार से संबंधित अभिलेखों की जांच की तथा मौके पर उपस्थित बीएलओ से कार्य की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के आदेशों के अनुरूप एसआईआर प्रक्रिया को पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। एसडीएम ने बताया कि जिन मतदाताओं द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है, उन्हें नियमानुसार नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही, मतदाता सूची में दर्ज नाम, पता व अन्य विवरणों में पाई गई त्रुटियों को दुरुस्त करने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि मतदाता सूची शुद्ध एवं अद्यतन रहे, जिससे आगामी निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके।

# एनएसएस शिविर के छठे दिन स्वच्छता व स्वास्थ्य पर दिया गया संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन की शुरुआत स्वयंसेविक. ाओं द्वारा प्रार्थना, योगाभ्यास एवं लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठें उठें के सामूहिक गान से की गई।इसके पश्चात कार्यक्रम अधिक. ारी डॉ. श्याम बाबू के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल स्थित शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की।शिविर के द्वितीय सत्र में स्वच्छ भारत एवं स्वस्थ भारत विषय पर गृह विज्ञान की प्रवक्ता डॉ। नयना शर्मा ने व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य का हमारे जीवन में विशेष महत्व है और स्वास्थ्य का स्वच्छता से गहरा संबंध है। उन्होंने बताया कि गंदगी के कारण डायरिया, प्लेग, हैजा जैसी अनेक बीमारियां फैलती हैं, जो शरीर को कमजोर बना देती हैं।डॉ। शर्मा ने दूषित जल, प्रदूषित वायु एवं मिलावटी खाद्य सामग्री को आज की प्रमुख समस्याएं बताते हुए इनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# कुट्टू का आटा खाने से 150 से अधिक लोग बीमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट की इको विलेज-3, हिमालया प्राइड, समृद्धि ग्रैंड, रॉयल कोर्ट और चिपियाना की हर्ष विहार सोसाइटी के निवासियों को महाशिवरात्रि पर कुट्टू का आटा खाना भारी पड़ गया। आरोप है कि कुट्टू का आटा खाने से इन पांच सोसाइटियों में 150 से अधिक लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती शामिल हैं। सभी को उल्टी-दस्त और पेट दर्द की समस्या हुइ। रविवार रात तक 50 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं अन्य ने घर पर दवा ली। वहीं अच्छेजा गांव में भी कुट्टू का आटा खाने से 9 से अधिक बच्चे बीमार हो गए।








महाशिवरात्रि पर सभी ने अपनी-अपनी सोसाइटी की मार्केट की दुकान से कुट्टू का आटा खरीदा। स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला है कि सभी ने ए-प्योर ब्रांड का कुट्टू का आटा खरीदा था। व्रत खोलने के बाद लोगों ने कुट्टू के आटे के पकवान खाए। रात करीब 8 बजे के बाद लोगों की तबीयत खराब होने लगी। निवासियों ने बताया कि सबसे पहले हाथ-पैर सुन होने लगे। उसके बाद उल्टी-दस्त शुरू हो गए। पेट दर्द की समस्या भी रही। शुरुआत में लोगों ने ध्यान नहीं दिया और अस्पताल जाने लगे। रात 12 बजे तक स्थिति खराब हो गई। एक के बाद एक लोग सेक्टर-3 स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचे।

कई परिवार ऐसे थे, जिनके 6 से 7 सदस्य बीमार थे। सभी को भर्ती कर अस्पताल में इलाज किया गया। सोमवार शाम तक कुछ लोगों को छुट्टी देकर घर भेज दिया गया, लेकिन कुछ का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**घर पर चल रहा है कई का इलाज:** कुट्टू का आटा खाने से 150 से अधिक लोगों बीमार हो गए। गंभीर रूप से घायल अस्पताल पहुंच गए। जिन्हें ज्यादा समस्या नहीं आई उन्होंने आसपास के क्लीनिक से दवा लेकर घर पर आराम किया। खाद्य विभाग केवल अस्पताल के आंकड़ों को मान रहा है। केवल ग्रेनो के एक निजी अस्पताल में ही 37 लोग इलाज के लिए पहुंचे थे।

# कुट्टू आटा प्रकरण पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की त्वरित कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में कुट्टू का आटा खाकर लोगों के बीमार होने की घटना का त्वरित संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा प्रभावित लोगों की जानक. ारी प्राप्त की गयी। कुट्टू का आटा के सेवन से बीमार होने तथा आटा खरीदने वाली दुकान की जानकारी प्राप्त करके इको विलेज 3 सुपर टेक ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित विकास जनरल स्टोर से कुट्टू का आटा का 01 नमूना, हिमालयन प्राइड ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अपना स्टोर से कुट्टू का आटा का 01 नमूना तथा रॉयल कोर्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित प्रशांत स्टोर से कुट्टू का आटा का 01 नमूना लिया गया तथा इस स्टोर का खाद्य लाइसेंस/ पंजीकरण नहीं पाए जाने पर सील किया गया। उक्त दुकानदारों से सप्लायर/ निर्माता की जानकारी प्राप्त करके चिपयाना बुजुर्ग स्थित उक्त ब्रांड के निर्माता भ वे चपबमे का निरीक्षण किया गया, मौके पर कुट्टू आटा अथवा कुट्टू गिरी नहीं पाई गई किंतु हल्दी पाउडर व मिर्च पाउडर पाया गया, जिसके 1-1 नमूना लिए गये। उक्त इकाई के संचालनकर्ता विश्वेन्द्र सिंह द्वारा उक्त आटा सप्लाई किये जाने की स्वीकारोक्ति की गई।



निर्माण इकाई खसरा न 507 में स्थित पाई गई, जोकि जनपद गौतमबुद्धनगर के अंतर्गत आता है, जबकि उसके द्वारा भ्रामक सूचना देकर जनपद गाजियाबाद से खाद्य पंजीकरण प्राप्त करके व्यवसाय किया जा रहा था, इस कारण उसे सील कर दिया गया। नमूना जांच के लिए भेजे गए हैं। इस प्रकरण में विभाग द्वारा थाना बिसरख में तहरीर भी दी गई है।

## चोरी की स्कूटी संग बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** रेकी कर दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले बदमाश को सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने रविवार रात को सेक्टर-71 अंडरपास के पास से दबोच लिया। उसके पास से चोरी की स्कूटी और चाकू बरामद हुआ है। बदमाश की पहचान दिल्ली के इंदरपुरी निवासी गौरव शर्मा के रूप में हुई है। वर्तमान में वह सेक्टर-113 थानाक्षेत्र के सर्फाबाद गांव में किराये का कमरा लेकर रह रहा है। 19 वर्षीय गौरव का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि वारदात के लिए जब वह रेकी कर रहा था तभी पुलिस की नजर उसपर पड़ गई। इसके बाद उसे दबोच लिया गया। पुलिस बदमाश के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

# नोएडा मीडिया क्लब का प्रतिनिधिमंडल सीईओ से मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी के नेतृत्व में सोमवार को क्लब के एक प्रति. निधिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कृष्णा करुणेश से शिष्टाचार मुलाकात की और पत्रकारों की सुविधाओं से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में नोएडा के मीडिया कर्मियों के लिए कई महत्वपूर्ण समस्याएं उठाईं। इनमें पत्रकारों के लिए पार्किंग पास जारी करने, सेक्टर-29 स्थित गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में बने मीडिया क्लब कार्यालय के फ्लोर पर लिफ्ट के ठहराव की व्यवस्था कराने तथा मीडिया क्लब को स्थायी भूखंड उपलब्ध कराने की प्रमुख मांगें शामिल रहीं। प्रतिनिधियों ने बताया



कि इन सुविधाओं के अभाव में पत्रकारों को अपने दैनिक कार्यों के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सीईओ कृष्णा करुणेश ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और आश्वा. सन दिया कि सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में तत्काल ही एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहेंगे, ताकि पत्रकारों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, महासचिव जे.पी. सिंह, सचिव जगदीश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य आंचल यादव, मोहम्मद आजाद,मनोहर त्यागी,अरुण सिन्हा , पवन त्रिपाठी, पवन राज सिंह, हिमांशु शुक्ला,अली खान, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

मीडिया क्लब पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि प्राधिकरण द्वारा सकारात्मक पहल से पत्रकारों को बेहतर कार्य वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## एक नजर

### डिलीवरी ब्वॉय की हादसे में हुई मौत मामले में मुकदमा दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-58 थाना क्षेत्र में नौ फरवरी को हादसे में जान गंवाने वाले डिलीवरी ब्वॉय के बड़े भाईने घटना के पांच दिन बाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने कार चालक और ऑटो चालक पर लापरवाही से चलाने का आरोप लगाया है। गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी निवासी मोहम्मद सलमान ने पुलिस को बताया कि छोटा भाई मोहम्मद भाई उर्फ गुलाम मोहम्मद घरेलू उत्पाद पहुंचाने वाली कंपनी में बतौर डिलीवरी ब्वॉय काम करता था। नौ फरवरी की सुबह करीब 10 बजे वह ऑर्डर लेकर स्कूटी से जा रहा था।

सेक्टर-62 क्षेत्र में एक प्राइवेट कंपनी के निकट पहुंचा तो एक कार का चालक लापरवाही से पीछे कर रहा था। तभी सामने से एक ऑटो तेज रफ्तार में आया। कार को बचाने के चक्कर में ऑटो चालक ने गुलाम की स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में गुलाम गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### आईपीएस अधिकारी बनकर धमकाने वाले की तलाश शुरू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बिसरख के युवक को फोन कर आईपीएस अधिकारी बनकर धमकी देने के मामले की पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पुराने मुकदमे वापस लेने को लेकर धमकी दी गई है। बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुता. बिक पीड़ित राकेश की शिकायत पर आरोपी कुमार गौरव और नीतीश भाटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी धमकी दे रहे है कि उनके खिलाफ जो मुकदमे डाल रखे हैं उन्हें वापस ले लो नहीं तो अंजाम बुरा होगा। पीड़ित का आरोप है कि एक आरोपी द्वारा आईपीएस बनकर अपहरण व एनकाउंटर की भी धमकी दी गई है। घटना के बाद से पीड़ित और उसका परिवार काफी डरा हुआ है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों को गिरफ्तार कर करवाई की जाएगी।

### सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दोस्ती किशोरी से ब्लैकमेल कर हड़पे लाखों रुपये

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हुई दोस्ती के बाद युवक पर किशोरी को ब्लैकमेल कर घर से लाखों की नकदी और जेवरात हड़पने का आरोप है। मामले की जानकारी होने पर किशोरी के परिजन दनकौर कोतवाली पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

क्षेत्र के एक गांव की किशोरी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पड़ोसी गांव के एक लड़के से दोस्ती हो गई। कुछ दिन तक मैसेज का दौर चला और फिर दोनों की मुलाकात भी हुई। आरोप है कि मुलाकात के दौरान आरोपी युवक ने किशोरी को झांसे में लेकर उसके आपत्तिजनक फोटो खींच लिए। इसके बाद युवक ने किशोरी को ब्लैकमेल कर उसके घर से करीब 20 लाख रुपये के आभूषण और कई लाख रुपये की नकदी हड़प ली। रविवार को किसी काम के चलते पीड़ित परिवार को नकदी की आवश्यकता हुई लेकिन घर में नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजन ने जब किशोरी से पूछा तो किशोरी ने अपने परिजनों को आपबीती बताई। किशोरी के परिजन ने मामले की शिकायत दनकौर पुलिस से की। मामले में जांच करते हुए पुलिस ने सोमवार को आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

### मारपीट से आहत होकर युवक ने जान दी, बाप बेटे पर केस

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** कासना कोतवाली क्षेत्र के इमलिया गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला सामने आया है। कासना कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम गुटैरा जिला हाथरस निवासी जितेंद्र कुमार ने शिकायत दी है कि उसका भाई बीपी सिंह इमलिया गांव में जितेंद्र नागर के मकान में रहता था। मकान की देखरेख कर रहे मनोज पासवान और नीरज पासवान निवासी ग्राम सुनहर, जिला रोहतास बिहार से किसी बात को लेकर बीपी सिंह का विवाद हुआ था।

आरोप है कि विवाद के बाद दोनों ने उनके भाई के साथ मारपीट की। इससे आहत होकर बीपी सिंह ने आत्महत्या कर ली। परिजनों का कहना है कि घटना के बाद आरोपी उसके भाई का शव लेकर एंबुलेंस से गांव की ओर भाग गए। मामले की सूचना मिलते थाना सहपऊ पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। अब थाना कासना पुलिस ने तहरीर के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में आरोपी बाप-बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में कैंटर की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत हो गई। स्कूटी चला रहा महिला का पति भी हादसे में घायल हो गया है। हादसा सेक्टर 44 में रविवार सुबह सवा नौ बजे के करीब हुआ। मृतक महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शाहजहांपुर निवासी शिवकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में वह इलाहाबास गांव में किराये का कमरा लेकर पत्नी समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रह रहा है। रविवार को शिवकुमार स्कूटी से पत्नी मंजू को लेकर फरीदाबाद से नोएडा लौट रहे थे।

सुबह सवा नौ बजे के करीब जब वह सेक्टर-44 के पास दादरी रोड पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक कैंटर के चालक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिर गए। हादसे में मंजू के सिर में गंभीर चोट लगी। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरा. पी चालक वाहन समेत फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चालक और वाहन की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। हादसे में शिकायतकर्ता की स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

## आम्रपाली लेजर पार्क में हुई मारपीट की घटना में कार्रवाई की मांग

**नोएडा।** सोमवार को जाट समाज ग्रेटर नोएडा ने 14 फरवरी को बिसरख कोतवाली क्षेत्र के आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में समाज के बच्चों के साथ हुई मारपीट एवं तोड़फोड़ के मामले को लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त से मिले। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जाट समाज ग्रेटर नोएडा अध्यक्ष आरबी सिंह कर रहे थे। उन्होंने 14 फरवरी 2026 को हुई घटना के संबंध में विरोध जताते हुए चेतावनी दी कि ऐसे लोगों के साथ पुलिस द्वारा यदि सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो जाट समाज आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस पर संयुक्त पुलिस कमिश्नर राजीव नारायण मिश्रा ने समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि ऐसे दरिंदों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी।

# सिम अपग्रेड के बहाने महिला इंजीनियर से 24.86 लाख की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर जालसाजों ने एक महिला आईटी इंजीनियर से 4जी सिम को 5जी में अपग्रेड करने के नाम पर 24.86 लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने महिला की बगैर जानकारी के ई-सिम के लिए आवेदन कर दिया था। इस दौरान मोबाइल बंद हो गया और बैंक खातों व क्रेडिट कार्ड से रकम ट्रांसफर कर लिए। महिला के पति की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सेक्टर-82 निवासी इंद्रनील चटर्जी ने पुलिस से शिकायत की है कि वह और उनकी पत्नी अनिंदिता आईटी कंपनी में इंजीनियर हैं। चार फरवरी को उनकी पत्नी के मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को एयरटेल का कर्मचारी बताकर 4जी सिम को 5जी में अपग्रेड करने की बात कही। महिला ने स्वीकार कर लिया। इसके बाद ठग ने बिना ओटीपी लिए और बिना कोई लिंक भेजे उनके नाम से ई-सिम जारी करने का अनुरोध डाल दिया। इसके बाद अंनिंदिता का मोबाइल बंद हो गया।

इसके बाद जालसाजों ने उन्हें कॉल कर बताया कि 5जी अपग्रेड के लिए ई-सिम जरूरी है और 24 घंटे के लिए फोन बंद रहेगा। इस दौरान ठग अलग-अलग नंबरों से कॉल कर तकनीकी समस्या का बहाना बनाता रहा। चार दिन तक मोबाइल चालू नहीं हुआ तो पीड़िता आठ फरवरी को पास के एयरटेल स्टोर पर पहुंची, जहां नई 4जी सिम जारी कराई इसके बाद जब महिला ने अपने बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड चेक किए तो ठगी की जानकारी सामने आई। ठग उनके एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के खातों के साथ-साथ एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से अलग-अलग खातों से रुपये निकाले थे। साथ ही कुछ पैसे अमेजन, फ्रीचार्ज और फोनपे जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद तुरंत ही बैंक के हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की। बाद में उन्होंने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दी। एडीसीपी साइबर शैव्या गोयल का कहना है कि इस मामले में साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच की जा रही है।

# नोएडा में करेंगे डीटीसी का विस्तार, मिलेगी फीडर बस

## दिल्ली सरकार से होगी बातचीत, नोएडा के लंबे रूट को जोड़ेंगी डीटीसी और इनर में फीडर बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा के लिए अब दिल्ली डीटीसी (दिल्ली सरकार) के साथ जल्द समझौता हो सकता है। डीटीसी की बस नोएडा के कुछ रूट पर अब भी आती है। रोजाना हजारों लोग इनका फायदा लेते है। ऐसे में डीटीसी बसों के रूट दायरा बढ़ाया जा सकता है। ये बस नोएडा के आउटर सर्किल में चल सकती है। जबकि अंदर सेक्टर को जोड़ने के लिए फीडर बस चलाएंगे।



प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि इसके लिए शासन स्तर पर बातचीत की गई है। जल्द ही शासन और दिल्ली सरकार के बीच बातचीत होगी। जिसमें अहम निर्णय लिए जा सकते है। बता दे वर्तमान में दिल्ली की डीटीसी बस नोएडा में डीएनडी से प्रवेश करते हुए रजनीगंधा और सेक्टर-62 तक जाती है। बतौर सेक्टर-16 में डीटीसी का डिपो भी है। प्राधिकरण की कवायद है कि डीटीसी की बस दिल्ली से नोएडा में प्रवेश के साथ सेक्टर-62 , ग्रेटरनोएडा के परिचौक और ग्रेटरनोएडा वेस्ट तक जाए। ये बस बड़ी है ऐसे में आउटर सर्किल में चलने से ट्रैफिक जाम की समस्या नहीं होगा और पब्लिक को सहुलियत मिलेगी।

**इन सेक्टर के लिए फीडर बस:** सीईओ ने बताया कि नोएडा के इनर सेक्टरों के लिए फीडर बस चलाएंगे। ये फीडर बस ई बस योजना के तहत शासन नोएडा को प्रोवाइड कराएगा। पहले 500 बसे मिलनी थी। जिसमें 300 बस नोएडा बाकी ग्रेटरनोएडा और यमुना के लिए थी। टेंडर डेट पूरी होने के बाद दोबारा से टेंडर प्रक्रिया हो रही है। ऐसे में अब ऑन डिमांड बस नोएडा को मिलेंगी। पहले फेज में करीब 100 बस नोएडा प्राधिकरण लेगा। जिनका संचालन इनर सेक्टरों में किया जा सकता है।

**आम लोगों को मिलेगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट:** नोएडा में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के नाम पर मेट्रो है। यहां सिटी बसों का चलना जरुरी है। इसी को ध्यान में रखकर ही डीटीसी और फीडर बस चलाने की योजना पर काम किया जा रहा है। जिससे रोजाना करीब 2 से 3 लाख लोगों को फायदा होगा।

# दलदली जमीन के चारों तरफ बनाया जाएगा सुरक्षा घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के दलेलगढ़ गांव के गड्ढे में तीन साल के मासूम के डूबने की घटना के बाद प्रशासन जागा और जिलाधिकारी ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखा है। जिसमें दलदली जमीन के चारों तरफ तार फेंसिंग जैसी सुरक्षा के इंतजाम करने को कहा गया है। पास में एक धार्मिक स्थल होने के कारण वहां अभी भी हादसा होने का खतरा है। दलेलगढ़ गांव के बाहर एक जमीन पर पानी भरा हुआ है। लंबे समय से पानी भरा होने के कारण जमीन दलदली हो चुकी है। जिसमें तीन साल के देवांश की डूबने से मौत हो गई। देवांश एक धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए परिवार के साथ मामा के घर आया हुआ था। घटना के बाद से गड्ढे को लेकर काफी सवाल उठ रहे हैं। प्राधिकरण से लेकर प्रशासन तक पर लापरवाही का आरोप लगा है। इस पर जिलाधिकारी मेधा रूपम ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ को पत्र लिखा है। जिसमें कहा है कि दलेलगढ़-बिलासपुर संपर्क मार्ग के किनारे एक धार्मिक स्थल बालेश्वर बाबा समाधि परिसर है। उसी से गड्ढा लगा हुआ है। जहां आए दिन कार्यक्रम होते हैं। वहां पर सुरक्षा के इंतजाम करने जरूरी हैं। प्राधिकरण से गड्ढे के चारों तरफ सुरक्षा के इंतजाम करने को कहा गया है। इनमें तार फेंसिंग से लेकर अन्य उपाय शामिल हैं।

**माता-पिता को 2-2 लाख की आर्थिक मदद:** जिला प्रशासन ने मृतक मासूम के माता-पिता को राज्य आपदा कोष से 4 लाख की आर्थिक सहायता दी है। अफसरों ने बताया कि दोनों का ज्वाइंट बैंक अकाउंट नहीं था। इस कारण दोनों के अलग-अलग बैंक खातों में 2-2 लाख रुपये भेजे गए हैं।

# डील के हफ्ते बाद ही 23 प्रतिशत बढ़ी निर्यात दर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत-यूरोपीय समझौते और उसके बाद अमेरिका का टैरिफ कम होना निर्यातकों के लिए सोने पे सुहागा जैसा हो गया है। समझौते के सिर्फ हफ्ते भर बाद ही जिलों से से निर्यात की दर करीब 23 प्रतिशत बढ़ी है। सबसे अधिक मांग कृत्रिम रेशे वाले कपड़े की है। यह कपड़े अपने टिकाऊ और हल्के होने की वजह से विश्वभर में प्रसिद्ध हैं।

अपरैल पार्क क्लस्टर के अध्यक्ष ललित ठुकराल ने बताया कि शहर की कुल चार हजार इकाइयों में से कृत्रिम रेशे वाले वस्त्र तैयार करने वाली 400 इकाइयां हैं। इन से सालाना करीब दर हजार करोड़ रुपए का कारोबार होता है। उत्पादन बढ़ने से श्रमिकों की जरूरत भी बढ़ेगी। ठुकराल के अनुसार, अगले कुछ महीनों में श्रमिकों की संख्या डेढ़ लाख से बढ़कर दो लाख होने का अनुमान है। वहीं, आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने बताया कि विश्व बाजार में 70 प्रतिशत मांग कृत्रिम रेशे युक्त वस्त्र और 30 प्रतिशत कॉटन वस्त्रों की है।

हालांकि शहर में 70 प्रतिशत कॉटन और 30 प्रतिशत मैन मेड फाइबर के वस्त्रों का निर्यात होता है। उन्होंने बताया कि अभी पीएलआई योजना के तहत कृत्रिम रेशे युक्त वस्त्रों की इकाइयों को लाभ होगा। बंसल का दावा है कि हाल ही में हुई डील के बाद निर्यातकों को कॉल आने लगे हैं। इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जरूरी है कि लागत क्षमता बढ़ाई जाए।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने बिलासपुर हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र बिलासपुर की लगभग 18770 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया, जिसकी कीमत लगभग 37.5 करोड़ रुपये होने का आकलन है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर भूलेख और परियोजना विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। कालोनाइजर बिलासपुर के खसरा नंबर 100, 104 और 105 की जमीन पर घर और बाउंड्री बनाकर प्लॉटिंग की कोशिश कर रहे थे।



ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं।

महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि बिलासपुर के खसरा संख्या 100, 104 व 105 की 18770 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई थी। प्राधिकरण के भूलेख विभाग के ओएसडी रामनयन सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह और अन्य की टीम ने प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। अधिकारियों ने दोबारा निर्माण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

## चार खनन माफियाओं के खिलाफ केस दर्ज

**यमुना सिटी।** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मेहंदीपुर गांव में कृषि भूमि पर अवैध रूप से मिट्टी खनन करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार आरोपियों खिलाफ केस दर्ज किया है। गाजियाबाद के शाहपुर बमहेटा निवासी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुलिस से शिकायत की है कि मेहंदीपुर गांव में उनकी कृषि भूमि है। मेहंदीपुर गांव के कामिल, अब्बास,अख्तर और प्रदीप भाटी नाम के खनन माफिया ने उनकी जमीन से जेसीबी का उपयोग कर अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया है। शिकायत के अनुसार जब जमीन के सह हिस्सेदार बॉबी ने प्रदीप भाटी को फोन किया तो उसे जान से मारने की धमकियां दी गई।

**Information**

I hitherto known as Kumari Guria Rani D/o Lalan Tiwari and W/o Akhilesh Kumar Dubey, Resident at Flat No. 94 C, Pocket-C, Express View Apartment, Hig Flats, Near CNG pump, Sector-105, Noida, PO Maharishi Nagar, Dist. Gautam Buddha Nagar, U.P. -201304 have changed my name and shall hereafter be known as Gudiya Rani. Aadhar No.9244 8335 1203. It is certified that I have complied with other legal requirements in this matter.

# स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विद्युत निगम की टीम को लोगों के विरोध का करना पड़ा सामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विद्युत निगम की टीम को सत्तापक्ष से जुड़े लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। जिसके चलते टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

विद्युत निगम की टीम शिवापुरम कॉलोनी में उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची थी। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने स्मार्ट मीटर में रीडिंग में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए मीटर लगाने से मना कर दिया। जिसको लेकर अधिकारियों और लोगों के बीच कहासुनी भी हुई। वहां पहुंचे भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता और महामंत्री राम मोहन सैनी के नेतृत्व में लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाने आई टीम का पुरजोर विरोध करना शुरु कर दिया। जिसके चलते टीम को वापस लौटना पड़ा। विरोध करने वालों मेंघ शुभम त्यागी, सत्यम, सतीश, बबलू,सोमपाल, रुबी, सुरेशो, सुनीता, किरण, आरती आदि शामिल रहे।



बता दें कि इससे पूर्व भी नगर के विभिन्न मोहल्लों में लोग स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध कर चुके हैं। लेकिन विरोध के बावजूद निगम अभी तक नगर क्षेत्र में करीब तीन हजार मीटर लगा चुका है।

# कादियानी समुदाय के लोगों के बहकावे में न आएं लोग: मोहतमिम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि आजकल कादियानी समुदाय के कुछ लोग मुस्लिम मजलिसों में पहुंच कर लोगों को बहकाने का काम कर रहे हैं, जो बेहद चिंता का विषय है।

विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी की ओर से मस्जिदों के इमाम और मजलिस तहाफ्फुज खत्म-ए-नबुअत के जिम्मेदारों के लिए जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि कादियानी समुदाय से जुड़े शकील बिन हनीफ के नाम से कुछ लोग मुस्लिम मजलिसों में पहुंचते हैं और लोगों को बहकाने का काम कर रहे हैं, जिनसे सचेत रहने की जरुरत है। मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी कहा कि रमजान का महीना शुरु होने वाला है, ऐसे में यह लोग एहतकाफ (एकांतवास) में बैठने वाले या दूसरी मुस्लिम मजलिसों में जाकर भोले भाले लोगों को बहला-फुसलकर उन्हें अपने जाल में फंसाने का काम करते हैं।

मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि यह सिलसिला पिछले कुछ सालों से प्रकाश में आया है। इसलिए सभी जिम्मेदारों को चाहिए कि वह ऐसे लोगों की पहचान करें और लोगों को इनके बहकावे में आने से बचाने का काम करें। इसके साथ ही एहतकाफ में बैठने वाले या अन्य मजलिसों में पहुंचने वाले लोगों को इससे अवगत कराएं और उनसे बचने की सलाह दें।

# नर सेवा नारायण सेवा के तहत जरूरतमंद को आजीविका चलाने को रेहड़ी की भेंट




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सामाजिक संगठन मानव कल्याण मंच ने नर सेवा नारायण सेवा के तहत एक जरूरतमंद व्यक्ति को आजीविका चलाने हेतु हाथ रेहड़ी भेंट की।

रेलवे रोड स्थित शिव शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल में हुए कार्यक्रम में समाजसेवी आशुतोष गुप्ता ने कहा कि मानव कल्याण मंच लगातार समाजसेवा के कार्य कर रहा है। मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल ने कहा कि संगठन का एकमात्र उद्देश्य जरूरतमंदों की सेवा करना है क्योंकि इससे बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। शिव शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अजय वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सुशील कर्णवाल, राजू सैनी, सभासद रविंद्र चौधरी, विकास देशवाल, राजीव शर्मा, जितेंद्र कश्यप आदि शामिल रहे।

# शायरों ने अपना कलाम पेश कर लूटी खूब वाहवाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था मानव एकता मंच के तत्वावधान में मुशायरे का आयोजन किया गया। इसमें शायरों ने अपना कलाम सुनाकर श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी। इस दौरान शायरों व अतिथियों को सम्मानित भी किया गया।

सांपला रोड स्थित रहमत कालोनी में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसे.ेवी सुलेमान फारुकी आढ़ती ने फीता काटकर और डा. शाजिया नाज ने शमा रोशन कर किया। मुशायरे में चांद देवबंदी ने अपने अंदाज में कुछ यूं कहा... खत्म दिल से सारी रंजिश बेरुखी करनी पड़ी, थक गए जब दुश्मनी से दोस्ती करनी पड़ी। डा. सलमान दिलकश का अंदाजे बयां कुछ यूं था..चाहते हो जो जमाने में बनो तुम दिलकश, बस यही बात है काफी तुम्हें उर्दू आए। नदीम अनवर ने पढ़ा...इतनी दौलतें मत दे जिससे गैर जल जाएं, मुझको सिर्फ इतना दे मेरा काम चल जाए। डा. सादिक देवबंदी के इस शेर...खून बहने लगा है आंखों से कोई लम्हा चुभा है आंखों से, सारे मंजर उदास लगते है कोई ओझल हुआ है आंखों से, ने श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। इनके अलावा डा. सादिक देवबंदी, सलमान दिलकश, जहांगीर मलिक, नईम अख्तर, जाहिद दिलबर, चांद देवबंदी आदि ने भी अपने कलाम पेश किए। मंच अध्यक्ष मुर्तजा कुरैशी व संयोजक अब्दुल कादिर गौड ने सभी का आभार जताया। अध्यक्षता कारी शमशाद व संचालन जावेद आसी ने किया। खालिद गौड, अजहर गौड, इरम उस्मानी, हाफिज कलीम कुरैशी, रिजवान अंसारी, शहजाद अली, नावेद कुरैशी, वसीम अब्बास नकवी, बाबर अली, वसीम अलवी, परवेज अब्बासी आदि शामिल रहे।



# जूनियर्स छात्राओं ने सीनयिर्स को दी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित फेयरवेल पार्टी में जूनियरस छात्राओं ने सीनयिरस को विदाई दी। इसमें जूनियरस छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रेस्तुत किये।

पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत छात्रा आयशा दाऊद के वेलकम तराने से हुआ। जबकि हमीदा ने फेयरवेल टाइटल प्रस्तुत किया। 11वीं कक्षा की छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर इंटरमीडिएट की छात्राओं को विदाई दी। इसमें छात्रा तहरीम, माहिन, युसरा आदि की कव्वाली की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। फातिमा कुरैशी को मिस फेयरवेल चुना गया। मुख्य अतिथि डॉ. रखशंदा रुही मेहंदी ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य सबा हसीब सिद्दीकी, शबाना सफवान, जेबा, बुशरा, साजदा, रुबीना शहजाद, शबाना, अरशी आदि शामिल रहीं।



# एसडी मैनेजमेंट में विकसित भारत रोजगार आजीविका मिशन पर संगोष्ठी आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के प्रांगण में आईक्यूएसी सेल के तत्वावधान में इन्फोटेनमेंट क्लब द्वारा विकसित भारत के अंतर्गत रोजगार आजीविका मिशन विषय पर एक विशेष शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी योजनाओं, आत्मनिर्भरता के अवसरों तथा आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं प्रेरणादाई संबोधन के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना तभी साकार हो सकती है जब देश का युवा वर्ग कौशल, ज्ञान और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

इसके पश्चात बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रोजगार आजीविका मिशन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें व्यावसायिक कौशल से सुसज्जित करना है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान, कौशल विकास और नवाचार की सोच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आ]वान किया कि वे इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें। इस कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक प्राची मैडम रहीं। उन्होंने ष्रोजगार आजीविका मिशनह्न विषय पर विस्तृत प्रस्तुति पावर पॉइंट PPT के माध्यम से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत की। उन्होंने विकसित भारत की परिकल्पना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना, स्वरोजगार योजनाओं एवं ग्रामीण आजीविका मिशन जैसे विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि कैसे सरकार युवाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रही है, जिससे वे अपने स्वयं के व्यवसाय स्थापित कर सकें और रोजगार सृजन में योगदान दे सकें। प्राची मैडम ने अपने व्याख्यान में बताया कि रोजगार आजीविका मिशन केवल नौकरी प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को उद्यमी बनाने, आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने तथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर आर्थिक विकास को गति देने का माध्यम है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयास बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। विद्यार्थियों ने इस प्रस्तुति को अत्यंत रुचि एवं उत्साह के साथ सुना तथा विषय से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका उत्तर प्राची मैडम ने विस्तारपूर्वक दिया।




कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के समस्त बीबीए संकाय सदस्य उपस्थित रहे। इनमें मोहम्मद अंजर, संजय शर्मा, दीपक गर्ग, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान तथा लवी वर्मा शामिल रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रकार की गतिविधियों को समय की आवश्यकता बताया। शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं व्यावसायिक समझ को सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया तथा अंत में विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि वे केवल नौकरी की तलाश करने वाले न बनें, बल्कि रोजगार देने वाले बनने का लक्ष्य रखें। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्एक युवा आत्मनिर्भर, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनेगा। समापन अवसर पर प्राचार्य महोदय ने आईक्यूएसी सेल एवं इन्फोटेनमेंट क्लब की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के विषयों पर निरंतर कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय विकास से जुड़ी नीतियों और योजनाओं की समुचित जानकारी मिल सके। उन्होंने मुख्य समन्वयक प्राची मैडम के प्रयासों की विशेष प्रशंसा की और कहा कि उनकी प्रस्तुति विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रही। कार्यक्रम का वातावरण शैक्षणिक ऊर्जा और सकारात्मकता से परिपूर्ण रहा। विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे रोजगार आजीविका मिशन के उद्देश्यों को समझकर अपने करियर की दिशा तय करेंगे तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। इस प्रकार एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादाई भी रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# एमआर टीकाकरण अभियान शुरू

## वरिष्ठ चिकित्सक ने प्राथमिक विद्यालय में फीता काटकर किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्राथमिक विद्यालय प्रथम में एमआर खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डा. मनोज वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। शुभारंभ अवसर पर विद्यालय में 100 बच्चों को एमआर का टीका लगाया गया। कार्यक्रम के बाद बच्चों को फ्रूटी भी वितरित की गई।

डा. मनोज वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खसरा एक संक्रामक रोग है, जिसमें शरीर पर दाने, बुखार, खांसी, नाक बहना और आंखों में लाली जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। गंभीर स्थिति में निमो. निया, दस्त तथा मस्तिष्क संबंधी जटिलताएं भी हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि खसरा-रूबेला का टीका पूर्णत सुरक्षित है और इससे किसी प्रकार का गंभीर दुष्प्रभाव नहीं होता, इसलिए सभी बच्चों को यह टीका अवश्य लगवाना चाहिए।

एमआर टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक स्कूल आधारित विशेष अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 45 जनपदों में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2026 तक खसरा उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त करना है। सीएचसी के अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. के स्नेही ने बताया कि ब्लॉक स्योहारा के 189 विद्यालयों, 140 सरकारी एवं 45 निजी में यह अभियान चलाया जाएगा, जिसमें 17,409 से अधिक लक्षित बच्चों को अतिरिक्त खुराक दी जानी है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रत्येक विद्यालय में पहुंचकर टीकाकरण सुनिश्चित कर रही हैं।



इस अवसर पर डा. बी.के. स्नेही ने बताया कि प्रदेश में खसरे के मामले सामने आ रहे हैं। विशेषकर उन बच्चों में जो नियमित टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। इस अतिरिक्त खुराक का उद्देश्य रोग की रोकथाम कर जटिलताओं से बच्चों की सुरक्षा करना है। यदि किसी बच्चे को हल्का बुखार आता है तो उसके लिए दवा उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान के प्रथम दिन 26 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कुल 1,480 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर डा. राकेश कुमार चीफ फार्मासिस्ट, जितेंद्र रावत हेल्थ सुपरवाइजर, वीर सिंह, राजेश कुमार, प्रधानाचार्य सुनील कुमार, सीडीपीओ हेमलता सैनी, महिला सुपरवाइजर कविता शर्मा तथा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। डा. मनोज वर्मा स्योहारा क्षेत्र के वरिष्ठ चिकित्सक होने के साथ-साथ सक्रिय समाजसे.ेवी भी हैं। वे समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता अभियानों और जनहित कार्यक्रमों में सहभागिता करते रहते हैं। क्षेत्र में उनकी पहचान एक समर्पित एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध चिकित्सक के रूप में है।

# भाकियू प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

## उन्नत गन्ना बीज व कृषि यंत्रों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ब्लॉक धामपुर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा एवं ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत के नेतृत्व में धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए मिल प्रबंधन के समक्ष मांगें रखीं।

बैठक के दौरान किसानों ने उन्नत एवं अच्छी किस्म के गन्ना बीज उपलब्ध कराए जाने की मांग की। साथ ही कृषि यंत्रों पर दी जाने वाली छूट तथा इन यंत्रों की संख्या में वृद्धि करने पर जोर दिया गया। किसानों का कहना था कि क्षेत्र में आधुनिक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सीमित है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है और समय पर कार्य नहीं हो पाता। किसानों ने विशेष रूप से हैरो, कल्टीवेटर, स्प्रे मशीन, गेहूं बोने की मशीन तथा गन्ना बोने वाली आधुनिक मशीनों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यदि मिल प्रबंधन किसानों को रियायती दरों पर बेहतर कृषि संसाधन उपलब्ध कराएगा तो इससे खेती की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। शुगर मिल उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि किसानों के हित में उचित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मिल प्रबंधन किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है और मांगों पर विचार कर यथासंभव समाधान किया जाएगा।



बैठक में भाकियू अराजनीतिक के ब्लॉक महासचिव अरविंद राजपूत, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रधान, संगठन मंत्री सुरेश कुमार, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, संजय कुमार, न्याय पंचायत अध्यक्ष भानु प्रताप राणा, वीरेंद्र सिंह, शमशेर बहादुर, गजेंद्र सिंह, अजय पाल सिंह, प्रतीक कुमार तथा ब्लॉक मीडिया प्रभारी दिनेश चौहान आदि किसान व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रतिनिधि मंडल ने मिल प्रबंधन से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो संगठन को आंदोलनात्मक रुख अपनाने पर मजबूर होना पड़ सकता है।

# कांग्रेस नेता ने बूथ पर बीएलओ के साथ मतदाताओं के फार्म भरवाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश पर नजीबाबाद कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी ने एसआईआर के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज बूथ पर पहुंचकर बीएलओ के सहयोग से काफी संख्या में मतदाताओं के फार्म नम्बर-6 भरवाये। कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी ने 18 साल की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं से अपने वोट जल्दी से जल्दी बनवाने तथा जिन मतदाताओं ने अभी तक नोटिसों का जवाब नहीं दिया है उनके जल्दी ही नोटिसों का साक्ष्य के साथ जवाब देने की अपील की है।

# जैन शिशु सदन स्कूल का वार्षिकोत्सव

**शेरकोट।** जैन शिशु सदन स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। छात्र छात्राओं के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक, समूह गान, कविताएं एवं देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच संचालन की कला ने सभी को प्रभावित किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधिका सुमन जैन ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंच के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से क्षेत्र के समस्त पत्रकार बंधुओं सहित थानाध्यक्ष को शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की गई। विद्यालय प्रधानाचार्य रक्षी परवीन ने कहा कि मीडिया समाज का दर्पण है और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में पत्रकारों की अहम भूमिका रहती है।

# वार्षिकोत्सव और खेलकूद का आयोजन

**नजीबाबाद।** प्राथमिक विद्यालय मौ. अलीपुर द्वारका में वार्षिकोत्सव और खेलकूद प्रतियोगिता हर्षोल्लास से मनाई गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक महेंद्रा एवं ग्राम प्रधान पतराम ने सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कक्षा 1 से 5 तक के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने नृत्य, गीत, नाटक और खेल प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। निधि खुराना सहायक अध्यापिका के निर्देशन में पलक, रिदा, इकरा, फलकनूर, आरजू, मनीषा, जैनब, सदफ, यश ने रंगारंग कार्यक्रम और चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम में दिनेश कुमार सहायक अध्यापक द्वारा बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई जिसमें अक्षय, उजैफ, पवनवीर, उदयवर्द्धन, प्रियांशु, उवेश, यशवी, हर्षिता आदि ने भाग लिया। सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कुसुम आंगनबाड़ी सहायिका लाल सिंह, विपिन कुमार, धर्मवती आदि अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत डाक बंगला में संपन्न हुई। किसान पंचायत की अध्यक्षता जिला सचिव चौधरी हरीराज सिंह ने की, जबकि संचालन बबलू प्रधान बास्टा ने किया। पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान रहे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील चांदपुर कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत में 21 फरवरी को नूरपुर ब्लॉक सैदपुर भट्टे ग्राउंड मे तीन जिलों की महापंचायत में पहुंचने की अपील की गई।

# आरबीडी में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में अदित्य बिरला फाउंडेशन और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटी मार्केट्स (एनआईएसएम) द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। इस कार्यशाला का विषय था 'युवाओं के लिए वित्तीय शिक्षा'। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. मंजू चौधरी, एवं अन्य शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधि पर शुभारंभ किया गया।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र सचिन व पुत्रवधू रिनू को उनके गलत आचरण के कारण सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इन दोनो का मेरे व मेरे परिवार के साथ कोई सम्बंध नहीं रहेगा।

कवंरपाल पुत्र फूल्लू
निवासी ग्राम जखवाला
थाना देवबन्द जिला सहारनपुर

# मासूम बेटे दिव्यांश ने शहीद राहुल भड़ाना को दी मुखाग्नि

## सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार, हजारों लोगों ने नम आंखों से दी विदाई






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हिमाचल प्रदेश में हादसे का शिकार होकर शहीद होने वाले किठौर निवासी सेना के जवान राहुल भड़ाना का पार्थिव शरीर देर रात मेरठ में घर पर पहुंचा। सुबह राजकीय सम्मान के साथ राहुल को अंतिम विदाई दी गई। शहीद फौजी के मासूम बेटे दिव्यांश ने पिता को मुखाग्नि दी तो हर किसी की आंख भर आई। इस दौरान कई आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बताते चलें कि किठौर के भड़ौली गांव के रहने वाले राहुल भड़ाना पुत्र हेम सिंह 2016 में सेना में भर्ती हुए थे। वर्तमान में राहुल की पोस्टिंग जम्मू कश्मीर के अखनूर क्षेत्र में थी। शनिवार को हिमाचल प्रदेश के डमटाल में राहुल एक सड़क हादसे का शिकार होकर शहीद हो गए। रविवार की रात सैन्य अधिकारी राहुल के पार्थिव शरीर को सेना के वाहन से लेकर गांव में पहुंचे। जहां शव को देखते ही परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई।

### हिमाचल प्रदेश के डमटाल में ड्यूटी के दौरान राहुल भड़ाना हुए थे सड़क हादसे का शिकार

सुबह को हजारों ग्रामीणों की मौजूदगी में राहुल की अंतिम यात्रा निकाली गई। पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए। गांव के बाहर शमशान घाट में शहीद राहुल को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए अंतिम सलामी दी गई। राहुल के साढ़े चार साल के बेटे दिव्यांश ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी तो हर किसी की आंख भर आई। राहुल भड़ाना अमर रहे के नारों से गगन गूंज उठा। इस दौरान पूरे गांव में मातम पसरा रहा। दोपहर तक पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए लोगों का तांता रहा। बताया जाता है राहुल की शादी पांच साल पहले अमरोहा की रहने वाली सोनम से हुई थी। तीन भाइयों में राहुल दूसरे नंबर पर थे, जबकि उनकी चार बहनें भी हैं।



## गुम हुई पांच वर्षीय बच्ची को पुलिस ने कुछ ही घंटों में परिजनों को सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सोमवार को एक बच्ची जिसका नाम बीबी पुत्री फारुख उम्र 5 बर्ष जो ग्राम खेड़ा थाना खैखडा जिला बागपत की रहने वाली है और कम बोल पाती है सोमवार को अपनी रिश्तेदारी श्यामनगर गली नंबर 07 लिसाड़ीगेट से खेलते हुए एक बजे कहीं चली गई थी जिसकी सूचना थाना पर पांच बजे दी गई। सूचना पर थाना लिसाड़ी गेट पुलिस के द्वारा अथक मेहनत कर बच्ची को खोज कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों के द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की गई। वहीं थाना लिसाड़ी गेट चौकी पिल्लोखड़ी इंचार्ज मुनेश व टीम का धन्यवाद किया।

# 'नशा-मुक्त समाज' अभियान शुरू करने की अनुमति मांगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेना के प्रतिनिधिमंडल ने मंडल अध्यक्ष मास्टर अजीज के नेतृत्व में सोमवार को जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस मुलाकात का उद्देश्य आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले 'नशा-मुक्त समाज' अभियान की सूचना देना और उसके लिए प्रशासनिक अनुमति प्राप्त करना था।

मंडल अध्यक्ष मास्टर अजीज ने कहा कि नशा केवल स्वास्थ्य को ही नहीं बिगाड़ता, बल्कि यह सभी अपराधों की जड़ है। उन्होंने बताया कि समाज में बढ़ रही हत्या, डकैती, लूट, छेड़खानी और आत्महत्या जैसी घटनाओं के पीछे कहीं न कहीं नशे की लत ही जिम्मेदार है। अजीज ने जोर देकर कहा कि नशे की गिरफ्त में आकर व्यक्ति अपना मानसिक संतुलन खो देता है और जघन्य अपराधों को अंजाम दे बैठता है।



संगठन का मानना है कि नशे और अपराध का यह गठजोड़ समाज के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी के कार्यक्रम के तहत संगठन द्वारा प्रधानमंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस ज्ञापन में नशे और अपराध के इस गठजोड़ को तोड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में देवेंद्र सिंह राणा (राष्ट्रीय संगठन मंत्री), बुध प्रकाश भगत (जिला अध्यक्ष), मोहन देव (मंडल मीडिया प्रभारी), सुरेंद्र कुमार कश्यप (जिला मीडिया प्रभारी), पूजा सिंघल (जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा), नजमा (महानगर अध्यक्ष, महिला मोर्चा) और शाहनवाज चौधरी (महानगर अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा) जैसे प्रमुख सदस्य शामिल थे।

# खाद्य विभाग का छापा, जांच के लिए लिया कुट्टू का नमूना

## कुट्टू का आटा खाकर 12 लोगों की बिगड़ी थी हालत, शिवरात्रि पर व्रत में खाया था आटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** शिवरात्रि पर रखे गए उपवास में कुट्टू का आटा खाने से नगर में अलग-अलग परिवार के करीब 12 लोगों की हालत बिगड़ गई थी। सोमवार को खाद्य विभाग की टीम ने चौड़ा कुआं के पास एक किराना स्टोर पर छापा मारकर कुट्टू का नमूना लिया और जांच के लिए भेज दिया। खाद्य विभाग की छापेमारी से बाजार में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

### यह था मामला

रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व था। जिसमें श्रद्धालुओं ने वृत रखा था। मोहल्ला हीरालाल में प्रीति व उनकी पुत्री खुशी, मास्टर कॉलोनी में शिवानी, काव्या, अनूवी, वासूदेव सिंह, नीशू, सुनीता, हीरालाल मोहल्ले में श्वेता, नितिन चौहान, शर्मिष्ठा व जलालपुर जोरा गांव में महेंद्र की पत्नी नीतू सिंह व बेटा लक्ष्य ने कुट्टू के आटे से बने खाद्य पदार्थ खाए थे और खाने के बाद सभी की हालत बिगड़ गई। सभी को उल्टी व दस्त लग गए थे। सभी के परिजनों ने उन्हें निजि व सरकारी अस्पतालों में भर्ती करा दिया, जहां उपचार के बाद सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डा एमडी शर्मा ने बताया कि उनके अस्पताल में भर्ती हुए लोग फूड प्वॉयजनिंग का शिकार थे। ऐसे में पानी अधिक से अधिक पिएं, जिससे इसका शिकार होने से बचा जा सके।

### छापेमारी कर लिए नमूने

खाद्य निरीक्षक डा. ओकेंद्र सिंह के नेतृत्व में विभाग की टीम सोमवार को चौड़ा कुआं बाजार में पहुंची, जहां श्री किराना स्टोर पर टीम ने छापेमारी की। टीम को दुकान में कुट्टू का आटा नहीं मिला, लेकिन जांच के लिए साबुत कुट्टू का नमूना ले लिया। खाद्य विभाग की छापेमारी से बाजार में हड़कंप मचा रहा। खाद्य विभाग की छापेमारी के दौरान टीम के साथ सुभाष बाजार चौकी इंचार्ज पवन कुमार मय फोर्स मौजूद रहे।



## संत रविदास मंदिर में पूर्व विधायक ने किया कथा का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर में सोमवार को एक सप्ताह तक चलने वाली संत रविदास कथा का शुभारंभ किया गया। हस्तिनापुर के पूर्व विधायक एवं सपा नेता योगेश वर्मा ने फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया।

संत शिरोमणी रविदास मंदिर मुबारिकपुर में आयोजक समिति द्वारा कथा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार शाम करीब 7 बजे कार्यक्रम का उदघाटन करने पहुंचे पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने सभी संतों को नमन करते हुए फीता काटा और मंदिर कमेटी को सहयोग राशि भेंट की। आयोजक समिति के ओम सिंह आदि ने पूर्व विधायक को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि संत शिरोमणी रविदास, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आदि महापुरूषों ने समतामूलक समाज की स्थापना के लिए जो संघर्ष किया था, उसका प्रतिफल आज हम सबके सामने है। उन्होंने संत रविदास कथा का उदघाटन करने को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि वह मंदिर में हर तरह के सहयोग के लिए हमेशा तैयार हैं और कथा के दौरान भी वह दोबारा आएंगे। उन्होंने कथा के लिए आयोजक कमेटी को 11 हजार रुपए की धनराशि सौंपी। इस दौरान गजेंद्र प्रधान, सीताराम, आस मोहम्मद कुरैशी सहित मंदिर कमेटी के लोग मौजूद रहे।

# जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने मवाना में देखी 'गोदान' फिल्म

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक ने सोमवार को मवाना स्थित कपिल सिनेमा हॉल में क्लासिक फिल्म गोदान का विशेष प्रदर्शन देखा। इस अवसर पर हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

मंत्री दिनेश खटीक निर्धारित समय पर सिनेमा हॉल पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। फिल्म प्रदर्शन के दौरान उन्होंने सामाजिक विषयों पर आधारित सिनेमा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी फिल्में समाज को दिशा देने का कार्य करती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी सामाजिक मूल्यों और नैतिकता को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

### फिल्म 'गोदान' के बारे में

'गोदान' महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद के प्रसिद्ध उपन्यास पर आधारित फिल्म है। यह कहानी एक गरीब किसान होरी और उसके परिवार के संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में ग्रामीण जीवन की सच्चाई, सामाजिक विषमता, कर्ज, शोषण और मानवीय मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यही कारण है कि यह कृति आज भी प्रासंगिक मानी जाती है। फिल्म देखने के बाद मंत्री ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं भारतीय समाज का दर्पण हैं और 'गोदान' जैसी कहानियां हमें किसानों के जीवन और उनकी समस्याओं को समझने का अवसर देती हैं। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ संक्षिप्त संवाद भी किया और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।




## दबथुवा के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मेरठ-करनाल हाईवे पर रविवार देर रात तेज रफ्तार ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। दबथुवा गांव के समीप अज्ञात ट्रक की टक्कर से 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया।

रविवार रात्रि शामली जनपद के गढ़ी पुख्ता निवासी सालिक अपने मित्र नवाजिश के साथ बाइक से मुंडाली में आयोजित एक धार्मिक जलसे में शामिल होने गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोनों रात में घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक दबथुवा के पास पहुंची, सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। सालिक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि नवाजिश गंभीर रूप से घायल हो गया। पीछे आ रहे अन्य साथियों ने हादसा होते देख तुरंत पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। मृतक के शव को सरधना सीएचसी ले जाया गया, लेकिन परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार करते हुए पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव अपने साथ ले लिया। युवक की असमय मौत से परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेरठ-करनाल हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार आए दिन हादसों को जन्म दे रही है। लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सख्त निगरानी, स्पीड कंट्रोल और ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक हादसों को रोका जा सके।



# मोहन भागवत के संवाद कार्यक्रम में पहुंचेंगे ई-रिक्शा यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल कौशिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दो दिन तक सर संघ चालक मोहन भागवत के साथ संवाद कार्यक्रम होगा। इसमें मेरठ व ब्रज प्रांत के जिलों के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और समाज के प्रमुख लोग सम्मिलित होंगे। क्रिकेटर भुवनेश्वर, प्रवीण कुमार समेत कई अर्जुन अवार्डी पहुंचेंगे।

आरएसएस के अलग-अलग राज्यों में मोहन भागवत के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हाल ही में मुंबई में भी कार्यक्रम हुआ था, जिसमें बॉलीवुड के सितारे भी पहुंचे थे। लगभग उसी तरह से मेरठ के शताब्दीनगर स्थित माधवकुंज में दो दिवसीय कार्यक्रम होगा। 20 फरवरी को खिलाड़ियों से संवाद करेंगे वहीं अगले दिन सामाजिक व विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय एक हजार हस्तियों के सवालों का जवाब देंगे। दोनों दिन के सत्र का स्वरूप एक समान रहेगा। प्रथम एक घंटे सर संघ चालक मोहन भागवत के संबोधन के लिए रखा गया है।

### मोहन भागवत माधवकुंज में करेंगे संवाद

यह कार्यक्रम सिर्फ खिलाड़ियों व समाज के प्रमुख लोगों के लिए ही रखा गया है इसलिए उन्हें विशेष निमंत्रण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में उनका ही प्रवेश होगा जिन्हें निमंत्रित किया गया है। समाज के लोगों में सामाजिक कार्यकर्ता, ई रिक्शा के यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल कौशिक, प्रमुख उद्यमी, चिकित्सक, सीए, अधिवक्ता, जातिगत संगठनों के पदाधिकारी, कलाकार, सांस्कृतिक क्षेत्रों में कार्यरत लोग शामिल हैं। उसके बाद भोजन की व्यवस्था होगी। फिर सवा घंटे प्रश्नोत्तर सत्र रहेगा। 21 को कार्यक्रम के समापन के बाद वह रवाना हो जाएंगे।



### कार्यक्रम के सीधा प्रसारण की संभावना नहीं

मुंबई में हुए संवाद कार्यक्रम के दोनों सत्रों का विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर सीधा प्रसारण किया गया था। सर संघ चालक के संबोधन व प्रश्नोत्तर सत्र को लोगों ने उसी समय देखा था। यहां पर हो रहे कार्यक्रम में अभी इस तरह की व्यवस्था नहीं की गई है।

# विधानसभा में गूंजा सेंट्रल मार्केट का मुद्दा

## सरधना विधायक अतुल प्रधान ने ध्वस्तीकरण रोकने को विशेष कानून लाने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के चल रहे सत्र में सोमवार को सपा सरधना विधानसभा क्षेत्र से विधायक अतुल प्रधान ने मेरठ के सेंट्रल मार्केट का मुद्दा मजबूती से उठाते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि मेरठ का सेंट्रल मार्केट केवल खरीद-फरोख्त का स्थान नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका का प्रमुख आधार है। यदि बिना समुचित पुनर्वास योजना के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है तो इसका सीधा असर हजारों छोटे व्यापारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों पर पड़ेगा।

### रोजगार छिनने से परिवारों पर पड़ेगा गंभीर प्रभाव

सदन में बोलते हुए अतुल प्रधान ने कहा कि सेंट्रल मार्केट से जुड़े दुकानदार, रेहड़ी-पटरी संचालक, मजदूर, लोडिंग-अनलोडिंग कर्मचारी, छोटे व्यापारी और उनके सहायक इस बाजार पर निर्भर हैं। यहां होने वाला दैनिक व्यापार न केवल शहर की अर्थव्यवस्था को गति देता है, बल्कि हजारों परिवारों के घर का चूल्हा भी इसी से जलता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासनिक कार्रवाई के नाम पर अचानक ध्वस्तीकरण किया गया, तो बड़ी संख्या में परिवार बेरोजगार हो जाएंगे और सामाजिक असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।



### सरकार से बिल लाने की मांग

अतुल प्रधान ने विधानसभा में मांग रखी कि सरकार सेंट्रल मार्केट के ध्वस्तीकरण को रोकने के लिए विशेष कानून या बिल लाए। उन्होंने कहा कि जब तक व्यापारियों के पुनर्वास, वैकल्पिक व्यवस्था और मुआवजे की स्पष्ट नीति नहीं बनती, तब तक किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ की कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर यदि लोगों की रोजी-रोटी छीनी जाएगी तो यह न्यायसंगत नहीं होगा। विकास और रोजगार दोनों साथ-साथ चलने चाहिए।

### जनप्रतिनिधियों पर साधा निशाना

सदन में बोलते हुए अतुल प्रधान ने यह भी कहा कि मेरठ में भारतीय जनता पार्टी के दो सांसद, मेयर, दो-दो मंत्री और कई विधायक होने के बावजूद पीड़ित परिवारों की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने सवाल किया कि जब क्षेत्र में सत्ताधारी दल के इतने प्रतिनिधि मौजूद हैं, तो फिर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान क्यों नहीं किया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर संवाद की कमी के कारण व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

### व्यापारियों में जगी राहत की उम्मीदें

विधानसभा में मुद्दा उठने के बाद सेंट्रल मार्केट से जुड़े व्यापारियों और स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। व्यापारिक संगठनों ने भी मांग की है कि सरकार सकारात्मक पहल करते हुए वार्ता का रास्ता अपनाए।

अतुल प्रधान ने स्पष्ट कहा कि वह सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों और पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष करेंगे।



# अफगानिस्तान ने चखा जीत का स्वाद

## अजमतुल्लाह उमरजेई ने चार विकेट व नाबाद 40 रन, इब्राहिम जादरान ने 53 रन और दरवेश रसूली ने 33 रनों की शानदार पारियां खेली

**नई दिल्ली, वार्ता।** अजमतउल्लाह ओमरजई (चार विकेट/ नाबाद 40 रन), इब्राहिम जदरान (53) और दरवेश रसूली (33) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत अफगानिस्तान ने सोमवार को टी-20 विश्वकप के 28वें मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात को चार गेंदे शेष रहते पांच विकेट हरा कर टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने पहले ही ओवर में रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद इब्राहिम जदरान और गुलबदीन नईब की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। छठे ओवर में मुहम्मद इरफान ने गुलबदीन नईब (13) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। सेदिफुल्लाह अटल (16) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। इस दौरान इब्राहिम जरदान एक छोर थामे रन बनाते रहे और उन्होंने अपना अर्द्धशतक भी पूरा किया। 14वें ओवर में इरफान ने इब्राहिम जदरान को आउटकर अफगानिस्तान को बड़ा झटका दिया। इब्राहिम जरदान 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 53 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली ने 23 गेंदों में तीन चौके ओर एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाए। अफगानिस्तान ने 19-2 ओवर में पांच विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। अजमतउल्लाह ओमरजई ने 21 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 40 रनों की मैच विजई पारी खेली। यूएई के लिए जुनैद सिद्दीकी और मुहम्मद इरफान ने दो-दो विकेट लिए। मुहम्मद जवादुल्लाह ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां सोहैब खान (68) और आलीशान शराफु (40) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ नौ विकेट पर 160 रनों का स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिए। आर्यंष शर्मा (शून्य), कप्तान मुहम्मद वसीम (10) रन बनाकर आउट हुए। सोहैब खान और आलीशान शराफु की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। 12वें ओवर में मुजीब उर रहमान ने आलीशान शराफु को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। आलीशान शराफु ने 31 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 40 रनों की पारी खेली।

## टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने राशिद खान

**नई दिल्ली, वार्ता।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी-20 क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। राशिद ने आज यहां संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ टी-20 विश्व कप मैच में मोहम्मद अरफ़ान को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। मैच से पहले राशिद के नाम 699 विकेट थे। उन्होंने यूएई की पारी के 16वें ओवर में अरफान को हिट विकेट कराकर अपना ऐतिहासिक 700वां विकेट लिया। अफगानिस्तान के कप्तान को इस मील के पत्थर तक पहुंचने के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। पिछले सप्ताह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 698वां और 699वां विकेट लिया था, लेकिन इस मैच में शुरुआती 3-2 ओवर उनके बिना सफलता के गए। उन्होंने पहले 20 गेंदों में 17 रन दिए। फिर अरफान रिवर्स स्वीप खेलने के लिए घूमे, लेकिन शॉट को मिस किया और फिर बैलेंस होने के चक्कर में स्टंप को टच कर बैठे। इस मामले में संन्यास ले चुके ब्रावो 631 विकेट के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### दिल्ली सरकार ने तीन खो-खो विश्व कप विजेताओं को 75-75 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली, वार्ता।** खो खो विश्वकप 2025 में को भाग ले चुके दिल्ली के तीन खो-खो खिलाड़ियों, मेहुल, अंशु कुमारी और नसरीन, को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 75-75 लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। श्रीमती रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ल खेल महाकुंभ के उद्घाटन के समय अवसर इन खिलाड़ियों को ये नकद पुरस्कर दिये। भारत ने इस उद्घाटन टूर्नामेंट में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में खिताब जीता। यह प्रतियोगिता 13 से 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली के आईजी स्टेडियम में आयोजित की गई थी, जिसमें 23 देशों की 20 पुरुष और 19 महिला टीमें शामिल हुईं, सभी छह महाद्वीपों से प्रतिनिधित्व मिला। 21 वर्षीय मेहुल ने इस वर्ष ओपन स्कूलिंग के माध्यम से कक्षा 12 की परीक्षा दी है।

#### शिकोंगो चोटिल नामीबिया ने एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया

**कोलंबो, वार्ता।** नामीबिया ने भारत और श्रीलंका में चल रहे टी-20 विश्व कप 2026 के बाकी मैचों के लिए बेन शिकोंगो की चोट के कारण उनकी जगह एलेक्स वोल्शेंक को बुलाया है। 12 फरवरी को भारत के खिलाफ मैच में दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण शिकोंगो के बाहर होने पर आईसीसी ने वोल्शेंक को रिप्लेसमेंट के तौर पर मंजूरी दी है।नामीबिया का आखिरी मैच 18 फरवरी को कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ होगा। स्कॉटलैंड ने सफ्यान शरीफ की जगह जैक जार्विस को अपनी टीम में शामिल किया है। जार्विस ने स्कॉटलैंड के लिए आठ टी-20 मैच खेले हैं और वह पहले से ही टीम के साथ ट्रैवलिग रिजर्व के तौर पर थे। 12 फरवरी को टीम ट्रेनिग सेशन के दौरान सीमर शरीफ के दाहिने ग्रो. इन में चोट लग गई।

# सूर्या ने इशान किशन बल्लेबाजी-गेंदबाजी को सराहा



● पाक पर 61 रनों की जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह जीत भारत के लिए है

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करने इशान किशन और गेंदबाजों की सराहना की। पाकिस्तान पर 61 रनों से जीत दर्ज करने के बाद सूर्यकुमार ने कहा कि यह जीत के लिए भारत के लिए है। लेकिन हम इसी तरह की क्रिकेट खेलना चाहते हैं और टॉस के दौरान जैसा कि मैंने कहा था कि हम पहले बल्लेबाजी ही करना चाहते थे। शुरुआत में हमने विकेट गंवा दिया था लेकिन किशन ने बढ़िया बल्लेबाजी की। 155 का स्कोर मुकाबले को करीबी बना सकता था लेकिन 175 पार स्कोर था।

तिलक, रिकू, शिवम सबने बढ़िया बल्लेबाजी की और गेंदबा. जी में सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं प्लेयर ऑफ द मैच इशान किशन ने कहा कि विकेट इतनी आसान नहीं थी लेकिन आपको अपने आप पर विश्वास रखना होता है इसलिए मैं केवल गेंद को देखकर खेलने का प्रयास कर रहा था। मैंने ऑफ साइड गेम पर बेहद काम किया है, यह बड़ा ग्राउंड है और यहां गैप भी मिलता है इसलिए मैं गैप में खेलने की कोशिश कर रहा था। भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला हमेशा खास होता है, न केवल हमारे लिए बल्कि हमारे देश के लिए भी। उनकी टीम में काफी अच्छे स्पिनर थे और इस जीत से हमें टूर्नामेंट में आगे के लिए काफी आत्मविश्वास मिलेगा।

## आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर समय बिताए अभिषेक शर्मा : रवि शास्त्री

**कोलंबो, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अपनी पारी की शुरुआत में अधिक धैर्य रखने की सलाह दी है। पाकिस्तान पर भारत की 61 रन की जबरदस्त जीत के दौरान अभिषेक बिना किसी रन के आउट होने पर शास्त्री ने कहा कि अभिषेक को आक्रामक बल्लेबाजी से पहले क्रीज पर अधिक समय बिताने की सलाह दी है। आईसीसी ने शास्त्री के हवाले से कहा कि मुझे लगता है कि वह खेलने लायक है, लेकिन उसे स्वयं को थोड़ा और समय देना होगा। ऐसी चीजे होती हैं, और आप गुस्से में आ सकते हैं, लेकिन उसे वापस पटरी पर आने तक खुद को थोड़ा और समय देना होगा। उन्होंने कहा कि क्योंकि उसके लिए बाद में उन डॉट बॉल को बाउंड्री और छक्के में बदलना मुश्किल नहीं है। इसके उलट, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 40 गेंदों पर 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता, यह टूर्नामेंट में उनका लगातार दूसरा अर्द्धशतक है। किशन के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए शास्त्री ने कहा कि वह इस समय सपने जैसी बल्लेबाजी कर रहा है। उस ट्रैक पर 200 के करीब की रफ्तार से बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय है। हर बल्लेबाज को यह आसान नहीं लगा क्योंकि गेंद रुक रही थी, और जिस तरह से उसने बल्लेबाजी की तथा जिस तेजी से उसने हालात का अंदाजा लगाया, वह बहुत बढ़िया था।

# देवदत्त पड़िक्कल का दोहरा शतक, कर्नाटक ने बनाए 686/6



● देवदत्त पड़िक्कल की 232 रनों की पारी की बदौलत कर्नाटक ने सेमीफाइनल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली

**लखनऊ, वार्ता।** देवदत्त पड़िक्कल (232) और आर स्मरण (नाबाद 121) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन सोमवार को उत्तराखंड के खिलाफ स्टंप के समय छह विकेट पर 689 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

आज यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 355 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (60) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान देवत्त पडिक्कल ने अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह चौथे विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 330 गें. दों में 29 चौके और तीन छक्कों की मदद से 232 रन की पारी खेली। श्रेयस गोपाल (शून्य) और कृतिक कृष्णा (60) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय कर्नाटक ने छह विकेट पर 689 रन बना लिए थे। आर स्मरण (नाबाद 121) और विद्याधर पाटिल (नाबाद 35) क्रीज पर मौजूद है। उत्तराखंड के लिए आदित्य रावत ने तीन विकेट लिए। अभय नेगी, अवनीश सुधा और लक्ष्य रायचंदानी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# चोटिल हेजलवुड विश्वकप से हुए बाहर



● जॉश हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है

**पल्लेकेले, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउडर जॉश हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टी-20 विश्वकप 2026 से बाहर हो गए है। उनकी जगह टीम में स्टीव स्मिथ को शामिल किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को हेजलवुड के रिप्लेसमेंट को मंजूरी दे दी। हेजलवुड की जगह स्टीव स्मिथ को टीम में शामिल किया गया है। इसी के साथ हेजलवुड पिडली की चोट के कारण टूर्नामेंटआधिकारिक रूप से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने हेजलवुड को टीम में जगह दी थी और टीम के चिकित्सा दल को उम्मीद थी कि वह टूर्नामेंट में खेलने के लिए समय पर फिट हो जाएंगे, लेकिन वे कामयाब नहीं हुए। आईसीसी की तकनीकी समिति ने हेजलवुड के रिप्लेसमेंट की मंजूरी दी है। इसी के आधार पर स्टीव स्मिथ को आधिकारिक रूप से टीम में शामिल कर लिया गया।

# पाक के पूर्व कप्तान इमरान खान अस्पताल में भर्ती



● अस्पताल में भर्ती का फैसला विपक्ष द्वारा लगातार पाक सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान खार को स्वास्थ्य चिंताओं के बीच अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। सरकार के मंत्री तारीक फजल चौधरी ने इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उन्हें मेडिकल बोर्ड से अस्पताल में भर्ती करने का फैसला किया गया है। यह फैसला विपक्ष द्वारा लगतारा पाकिस्तानी सरकार पर बनाए जा रहे दबाव के बीच लिया गया है। इमरान की सेहत को लेकर दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार यूनिस ने भी आवाज उठाई थी।

दोनों पूर्व क्रिकेटरों ने मांग की है कि जेल में बंद इमरान को बेहतर इलाज मुहैया कराया जाए। खबरों के अनुसार, 73 वर्षीय के इमरान की दाईं आंख की रोशनी खराब हो गई है। उनकी कानूनी टीम का दावा है कि पिछले कई महीनों से अकेले कैद काट रहे इमरान की आंखों में इंफेक्शन हुआ है। अकरम ने एक्स पर लिखा कि अपने कप्तान इमरान खान की सेहत और उनकी तकलीफो के बारे में जानना उनके लिए बेहद तकलीफदेह है। उन्होंने कहा, ष्मैं दिल से गुजारिश करता हूं कि जिम्मेदार अधिकारी इस मामले को पूरी संजीदगी से लें और उन्हें बेहतरीन मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराएं। मेरी दुआएं उनके साथ हैं कि वे जल्द सेहतमंद हों और वह दोबारा पहले की तरह सेहतमंद हो जाएं। वकार ने लिखा कि राजनीति से अलग हटकर देखें तो हमारे राष्ट्रीय नायक, जिन्होंने हमें खेल के मैदान पर हमारी सबसे बड़ी गौरवपूर्ण जीत दिलाई, एक कैंसर अस्पताल बनाया, जिसने मेरी मां सहित अनगि. नत लोगों की मदद की, आज स्वास्थ्य आपात स्थिति से जूझ रहे हैं और उन्हें तुरंत उपचार की आवश्यकता है।

मैं विनम्रतापूर्वक संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करता हूं कि उन्हें समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराया जाए। जल्दी स्वस्थ हो जाइए कप्तान। शोएब अख्तर ने कहा, ष्उनकी आंख की रोशनी जाने की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है उम्मीद है उन्हें सही और सबसे बढ़िया इलाज मिलेगा और मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। शाहिद अफरीदी ने कहा कि चिकित्सा सुविधा तक पहुंच मूल अधिकार है और इसे उपलब्ध कराया जाना चाहिए। रमीज राजाने कहा कि उन्हें उम्मीद है 'मानवता की जीत होगी।' उन्होंने लिखा कि इमरान खान को पीड़ा में देखना और एक आंख की दृष्टि खोना भावनात्मक रूप से झकझोर देने वाला है।

# इटली को हराकर इंग्लैंड सुपर-8 में पहुंचा



● इंग्लैंड ने टी-20 विश्व कप के 29वें मैच में इटली पर 24 रनों से संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की

**कोलकाता, वार्ता।** विल जैक्स (नाबाद 53/ एक विकेट), टॉम बैटन (30) और फिल सॉल्ट (28) रन के बाद जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्व. कप के 29वें मुकाबले में इटली पर संघर्षपूर्ण मुकाबले में 24 रनों से जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 203 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली शुरुआत बेहद खराब हुई और उसने महज 22 रन के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद जस्टिन मोस्का और बेंजमिन मनेंटी जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट लिए 92 रन जोड़े। 12वें ओवर में विल जैक्स ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। मनेंटी ने 25 गेंदों चार चौके और छह छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। ग्रांट स्टुअर्ट 23 गेंदों में 45 रन बनाकर 19वें ओवर में आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में पांच छक्के और दो चौके लगाये। कप्तान हैरी मनेंटी और जसप्रीत लसह 12-12 रन बनाकर आउट हुए। मैच की आखिरी गेंद पर जेमी ओवर्टन ने अली हसन को बोल्ड कर 178 रन के स्कोर पर इटली की पारी का अंत कर मुकाबला 24 रनों से अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड के लिए जेमी ओवर्टन और सैम करन (तीन-तीन विकेट) लिए। जोफ्रा आर्चर को दो विकेट मिले। विल जैक्स और आदिल राशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने इटली के खिलाफ सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने इटली के गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। हालांकि इस दौरान उसने लगातार विकेट भी गंवाये। जॉस बटलर (तीन) तीसरे ओवर में पहले विकेट के रूप में आउट हुए। फिल सॉल्ट ने 18 गेंदों में 28 रन बनाये। जेकब बेथेल (23), कप्तान हैरी ब्रुक (14) और टॉम बैटन 21 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुए उस समय टीम का स्कोर पांच विकेट पर 105 रन था।

ऐसे संकट के समय विल जैक्स ने मोर्चा संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। सैम करन (25) और जेमी ओवर्टन (15) रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 202 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। विल जैक्स 22 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 53 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इटली के लिए ग्रांट स्टुअर्ट और कृषण कालूगामगे ने दो-दो विकेट लिए।

# शमी-मुकेश ने जेके को दिए झटके



● बंगाल ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय तक जम्मू-कश्मीर के 198 पर पां च विकेट झटक कर मैच पर पकड़ बना ली

**कल्याणी, वार्ता।** मोहम्मद शमी (तीन विकेट) और मुकेश कुमार (दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बंगाल ने सोमवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर के 198 पर पांच विकेट झटक मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं।

यहां बंगाल कल के पांच विकेट पर 249 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में आकिब नबी ने सुदीप कुमार घरामी (146) रन को आउटकर बंगाल को छठा झटका दिया। इसके बाद बंगाल महज 59 रन जोड़कर शेष अपनी चारों विकेट गंवा दिए। बंगाल की पूरी टीम 97-1 ओवर में 328 पर सिमट गई। जम्मू-कश्मीर के लिए आकिब नबी ने पांच विकेट लिए। सुनील कुमार को दो विकेट मिले। युद्धवीर सिंह चरक और आबिद मुश्ताक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू कश्मीर को मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार ने शुरुआती तीन विकेट महज 13 रन के स्कोर पर झटक लिए। इसके बाद कप्तान परास डोगरा और अब्दुल समद ने पारी को संभाला और 143 रन जोड़े। अब्दुल समद (82) को मोहम्मद शमी ने 40वें ओवर में आउट किया। अगले ही ओवर में मुकेश कुमार ने पारस डोगरा (58) का शिकार कर लिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय जम्मू-कश्मीर ने पांच विकेट पर 198 रन बना लिए है। कन्हैया वधावन नाबाद (10) और आबिद मुश्ताक (नाबाद 26) क्रीज पर मौजूद थे।

# सम्पादकीय

मंगलवार, 17 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## एआई समिट

सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े टैक्नोलॉजी इवेंट में से एक इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट 2026 का उद्घाटन किया। यह इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। इसमें 300 से ज्यादा कंपनियां भाग ले रही हैं। जैसाकि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा भी की इस समिट की थीम सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय यानि सबका भला और सबकी खुशी है। यह इंसानियत की तरक्की के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करने के हमारे साझा संकल्प को दिखाती है। एआई इम्पेक्ट समिट आम लोगों को इससे जोड़ने का काम करेगी और एआई को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उसको दूर करेगी। इस समिट में आने वाली दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट एआई सॉल्यूशन्स को दुनिया के सामने पेश करेंगे और इसको आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम कर सकता है और भविष्य में एआई से खेती सहित और शिक्षा क्षेत्र में क्या बदलाव लाने वाला है कि वह एज के फाउंडर और एग्जिक्यूटिव वाइस चेयरमैन संजीव बिखचंदानी ने उन बातों को निराधार बताया जिनमें कहा जाता रहा है कि एआई नौकरियों को संकट में डाल सकता है। उनका कहना है कि एआई नौकरियां खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि काम की क्षमता को बढ़ा रहा है। उन्होंने युवाओं को सलाह भी दी कि वे एआई को अपनाएं वरना पीछे छूट सकते हैं, तो वहीं एचसीएल टैक्नॉलॉजी के पूर्व सीईओ विनीत का कहना है कि एआई का असर 50 प्रतिशत नौकरियों पर पड़ेगा, लेकिन साथ ही उन्होंने यह कह डाला कि यह 50 प्रतिशत नए रोजगार के अवसर भी पैदा करेगा। सीएलएल नेशनल एआई फोरम के को चेयरपर्सन तेजप्रीत चोपड़ा का मानना है कि एआई दुनिया को बदल रहा है और हमारी जिंदगी का हिस्सा बनता जा रहा है और हेल्थकेयर खेती से लेकर शिक्षा और गवर्नेंस तक एआई हर काम को आसान बना रहा है और यह नौकरियों को नहीं छीनने जा रहा है। वहीं माइक्रोसॉफ्ट इंडिया और साउथ एशिया के प्रजिडेंट पुनीत चंडोक ने भी कहा कि एआई नौकरियों को पूरी तरह खत्म नहीं करेगा बल्कि उनके काम करने की तरीके को बदलेगा। एआई किसी भी काम को छोटे हिस्सों में बांटेगा, जिससे काम आसान होगा। पीएम मोदी ने भी कहा है कि यह शिक्षा, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर तमाम क्षेत्रों के लिए एआई उपयोगी साबित होगा। उनका यह भी कहना है कि एआई टूल्स का इस्तेमाल छात्र अपनी पढ़ाई और करियर को बेहतर बनाने के लिए भी कर सकेंगे। इसमें तो कोई दोराय नहीं है कि यह नई तकनीकी का जमाना है और इनका उपयोग करके ही आगे बढ़ाया जा सकता है, लेकिन जैसे हर तकनीक के खतरे हैं, इसके भी अपने खतरे हैं।

### ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा



आज का उप्र नए भारत की भावना के अनुरूप आगे बढ़ रहा है और आक्रांताओं के महिमामंडन को कतई स्वीकार नहीं करेगा, वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में कोई बड़ा सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआ, ना कर्फ्यू, ना दंगा-यूपी में सब चंगा, पिछली सरकार ने पीएसी को बंदी की कगार पर पहुंचा दिया था, लेकिन अब प्रदेश में 34 वाहिनियां सक्रिय हैं, जिनमें तीन नई महिला बटालियन-उदा देवी, झलकारी बाई और अवंती बाई-शामिल हैं, उप्र अब अपनी सांस्कृतिक पहचान को मजबूती दे रहा है, प्रदेश में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम जैसे परियोजनाओं के माध्यम से धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित किया गया है।

-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उप्र

# गोदी मीडिया के एपस्टीन दस्तावेज आखिर कब बाहर आएंगे!





श्रवण गर्ग

मेरे जैसे उन तमाम लोगों को जिन्होंने किसी जमाने में 'दूरदर्शन' के शानदार उदघोषकों के साथ टीवी के पर्दों पर अपनी सुबह और शामें बिताई हैं उन्हें इस वक्त जो चल रहा है उसे देखते हुए सौम्य व्यक्तित्व की धनी समाचार-वाचिका सरला माहेश्वरी के हाल में हुए निधन से उत्पन्न हुई रिक्तता की पीड़ा को महसूस करने में ज्यादा कठिनाई नहीं महसूस करना चाहिए।

पूंजीपतियों की गोद में खेल रहे चैनलों में एक की एक महिला न्यूज एंकर को जब देश की जनता ने आक्रामक अंग्रेजी में यौन दुराचारी एप्सटीन का बचाव करते हुए देखा तो सन्न रह गई। एंकर ने जब तर्क दिया कि एप्सटीन की निजी दुराचारी जिंदगी जिसमें वह छोटी-छोटी बच्चियों का यौन शोषण करता था उसके सार्वजनिक जीवन जिसमें वह प्रभावशाली लोगों से संपर्क रखता था और दूसरों का उनसे करवाता था से पूरी तरह अलग थी तो न तो टीवी की स्क्रीन कांपी और न ही थर्राई।

जनता ने फिर देखा कि हिन्दी के एक प्रसिद्ध चैनल की एक तारिका एंकर ज्ञान दे रही है कि मुगल सम्राट बाबर किस तरह का बाइसेक्सुअल था। कैसे बाजार में घूमते हुए बाबर की नजर एक खूबसूरत लौंडे पर पड़ गई और बादशाह बेचैन हो उठे थे। जनता न सिर्फ भगवानों की तरह से शासकों के भी अलग-अलग श्रंगारों में प्रतिदिन दर्शन कर रही है, उन एंकरों को भी सुबह-शाम देख रही है जो मेक-अप की मोटी-मोटी परतें चेहरों पर चढ़ाए मुल्क की गरीबी का मजाक उड़ाने वाले वस्त्र धारण करके देश के विकास पर बहसें करवाते रहते हैं। कम उम्र की युवा एंकर वक्ताओं से सवाल करती हैं 'झूठ बोलने का इतना कलेजा कहां से लाते हैं आप?'

एक जमाना था जब हम देखते थे कि 'दूरदर्शन' के साथ संबद्ध हिन्दी-अंग्रेजी के प्रतिभाशाली उदघोषक बिना किसी खौफ के इंदिरा गांधी के साथ कंधों से कंधा सटाकर फोटो खिंचवा रहे हैं, गर्व के साथ मुस्कुराहटें बिखेर रहे हैं। हम आज देख रहे हैं कि बहसों के दौरान चैनलों पर गुर्राते रहने वाले एंकर किस तरह शासकों के चरणों में लोटपोट हो सत्ता-प्रतिष्ठान का प्रशस्तिगान कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है ! अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस कांफ्रेंस में

> **सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ताजा उदाहरण है जिसमें अपनी कार की विंडो से राहुल गांधी चरण-चुंबक पत्रकारों को उनसे लगातार सत्ता-प्रेरित सवाल पूछते रहने के लिए यह जानते हुए भी फटकार लगाते दिखते हैं कि इससे (पत्रकारों को) कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है । अब तो हो यह गया है कि अपनी प्रेस वार्ता में किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है । सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है ।**

किसी रिपोर्टर के खड़े होते ही राहुल समझ जाते हैं कि उनसे क्या सवाल पूछा जाने वाला है। सत्ता प्रतिष्ठान की तरह गोदी मीडिया ने भी अपनी चमड़ी मोटी कर ली है। मीडिया के नाम पर जहरीले एंकरों और कतिपय पत्रकारों द्वारा जो किया जा रहा है वह भी एक तरह की मॉब लिंर्चि. चंग ही है। एक ऐसी लिंचिंग जिसमें देखने-सुनने वालों की निर्दोष आत्माओं का रक्तहीन संहार बे-रोकटोक किया जाता है। सत्ता पर कघबिज शासक संसदीय परंपराओं और संवैधानिक संस्थानों को बंधक बनाने में जुटे हैं और 'घोषित आपातकाल' के पहले शिकार मीडिया ने 'अघोषित आपातकाल' में लोकतंत्र को निस्तेज और प्रतिरोध को नपुंसक बनाने की सुपारी ले रखी है। सवाल यह है कि एप्सटीन की तरह 'गोदी मीडिया' के दस्तावेज कब बाहर आएंगे?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# उम्र बढ़ने के कारणों की खोज एक नई पहल

> **2020 में, स्पेन के टोलेडो के एक समूह ने एक शोध पत्र प्रकाशित किया था, जिसका निष्कर्ष था-संगीत डिमेंशिया के उपचार का एक सशक्त तरीका हो सकता है और हाल ही में, स्पेन के ही एक अन्य समूह द्वारा प्रका. शित पेपर का शीर्षक है-संगीत बढ़ती उम्र से सम्बंधित संज्ञानात्मक विक. ारों में परिवर्तित जीन अभिव्यक्ति की भरपाई कर देता है।**

न्यूयॉर्क स्थित कोलंबिया विश्वविद्यालय (जहां से मैंने उच्च शिक्षा प्राप्त की) के महामारी विज्ञानी डॉ. डेनियल बेल्स्की ने एक नया शब्द गढ़ा है जेरोसाइंस, जिसका अर्थ है बुढ़ापा या बढ़ती उम्र सम्बंधी विज्ञान। इसके तहत, उन्होंने एक अनोखा रक्त परीक्षण तैयार किया है जो यह बताता है कि कोई व्यक्ति किस रफ्तार से बूढ़ा हो रहा है। उनके दल ने एक विधि विकसित की है जिसमें वरिष्ठजनों के डीएनए में एक एंजाइम के जरिए मिथाइल समूहों के निर्माण का अध्ययन किया जाता है। उन्होंने पाया है कि डीएनए पर मिथाइल समूहों का जुड़ना (मिथाइलेशन) उम्र बढ़ने के प्रति संवेदनशील है। इस एंजाइम को अक्सर जेरोजाइम कहा जाता है। मिथाइलेशन डीएनए और अन्य अणुओं का रासायनिक संशोधन है जो तब होता है जब को. शिकाएं विभाजित होकर नई कोशिका बनाती हैं।

जेरोजाइम को नियंत्रित करने के लिए कई शोध समूह औषधियों और अन्य तरीकों पर काम कर रहे हैं। यह प्रयास किसी भी व्यक्ति की बढ़ती उम्र को कैसे प्रभावित करते हैं? एक शोध समूह ने बताया है कि मेटफॉर्मिन नामक औषधि बढ़ती उम्र को लक्षित करने का एक साधन है (सेल मेटाबॉलिज्म, जून 2016), एक अन्य समूह ने पाया है कि यदि हम TORC1 एंजाइम को बाधित कर देते हैं, तो यह बुजुर्गों में प्रतिरक्षा को बढ़ा सकता है और संक्रमणों को कम कर सकता। हाल ही में, जोन बी। मेनिक और उनके दल ने नेचर एजिंग पत्रिका में प्रकाशित अपने शोध पत्र में मानव रोगों के पशु मॉडल्स की उम्र व जीवित रहने पर रैपामाइसिन औषधि के प्रभावों की समीक्षा की है। उन्होंने बताया है कि कैसे हम इस औषधि के अवरोधकों को वृद्धावस्था के रोगों की मानक देखभाल में शामिल कर सकते हैं। डॉ. बेल्स्की के समूह ने विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि (अमीर-गरीब, ग्रामीण-शहरी) के लोगों में डीएनए मिथाइलेशन के स्तर का भी अध्ययन किया और पाया कि सामा. जिक-आर्थिक स्तर की प्रतिकूल परिस्थितियां भी इसमें भूमिका निभाती हैं। कोलंबिया एजिंग सेंटर ने पाया है कि संतुलित आहार शोथ को कम करके मस्तिष्क के स्वास्थ्य की देखभाल करता है, आवश्यक पोषक तत्वों की आपूर्ति करके उचित रक्त प्रवाह बनाए रखता है जो संज्ञानात्मक कार्य में सहायक होता है। वेबसाइट healthline.com बात को आगे बढ़ाते हुए बताती है कि प्रोटीन के स्वास्थ्यवर्धक स्रोत, स्वास्थ्यकर वसा और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे सब्जियां, तेल से भरपूर खाद्य पदार्थ और बहुत सारे फल स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। भारत में हमारे लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे यहां (143 करोड़ की कुल जनसंख्या में से) 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की कुल संख्या लगभग 10 करोड़ है। healthline.com का सुझाव है कि (जंतु और वनस्पति) प्रोटीन, पौष्टिक अनाज (गेहूं, चावल, रागी, बाजरा), तेल, फल और सॉफ्ट ड्रिंक्स स्वस्थ बुढ़ाने में मदद करते हैं। यह मांसाहारियों और शाकाहारियों दोनों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं।

**व्यायाम से रोकथाम**

स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया है कि घायल या बूढ़े चूहों की शक्ति बढ़ाने वाली एक औषधि तंत्रिकाओं और मांसपेशीय तंतुओं के बीच कड़ियों को बहाल करती है। यह औषधि उम्र बढ़ने से जुड़े जेरोजाइम, 15-PGDH की गतिविधि



को अवरुद्ध करती है। यह जेरोजाइम उम्र बढ़ने के साथ और न्यूरोमस्कुलर रोग के चलते मांसपेशियों में कुदरती रूप से बढ़ता है। लेकिन यह औषधि देने पर उम्रदराज चूहों की शारीरिक गति. विधि फिर से बढ़ गई थी। मिनेसोटा का मेयो क्लीनिक नियमित शारीरिक गतिविधि के सात लाभ बताता है। वजन पर नियंत्रणय स्ट्रोक, उच्च रक्तचाप, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर जैसी स्थितियों और बीमारियों से लड़ता है, मूड में सुधारय ऊर्जा देता है, अच्छी नींद लाता है, यौन जीवन बेहतर करता है और कहना न होगा कि यह मजेदार और सामाजिक हो सकता है। जैसे दूसरों से मेल-जोल होना, घूमना या खेलना। हम सभी, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को, व्यायाम से बहुत लाभ होगा, और इस प्रकार जेरोजाइम बाधित होगा। संगीत भी जेरोजाइम को नियंत्रित कर सकता है और यह डिमेंशिया (स्मृतिभ्रंश) का इलाज भी हो सकता है।

स्रोत फीचर्स

# मैमथ के फिर से जिंदा हो उठने की आस

एक कंपनी है कोलोसल जिसका उद्देश्य है विलुप्त हो चुके जंतुओं को फिर से साकार करना। इस बार यह कंपनी कोशिश कर रही है कि वुली मैमथ नाम के विशाल प्राणि को पुन: प्रकट किया जाए। अपने इस प्रयास में कंपनी के वैज्ञानिक आजकल के हाथियों की त्वचा कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में परिवर्तित करने में सफल हो गए हैं। स्टेम कोशिकाएं वे कोशिकाएं होती हैं जो किसी खास अंग की को. शिका में विभेदित नहीं हो चुकी होती हैं और सही परिवेश मिलने पर शरीर की कोई भी कोशिश बनाने में समर्थ होती हैं। योजना यह है कि इन स्टेम कोशिकाओं में जेनेटिक इंजी. नियरिंग की तकनीकों की मदद से मैमथ के जीन्स रोपे जाएंगे और उम्मीद है कि यह कोशिका विकसित होकर एक मैमथ का रूप ले लेगी।

कोलोसल का उद्देश्य है कि एशियाई हाथियों का ऐसा कुनबा तैयार किया जाए जिसके शरीर पर वुली मैमथ जैसे लंबे-लंबे बाल हों, अतिरिक्त चर्बी हो और मैमथ के अन्य गुणधर्म हों। देखने में तो बात सीधी-सी लगती है क्योंकि सामान्य कोशिकाओं को बहुसक्षम स्टेम कोशिकाओं में बदलने में पहले भी सफलता मिल चुकी है और जेनेटिक इंजीनियरिंग भी अब कोई अजूबा नहीं है। जैसे एक शोधकर्ता दल ने 2011 में श्वेत राइनोसिरस और ड्रिल नामक एक बंदर से स्टेम कोशिकाएं तैयार कर ली थीं। इसके बाद कई अन्य जोखिमग्रस्त प्रजातियों के साथ भी ऐसा किया जा चुका है। जैसे, तेंदुए, सुमात्रा का ओरांगुटान वगैरह, लेकिन पूरे काम में कई अगर-मगर हैं। अव्वल तो कई दल हाथी की स्टेम कोशिकाएं तैयार करने में असफल रह चुके हैं। जैसे कोलोसल की ही एक टीम एशियाई हाथी की को. शिकाओं को स्टेम कोशिकाओं में तबदील करने में असफल रही थी। उन्होंने शिन्या यामानाका द्वारा वर्णित रीप्रोग्रामिंग कारकों का उपयोग किया था। अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गईं, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार को. शिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है। इसका दूसरा रास्ता भी है-इन स्टेम कोशिकाओं को संश्लेषित भ्रूण में तबदील कर देना। एक समस्या यह भी आएगी कि भ्रूण तैयार हो जाने के बाद उनके विकास के लिए कोख का इंतजाम करना। इसके लिए टीम को कृत्रिम कोख का इस्तेमाल करना ज्यादा मुफीद लग रहा है क्योंकि हाथी की कोख में विकसित होने के दौरान मैमथ भ्रूण का विकास प्रभावित हो सकता है। लिहाजा स्टेम कोशिकाओं से ही कोख तैयार करने की योजना है। दरअसल, शोधकर्ताओं के लिए यह प्रयास जोखिमग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण की दिशा में कदम है और इससे जीव वैज्ञानिक शोध में मदद मिलने की भी उम्मीद है। जैसे वैकासिक जीव वैज्ञानिक विंसेंट लिंच का विचार है कि हाथियों की स्टेम कोशिकाओं पर प्रयोग यह समझा सकते हैं कि हाथियों को कैंसर इतना कम क्यों होता है।

> **अधिकांश स्टेम कोशिकाएं तैयार करने के लिए इसी विधि का इस्तेमाल किया जाता है। इस असफलता के बाद एरिओना ह्योसोली की टीम ने उस रासायनिक मिश्रण का उपयोग किया जिसके उपयोग से मानव व मूषक कोशिकाओं को स्टेम कोशिकाओं का रूप देने में सफलता मिल चुकी थी, लेकिन इस उपचार के बाद हाथियों की अधिकांश कोशिकाएं या तो मर गई, या उनमें विभाजन रुक गया या कई मामलों में वे इस उपचार से अप्राभावित रहीं, लेकिन चंद कोशिकाओं ने गोल आकार हासिल कर लिया जो स्टेम कोशिका जैसा था। अब टीम ने इन कोशिकाओं को यामानाका कारकों से उपचारित किया, लेकिन सफलता तो तब हाथ लगी जब उन्होंने एक कैंसर-रोधी जीन TP53 की अभिव्यक्ति को ठप कर दिया। इस तरह से शोधकर्ताओं ने एक हाथी से चार कोशिका वंश तैयार किए हैं। अब अगला कदम होगा हाथी की कोशिकाओं में जेनेटिक संपादन करके मैमथ जैसे गुणधर्म जोड़ना। इसके लिए उन्हें यह पहचानना होगा कि वे कौन-से जेनेटिक परिवर्तन हैं जो हाथी को मैमथनुमा बना देंगे। यह काम पहले तो सामान्य कोशिकाओं में किया जाएगा और फिर स्टेम कोशिकाओं में। पहले संपादित स्टेम कोशिकाएं तैयार की जाएगी और फिर उन्हें ऊतकों जैसे बाल या रक्त में विकसित करने का काम करना होगा, लेकिन उससे पहले और भी कई काम होंगे, जैसे संपादित स्टेम कोशिकाओं को किसी प्रकार से शुक्राणुओं व अंडाणुओं में बदलना ताकि उनके निषेचन से भ्रूण बन सके। यह काम चूहों में किया जा चुका है।**



-स्रोत फीचर्स

# अमेरिका प्रतिबंध हटाए, तो हम समझौते के लिए तैयार: ईरान

## अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है

**वाशिंगटन।** ईरान ने संकेत दिया है कि अगर अमेरिका प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा के लिए तैयार है तो वह वह अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता समझौते की पेशकश कर सकता है। अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता का एक नया दौर मंगलवार को जिनेवा में होने वाला है, जिसमें अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद है।

यह वार्ता छह फरवरी को ओमान में हुए पहले अप्रत्यक्ष दौर के बाद हो रही है, जहां ईरान ने यूरेनियम संवर्धन के अधिकार की मांग की थी, जबकि अमेरिका ने बैलिस्टिक मिसाइलों और हिजबुल्लाह जैसे क्षेत्रीय सहयोगियों पर व्यापक चर्चा के लिए दबाव डाला था। दोनों पक्षों ने पिछली बैठक को एक 'अच्छी शुरुआत' बताया था, हालांकि बड़े मतभेद अभी भी बने हुए हैं। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि ईरान परमाणु समझौते पर अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है, बशर्ते अमेरिकी प्रशासन प्रतिबंधों को हटाने पर चर्चा करने का इच्छुक हो। ईरान के उप विदेश मंत्री माजिद तख्त-रवांची ने भी एक साक्षात्कार में कहा कि अब गेंद अमेरिका के पाले में है कि वह यह साबित करे कि वे समझौता करना चाहते हैं। यदि वे ईमानदार हैं, तो मुझे यकीन है कि हम समझौते की राह पर होंगे। रवांची ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) से कहा कि अगर वे प्रतिबंधों के बारे में बात करने के लिए तैयार हैं, तो हम अपने कार्यक्रम से संबंधित इस और अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के साथ निपटने में कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं और प्रशासन वर्तमान में बातचीत पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ ब्रातिस्लावा में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ने स्पष्ट कर दिया है कि वह कूटनीति को प्राथमिकता देते हैं। अमेरिका क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बनाए रखते हुए ईरान के परमाणु मुद्दे का कूटनीतिक समाधान तलाश रहा है। इस बीच, ईरानी अधिकारियों ने भी हमला होने पर जवाब देने की तैयारी का संकेत दिया है, जिससे जिनेवा वार्ता से पहले तनाव बना हुआ है। यह बातचीत ऐसे समय में हो रही है जब ट्रम्प ने अनुपालन के मामले में ईरान के पिछले रिकॉर्ड का हवाला देते हुए संभावित समझौते पर संदेह व्यक्त किया है।

**अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जारेड कुशनर के शामिल होने की उम्मीद**

### अमेरिका के साथ वार्ता के दूसरे दौर को जिनेवा रवाना हुए अराघची



**काहिरा।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता के दूसरे दौर के लिए स्विट्जरलैंड के जिनेवा रवाना हो चुके हैं, हालांकि समझौते की शर्तों पर अभी तक दोनों देशों के बीच कोई तालमेल नहीं नजर आ रहा। ईरानी विदेश मंत्रालय के बयान के अनुसार, अराघची मंगलवार को होने वाली वार्ता में 'कूटनीतिक और विशेषज्ञ' प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस दौरान उनकी स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्री इग्नाजियो कैसिस, ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल-बुसैदी तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी और अन्य अधिकारियों से मुलाकात होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे। यह बैठक छह फरवरी को ओमान की राजधानी मस्कट में हुए पहले दौर की वार्ता के बाद हो रही है, जिसे दोनों पक्षों ने 'अच्छी शुरुआत' बताया था, लेकिन उसमें कोई ठोस सफलता नहीं मिली थी।



नई दिल्ली। भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान उपस्थित आगंतुक।

### कनाडा में रूसी विमान की जब्ती का मामला अभी विचाराधीन: ओलेग स्टेपनोव

**ओटावा।** रूसी एयर कार्गो कंपनी 'वोल्गा-ड्निप्र' के मालवाहक विमान संबंधित एन-124 की जब्ती का मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपनोव ने रूसी संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी स्टेपनोव ने कहा कि यह मामला अभी भी कनाडा की अदालतों में सुना जा रहा है। इसका मालिक वोल्गा-ड्निप्र इसमें एक पक्ष है। हम एक देश के रूप में इस कार्यवाही में शामिल नहीं हैं और चल रहे मामले के कानूनी विवरणों पर टिप्पणी नहीं कर सकते।

## संक्षिप्त समाचार

### लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमलों में चार लोगों की मौत

**बेरूत।** लेबनान के पूर्वी क्षेत्र में सीरिया से लगी सीमा पर एक गाड़ी को निशाना बनाकर किए गए इजरायली ड्रोन हमले में चार लोग मारे गए। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि रविवार रात हुए हमले की जगह के पास के गांवों में जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। एजेंसी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने गाड़ी के अंदर लगी आग बुझाई और चार लाशें निकालीं। अभी तक इजरायली सेना ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### एल साल्वाडोर की नौसेना ने जब्त की 6-6 टन कोकीन

**मेक्सिको सिटी।** एल साल्वाडोर की नौसेना ने 6-6 टन कोकीन ले जा रहे जहाज को पकड़ा है, जो देश के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती है। एल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायिब बुकेले ने सोमवार को यह घोषणा की। इस कोकीन की कीमत करीब 16.5 करोड़ डॉलर है। बुकेले ने सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारी राष्ट्रीय नौसेना ने एल साल्वाडोर के इतिहास की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती को अंजाम दिया है। बुकेले के मुताबिक, यह अभियान एल साल्वाडोर के तट से 380 समुद्री मील (703.7 किलोमीटर) दक्षिण-पश्चिम में हुआ।

### मुक्त व्यापार समझौते के करीब ऑस्ट्रेलिया और ईयू: रिपोर्ट

**कैनबेरा।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच संभावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत अपने अंतिम दौर में है और आने वाले हफ्तों में इस पर हस्ताक्षर हो सकते हैं।
ऑस्ट्रेलिया के समाचार चैनल एबीसी न्यूज ने ईयू और ऑस्ट्रेलियाई प्रशासन के हवाले से यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सला वॉन डेर लेयन बचे हुए 'विवादास्पद मुद्दों' को हल करने के बाद समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, ये विवादास्पद मुद्दे लाल गोश्त के निर्यात से संबंधित हैं।

### रूस पर लगाए गए कनाडा के प्रतिबंध निरर्थक: स्टेपानोव

**वॉशिंगटन।** कनाडा में रूस के राजदूत ओलेग स्टेपानोव ने कहा है कि यूक्रेन सरकार को अपना समर्थन दिखाने के लिए कनाडा रूस पर प्रतिबंध लगा रहा है, लेकिन असल में इन पाबंदियों का कोई व्यावहारिक असर नहीं है। स्टेपानोव ने समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में रविवार को कहा कि कनाडा के एकतरफ़ा कदम कमजोरी की वजह से उठाए गए हैं। यह एक मनगढ़ंत कहानी है, ताकि दूसरे मौकों की कमी की वजह से यूक्रेन सरकार को समर्थन दिखाया जा सके।

# यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठाएगी रहमान सरकार!

## बांग्लादेश के 18 मंत्रियों की संपत्ति में इजाफा, यूनुस की प्रॉपर्टी 12 करोड़ हुई, पेरिस जाने की तैयारी में लगे हैं मोहम्मद यूनुस

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपये हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपये का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टाप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपये की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं। इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवार्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस अंतरिम पीएम के तौर पर शपथ लेते हुए। तारिक रहमान की जीत के साथ ही यूनुस सरकार में आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब नीदरलैंड्स लौट गए हैं। फैज के कार्यकाल के दौरान ण्ज सेक्टर में उनके द्वारा विदेशी कंपनियों के पक्ष में दिए गए कुछ फैसलों को लेकर आपत्तियां भी आई थीं।



बांग्लादेश में हिंदू नेता को मंत्री बना सकते हैं रहमान, 30 साल पहले भी मिनिस्टर रहे थे गोयेश्वर, इस बार दो हिन्दुओं ने जीता चुनाव

उन पर अनावश्यक हाई-कैपेसिटी इक्विपमेंट खरीद के लिए कुछ कंपनियों को टेंडर जारी करने के भी आरोप हैं। यूनुस सरकार में पर्यावरण मंत्री सैयदा रिजवाना का कहना है कि फैज अपने परिवार के साथ नीदरलैंड्स में ही रहते हैं, वे यूनुस सरकार में शामिल होने के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बांग्लादेश के नवनिर्वाचित पीएम रहमान ने रविवार देर शाम जमात के अमीर (प्रमुख) शफीकुर रहमान के साथ मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार रहमान ने संसद के सुचारु संचालन के लिए जमात के साथ समझौते पर सहमति भी बनाई है। बता दें कि जमात ने 32 सीटों में धांधली का आरोप लगाया है। दूसरी ओर सूत्रों के अनुसार ढाका में चीन और पाकिस्तान के दूतावासों में बैठकों के दौर तेज हो गए हैं।

पाकिस्तान से लगभग 6 वरिष्ठ आर्मी अफसर पिछले एक पखवाड़े से दूतावास में डेरा जमाए हुए हैं। जमात की हार के बाद पाकिस्तान रहमान सरकार के साथ संबंधों के लिए ग्राउंड वर्क में जुटा है। पूर्व में पाक कट्टरपंथी जमात का समर्थक रहा है। वहीं चुनाव में भारी बहुमत हासिल करने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) नई सरकार बनाने की तैयारी में है। सरकार ने निर्वाचित सांसदों की आधिकारिक गजट अधिसूचना जारी कर दी है। पार्टी से 2 हिंदू सांसद भी चुने गए हैं। इनमें से ढाका-3 सीट से जीत दर्ज करने वाले गोयेश्वर चंद्र राय को नई कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। राय बीएनपी के प्रभावशाली नेता माने जाते हैं। वह खालिदा जिया की बीएनपी सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) राज्य मंत्री थे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक, तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद समेत रक्षा मंत्रालय और दूसरे पांच मंत्रालय अपने पास रख सकते हैं। संविधान के अनुच्छेद 148 के मुताबिक, आधिकारिक नतीजे आने के तीन दिन के भीतर निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ लेनी होती है। 13वें संसदीय चुनाव के निर्वाचित सदस्य मंगलवार को शपथ लेंगे, जबकि कैबिनेट भी उसी दिन बाद में शपथ लेगी। यह जानकारी चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने शनिवार को प्रेस ब्रीफिंग में दी। गोयेश्वर चंद्र राय को तारीक रहमान की कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है। गोयेश्वर चंद्र राय बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। उनका जन्म 1 नवंबर 1951 को ढाका जिले के केरानीगंज में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था।

वे 1978 से ही बीएनपी से जुड़े हुए हैं और वर्तमान में पार्टी की स्थायी समिति के सदस्य हैं, जो बीएनपी का सर्वोच्च नीति-निर्माण निकाय है। 1990 के दशक में खालिदा जिया की सरकार में उन्होंने राज्य मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहां वे पर्यावरण, वन, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्रालयों के प्रभार में रहे। हाल ही में 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने ढाका-3 निर्वाचन क्षेत्र से बीएनपी के टिकट पर भारी बहुमत से जीत हासिल की, जहां उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के उम्मीदवार मोहम्मद शाहिनुर इस्लाम को लगभग 17,000 वोटों से हराया। वे खुद को धरती का बेटा बताते हैं और जोर देते हैं कि बांग्लादेश में हिंदू या अन्य अल्पसंख्यक अलग नहीं हैं, बल्कि सभी नागरिक समान अधिकारों वाले हैं। जिया परिवार से उनके गहरे संबंध हैं और नई सरकार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की संभावना है।

### बांग्लादेश में 4 अल्पसंख्यक सांसद चुने गए, इनमें 2 हिंदू

**ढाका।** बांग्लादेश के आम चुनाव में 4 अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवार सांसद चुने गए हैं। इनमें दो हिंदू, जबकि दो अन्य बौद्ध समुदाय से हैं। हिंदू नेता में गोयेश्वर चंद्र राय और उनके समधी निताई राय चौधरी बीएनपी की टिकट से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे। निताई राय चौधरी बीएनपी के प्रमुख उपाध्यक्षों में शामिल हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं। दोनों ने जमात-ए-इस्लामी के प्रत्याशियों को हराया। तीसरे अल्पसंख्यक सांसद साचिंग प्रू हैं, जो बंदरबन के पहाड़ी जिले से चुने गए। वे मरमा जातीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं और बीएनपी के वरिष्ठ नेता हैं। चौथे विजेता दिपेन दीवान रंगामाटी सीट से जीते। वे चकमा समुदाय से आते हैं, जो बौद्ध बहुल जनजातीय समूह है। निताई राय चौधरी 30878 वोटों से चुनाव जीतें। बीएनपी के कई नीति-निर्माताओं ने संकेत दिया है कि कैबिनेट बहुत बड़ा नहीं होगा। इसमें 30 से 40 सदस्य शामिल हो सकते हैं। इसमें 2001 की बीएनपी सरकार के पूर्व मंत्री, स्टैंडिंग कमेटी सदस्य और नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। तारिक रहमान ने कैबिनेट गठन को लेकर वरिष्ठ नेताओं से परामर्श शुरू कर दिया है। हालांकि, किसे कौन सा मंत्रालय मिलेगा, यह शपथ ग्रहण के बाद ही साफ होगा। बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि देश को कैबिनेट का अंतिम स्वरूप देखने के लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। पार्टी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को अगला राष्ट्रपति बनाया जा सकता है। हालांकि, नियुक्ति प्रक्रिया में समय लग सकता है।

## गाजा में पुनर्निर्माण को पांच अरब डॉलर देगा 'शांति बोर्ड': ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा शांति योजना में अंतर्राष्ट्रीय योगदान की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि शांति बोर्ड के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मानवीय एवं पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। ट्रम्प ने कहा कि इस पहल को 19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा।

यहां 'शांति बोर्ड' के सदस्य बैठक करेंगे। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि शांति बोर्ड में असीम संभावनाएं हैं। वाशिंगटन डीसी के डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान में 19 फरवरी 2026 को शांति बोर्ड के सदस्य मेरे साथ होंगे जहां हम घोषणा करेंगे कि सदस्य देशों ने गाजा के मानवीय और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए पांच अरब डॉलर से ज्यादा देने का वादा किया है। साथ ही गाजा के लोगों के लिए सुरक्षा और शांति बरकरार रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्थाईकरण बल एवं स्थानीय पुलिस बल में हजारों कर्मी उतारने का भी वादा किया है। ट्रम्प ने अपने बयान में दावा किया कि उन्होंने अक्टूबर 2025 में गाजा संघर्ष को पूरी तरह खत्म करने की एक योजना बनाई थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एकमत से स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि उनकी पहल ने मानवीय राहत को 'रिकॉर्ड रफ्तार से' जरूरतमंदों तक पहुंचाया।

**19 फरवरी 2026 को वाशिंगटन डीसी में 'डोनाल्ड जे ट्रम्प शांति संस्थान' में अंतिम रूप दिया जाएगा**

## बिल गेट्स फाउंडेशन पर घटिया टीकों को बढ़ावा देने का आरोप

**मॉस्को।** रूसी डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट फंड (आरडीआईएफ) के प्रमुख किरिल दिमित्रिएव ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी अरबपति बिल गेट्स के फाउंडेशन ने निम्नस्तरीय टीकों को बढ़ावा दिया और बेहतर टीकों के इस्तेमाल में बाधा डाली थी। दिमित्रिएव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह टिप्पणी करते हुए दावा किया कि गेट्स फाउंडेशन ने फंडिंग, अनुमोदन, सरकारी समर्थन और मीडिया प्रभाव के जरिए वैश्विक स्तर पर टीकों पर व्यापक नियंत्रण स्थापित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को 'भ्रमित' किया गया और बेहतर टीकों को अपनाने से रोका गया। उन्होंने फाइनेंसियल टाइम्स की एक रिपोर्ट का हवाला दिया।

# 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया

## बीएलए 10 रिहा किए, 7 अभी भी कैद में, अदला-बदली के लिए 7 दिन की मोहलत

**इस्लामाबाद।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने रविवार को दावा किया कि उसने 17 पाकिस्तानी सैनिकों को हिरासत में लिया है। इनमें से 10 को छोड़ दिया गया है, जबकि बाकी 7 को कैद कर लिया है।

इनके बदले बलूच लड़ाकों की रिहाई के लिए पाकिस्तान सरकार को एक हफ्ते की मोहलत दी गई है। यह दावा बीएलए की मीडिया विंग 'हक्काल' के नाम से जारी एक कथित बयान में किया गया है। पाकिस्तान की सेना या सरकार की ओर से इस पर तुरंत कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बयान में इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का दूसरा चरण बताया है। बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे। बयान में कहा गया कि उन्हें चेतावनी देकर रिहा किया गया है। बीएलए ने कहा कि बाकी 7 बंदी पाकिस्तान सेना की नियमित यूनिटों के सदस्य हैं।



**बीएलए के मुताबिक, जिन 10 लोगों को छोड़ा गया है वे बलूच हैं और स्थानीय पुलिस से जुड़े थे**

बयान के अनुसार, उन्हें एक कथित 'बलूच नेशनल कोर्ट' में पेश किया गया। यहां उन पर आम नागरिकों के खिलाफ कार्रवाई, जबरन गुमशुदगी में मदद और बलूच लोगों के खिलाफ नरसंहार में शामिल होने जैसे आरोप लगाए गए। बीएलए ने दावा किया कि सुनवाई के दौरान आरोपियों को जवाब देने का मौका दिया गया, सबूत पेश किए गए और बयान दर्ज किए गए। इसके बाद उन्हें दोषी ठहराया गया। बीएलए ने कहा कि दोषी ठहराए जाने के बावजूद इस्लामाबाद को 7 दिन का समय दिया जा रहा है, ताकि वह औपचारिक रूप से कैदी अदला-बदली की इच्छा जताए। बीएलए ने 25-26 अगस्त 2024 की रात ब बलूचिस्तान में बड़ा संगठित हमला किया। बीएलए ने इसे ऑपरेशन हेरोफ नाम दिया। ऑपरेशन हेरोफ के तहत बलूचिस्तान के 10 से ज्यादा जिलों में एक ही समय पर कार्रवाई की गई। बलूच भाषा में 'हेरोफ' का मतलब 'तूफान' होता है। बीएलए के निशाने पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल, पुलिस, पंजाब प्रांत के श्रमिक और पुल-हाईवे जैसे बुनियादी ढांचे थे। प्रमुख इलाके मुसाखेल, कलात, बेला, मस्तुंग, बोलान और तर्बत रहे। इस हमले में बीएलए के साथ उसका आत्मघाती दस्ता 'मजीद ब्रिगेड' भी शामिल था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस हमले में कम से कम 73 लोगों की मौत हुई। इनमें 31 सुरक्षाकर्मी, 33 नागरिक और 14 हमलावर थे। बीएलए का दावा है कि इस ऑपरेशन 800 लड़ाके शामिल थे और 100 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई।

# पाक के सिंध में सड़क दुर्घटना में छह की मौत



बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को एक कार और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई।

राहत एवं बचाव दल के अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा नौशहरो फिरोज जिले में हुआ जब प्रांत की राजधानी कराची जा रही एक तेज रफ्तार कार एक ट्रेलर से टकरा गई। अधिकारी ने कहा किब टक्कर बहुत जोरदार थी और कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। बचाव टीमों ने शवों को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी पीड़ितों की मौत की पुष्टि हो गई। पुलिस ने कहा कि वे हादसे के सही कारण की जांच कर रहे हैं।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस स्टेशन के बाहर धमाका, दो की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को हुए एक धमाके में एक बच्चे सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गए। एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमाका बन्नू जिले में मिरयान पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 10 बजे हुआ। रेस्क्यू 1122 के एक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बल और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। द डॉन की एक रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से कहा गया कि यह धमाका एक मोटरसाइकिल में लगे टाइम बम के फटने से हुआ। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंदी ने एक बयान में धमाके की निदा की, मौतों पर दुख जताया और मरने वालों और उनके परिवारों के लिए दुआ की।

उल्लेखनीय है कि यह हाल के दिनों में सिंध में हुई पहली सड़क दुर्घटना नहीं है। इसी प्रांत में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई थी और 10 अन्य घायल हुए थे। इसके अलावा शुक्रवार को सिंध में एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई थी।

